

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
phone: 0771-2543112

■ रायपुर,रविवार 28 जून 2026 ■ ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष-13 ■ वर्ष -42 ■ अंक-091 ■ पृष्ठ 8 ■ डाक संस्करण 29 जून 2026 ■ मूल्य-2.00 रुपये


### कातिल मंगेतर को लेकर लोहागढ़ किला पहुंची पुलिस

**पुणे,28 जून।** 25 वर्षीय रियल एस्टेट कारोबारी केतन अग्रवाल की हत्या के मामले में पुणे रूरल पुलिस ने रविवार को मर्डर सीन रीक्रिएट किया। इसके लिए पुलिस सिया गोयल और उसके कथित लवर चेतन चौधरी को लोहागढ़ किले की उसी पहाड़ी पर ले गई, जहां से उन्होंने केतन को धकेलकर मौत के घाट उतारा था। घटना के करीब 10 दिन बाद पुलिस दोनों आरोपियों को ठीक उसी जगह पर लेकर गई, ताकि 18 जून को हुए इस खौफनाक मर्डर के पूरे घटनाक्रम की कड़ियों को एक साथ जोड़ा जा सके।

पुणे रूरल पुलिस के सुपरिटेंडेंट संदीप सिंह गिल ने बताया कि आरोपियों को लोहागढ़ किले के उसी सटीक पॉइंट पर ले जाया गया था जहां से केतन को नीचे गिराया गया था। पुलिस वहां पूरा सीन रीक्रिएट कर रही है कि उन्होंने कौन सा रास्ता लिया, दोनों आरोपी कहां पर खड़े थे, उन्होंने केतन को कैसे घेरा और पूरी वारदात को किस तरह अंजाम दिया। आरोपियों ने पुलिस के सामने इस घटना से जुड़े कई अहम खुलासे भी किए हैं। एक सीनियर पुलिस अधिकारी ने बताया कि मुख्य आरोपी सिया गोयल को सबसे पहले उस सटीक लोकेशन पर ले जाया गया जहां से उसने और चेतन ने मिलकर केतन को नीचे धकेला था। जांच को बिना किसी कन्सफ्यूजन के पूरा करने के लिए पुलिस चेतन चौधरी को अलग से किले पर लेकर जाएगी। इस रीक्रिएशन से पुलिस को यह जानने में मदद मिलेगी कि आरोपियों ने पूछताछ के दौरान जो दावे किए हैं, वे कितने सच हैं और घटना के वक्त उनकी असल पोजीशन क्या थी। इस पूरी 'क्राइम सीन रीक्रिएशन' की बकायदा वीडियो रिकॉर्डिंग की जा रही है ताकि इसे कोर्ट में पुख्ता सबूत के तौर पर पेश किया जा सके।

### अमृतसर में बनेगा मां सीता और लव-कुश का भव्य मंदिर

**अमृतसर,28 जून।** आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने पंजाब विधानसभा चुनाव से पहले बड़ा ऐलान कर दिया है। उन्होंने अमृतसर में मां सीता और लव-कुश का भव्य मंदिर बनाने का ऐलान किया है। उन्होंने कहा है कि अमृतसर की पावन नगरी में भगवान वाल्मीकि मंदिर के पास लव-कुश और माता जानकी के भव्य एवं दिव्य मंदिर का निर्माण किया जाए। अरविंद केजरीवाल ने ये ऐलान ऐसे समय में किया है जब हाल ही में वह अयोध्या में राम लला मंदिर के दर्शन कर लौटे हैं। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान के साथ संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस में अरविंद केजरीवाल ने कहा, अमृतसर में लव, कुश और माता जानकी के नाम से एक मंदिर बनाने का फ़ैसला किया गया है।

# सोना न खरीदने पर देशवासियों का जताया आभार

**नई दिल्ली,28 जून।** पीएम मोदी ने रविवार (28 जून) को देश के लोगों से मन की बात की। इस दौरान उन्होंने देश के लोगों से सोना न खरीदने को लेकर शुक्रिया कहा। पीएम ने देशवासियों से सोना न खरीदने की अपील की थी और देश के लोगों ने उनकी बात सुनी। इसके लिए उन्होंने सभी को धन्यवाद कहा। मन की बात के 135वें एपिसोड में उन्होंने अंधविश्वास से दूर रहने की सलाह दी। उन्होंने नॉर्थ ईस्ट के राज्यों में पाए जाने वाले एक पक्षी के बारे में भी बताया, जिसे पहले अशुभ माना जाता था, लेकिन वहां की महिलाएं इस पक्षी को बचाने की पहल में जुटी हुई हैं। पीएम ने कहा कि नालंदा विश्वविद्यालय ने शास्त्रार्थ की परंपरा को जीवित किया है। नालंदा विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में शास्त्रार्थ की परंपरा शुरू की गई है।

### मोदी ने दिया स्वदेशी और जल संरक्षण पर जोर

प्रधानमंत्री ने कहा, "साल 2026 का आधा हिस्सा खत्म होने वाला है। इन छह महीनों में, हमने मन की बात में अपने देशवासियों की कई कामयाबियों पर बात की है। जून में भी, देश ने कुछ ऐसी कामयाबियां हासिल की हैं जिनसे हर नागरिक को गर्व है। ये कामयाबियां देश की सुरक्षा और आत्मनिर्भरता से जुड़ी हैं।" उन्होंने डिफेंस सेक्टर में देश की आत्मनिर्भरता का जिक्र किया और बताया कि हाल ही में आईएनएस दुनागिरी, आईएनएस संशोधक और संशोधक अग्रे की डिजाइन से लेकर मैन्युफैक्चरिंग तक सब कुछ स्वदेशी है। उन्होंने



जून में डिफेंस रिसर्च एंड डेवलपमेंट ऑर्गनाइजेशन द्वारा स्वदेशी लॉन्ग-रेंज लैंड-अटैक क्रूज मिसाइल के सफल टेस्ट को भारत के डिफेंस सेक्टर के लिए एक और अहम मील का पत्थर बताया। उन्होंने आगे कहा कि देश ने मेड-इन-इंडिया C-295 ट्रांसपोर्ट एयरक्राफ्ट की पहली उड़ान के साथ एविएशन सेक्टर में एक बड़ी सफलता हासिल की है। भारत में ऐसे 40 एयरक्राफ्ट बनाए जा रहे हैं।

पीएम ने मेघालय के रूट ब्रिज की भी जमकर तारीफ की। उन्होंने बताया कि रबर के पेड़ों से ब्रिज बनने में कई दशक लगते हैं। रबर की जड़ों को धीरे-धीरे एक दिशा में ले जाया जाता है। इसके बाद एक पुल बनता है। इसकी खासियत यह है कि समय के साथ यह ब्रिज लगातार मजबूत होता जाता है। मेघालय में स्थानीय लोग 120 से ज्यादा रूट ब्रिज की देखरेख कर रहे हैं। इन ब्रिज में यहां के लोगों की सृजनशीलता दिखाई देती है।

मध्य प्रदेश के राजगढ़ जिले में ब्यावरा गांव की महिलाओं ने कचरे को निपटाने का अनोखा तरीका अपनाया है। इन महिलाओं ने आसपास के इलाकों से प्लास्टिक का कचरा उठाया और इससे पेड़ बनाने शुरू किए, जिससे आसपास की जगहों को सजाया जाता है। इससे सैकड़ों किलो प्लास्टिक को दोबारा इस्तेमाल किया जा चुका है और कचरा कम किया गया। पीएम ने गणेश चतुर्थी से पहले लोगों से मिट्टी की मूर्तियां बनाने की अपील की। उन्होंने प्लास्टर ऑफ पेरिस और विदेश में बनी मूर्तियां न खरीदने को कहा।

### बारिश का पानी बचाने का आग्रह किया

एपिसोड के अंत में उन्होंने देश के लोगों से पानी बचाने की अपील की। पीएम ने कहा कि बारिश की हर बूंद बचानी चाहिए और इसे सोकपिट या अन्य तरीकों से जमीने के नीचे पहुंचाना चाहिए ताकि पानी की कमी न हो। इससे भूजल स्तर बढ़ाने में भी मदद मिलेगी।

## राम मंदिर चंदा चोरी मामले के आरोपियों के घर रेड

**अयोध्या,28 जून।** राम मंदिर चंदा चोरी मामले में पुलिस सभी 8 आरोपियों के घर छापेमारी की है. टिन्नू यादव, अनुकल्प, लवकुश के घर पर छापा मारा गया है. अन्य आरोपियों के घर भी पुलिस की टीम पहुंची है. एक साथ सभी के घर पुलिस ने ये रेड मारी है. आठ आरोपियों में से अविनाश शुक्ला के घर को टीम ने सील कर दिया है. इसी क्रम में कौशलपुरी फेस-एक में आरोपी अविनाश शुक्ला के किराये के मकान पर भी पुलिस ने छापेमारी की. जांच के दौरान मकान के प्रवेश मार्ग पर ताला लगाकर क्षेत्र को पुलिस निगरानी में ले लिया गया.बता दें कि राम मंदिर चढ़ावा गबन मामले में गुरुवार को FIR दर्ज हो चुकी है. श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के सदस्य कृष्ण मोहन की शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज किया है. नामजद आरोपियों में अविनाश शुक्ला, अनुकल्प मिश्रा, लवकुश मिश्रा, मनीष कुमार यादव, करुणेश पाण्डेय, रमाशंकर मिश्रा, सुभाष श्रीवास्तव और श्री राम शंकर यादव उर्फ टिन्नू के नाम शामिल हैं. पुलिस सभी को गिरफ्तार कर पूछताछ कर रही है. जिसमें कई बड़े खुलासे हुए हैं.

### अविनाश शुक्ला का घर सील, अब तक 79 लाख बरामद

गुरुवार रात भर सभी से पूछताछ चलती रही. सूत्रों के मुताबिक क़रीब 60 लाख रुपये अब तक बरामद कर लिए गए हैं. टिन्नू और सुभाष ने इस चढ़ावा चोरी प्रक्रिया के बारे में कई महत्वपूर्ण बातें पुलिस को बताई है. इसमें से कई बैंक अफसरों के लिए नाम भी लिए गए हैं. पुलिस को दी गई जानकारी के मुताबिक रकम पार करने के बाद अनुकल्प और अन्य आरोपी नोटों की गड्डियों को बाथरूम छिपा देते थे. बाद में मौका पाकर इसे मंदिर के बाहर ले जाते थे. फिर एक मकान में बंटवारा होता था. यह खेल दो से तीन साल से चल रहा था.

## लोकतंत्र सेनानियों का सम्मान

**रायपुर,28 जून।** छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर के दीनदयाल ऑडिटोरियम में आपातकाल स्मृति दिवस के अवसर पर विशेष सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन लोकतंत्र सेनानी संघ के बैनर तले किया गया, जिसमें आपातकाल के दौर में लोकतंत्र की रक्षा के लिए संघर्ष करने वाले लोकतंत्र सेनानियों और स्वतंत्रता सेनानियों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय मुख्य अतिथि के रूप में कार्यक्रम में शामिल हुए। वहीं राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के वरिष्ठ प्रचारक इंद्रेश कुमार, विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह तथा लोकतंत्र सेनानी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सच्चिदानंद उपासने भी मंच पर मौजूद रहे। कार्यक्रम में आपातकाल को "संविधान हत्या दिवस" के रूप में याद करते हुए लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा और संविधान के महत्व पर वक्ताओं ने अपने विचार व्यक्त किए। इस दौरान बड़ी संख्या में स्वतंत्रता सेनानियों के परिजन, लोकतंत्र सेनानी और विभिन्न सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। वक्ताओं ने आपातकाल के दौरान लोकतंत्र की रक्षा के लिए संघर्ष करने वाले लोगों के योगदान को याद करते हुए कहा कि आने वाली पीढ़ियों को देश के लोकतांत्रिक इतिहास और उस दौर की चुनौतियों से अवगत कराना आवश्यक है। कार्यक्रम के दौरान लोकतंत्र सेनानियों एवं स्वतंत्रता सेनानियों के परिजनों का सम्मान किया गया। आयोजन में बड़ी संख्या में लोगों की उपस्थिति रही।




## बिलासपुर में कोचिंग सेंटर और 2 लॉज सील

बिलासपुर। 28 जून। विद्यार्थियों एवं आम नागरिकों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए जिला प्रशासन की संयुक्त टीम ने शहर के विभिन्न कोचिंग संस्थानों, लाइब्रेरी एवं आवासीय संस्थानों का व्यापक सुरक्षा निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अग्नि सुरक्षा एवं भवन सुरक्षा संबंधी गंभीर कमियां पाए जाने पर 02 कोचिंग संस्थानों एवं 02 लॉज को तत्काल प्रभाव से सील कर दिया है। अन्य संस्थानों को आवश्यक सुधार के निर्देश जारी किए गए।

संयुक्त टीम ने मंगला चौक से उस्लापुर क्षेत्र तक स्थित दिल्ली आईएएस कोचिंग, शारदा लाइब्रेरी, ऑफिसर्स लाइब्रेरी, बिलासा लाइब्रेरी, शिवाय लाइब्रेरी, उड़ान आईएएस, 24×7 लाइब्रेरी एवं भारतीय कृषि कोचिंग इंस्टीट्यूट का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान शिवाय लाइब्रेरी एवं भारतीय कृषि कोचिंग इंस्टीट्यूट में फायर सेफ्टी उपकरणों का अभाव, अध्ययन कक्षों की क्षमता से अधिक विद्यार्थियों की उपस्थिति, पर्याप्त स्थान का अभाव तथा सुरक्षित एवं पृथक निकासी मार्ग उपलब्ध नहीं होने जैसी गंभीर कमियां पाई गईं। विद्यार्थियों की सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए इन दोनों संस्थानों को सभी कमियां दूर किए जाने तक सील करने की कार्रवाई की गई। बिलासा लाइब्रेरी एवं शारदा लाइब्रेरी को नोटिस जारी करते हुए संस्थानों में पाई गई कमियों को दूर करने तक संचालन बंद रखने के निर्देश दिए गए हैं। वहीं अन्य कोचिंग संस्थानों को प्रवेश एवं निकासी संकेतक लगाने, पृथक आपातकालीन निकासी द्वार की व्यवस्था सुनिश्चित करने तथा कोचिंग संचालन एवं भवन संबंधी आवश्यक दस्तावेज नगर निगम में जमा कराने के निर्देश दिए गए।कोचिंग संस्थानों के निरीक्षण के बाद संयुक्त टीम ने पुराने बस स्टैंड के समीप स्थित नवनिर्मित रॉयल राम लॉज एवं अशोका इन का भी निरीक्षण किया। दोनों लॉज बिना आवश्यक फायर सेफ्टी व्यवस्था के संचालित पाए गए। अग्नि सुरक्षा मानकों का पालन सुनिश्चित होने तक दोनों लॉज को भी सील कर दिया गया। जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि विद्यार्थियों एवं आम नागरिकों की सुरक्षा से किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा। सभी शैक्षणिक एवं आवासीय संस्थानों को निर्धारित सुरक्षा मानकों का अनिवार्य रूप से पालन करना होगा। भविष्य में भी ऐसे निरीक्षण लगातार जारी रहेंगे तथा नियमों की अनदेखी करने वाले संस्थानों के विरुद्ध नियमानुसार कड़ी कार्रवाई की जाएगी। निरीक्षण के दौरान अनुविभागीय अधिकारी मनीष साहू, नगर निगम के अपर आयुक्त खजांची कुम्हार, इंस्पेक्टर वेद प्रकाश सेन, नगर सेनानी कार्यालय से रवि शर्मा सहित नगर निगम एवं पुलिस विभाग के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

## यूएस-ईरान के बीच ताबड़तोड़ मिसाइल हमले

**वाशिंगटन,28 जून।** शांति समझौते के कुछ ही समय बाद अमेरिका और ईरान के बीच का तनाव एक बार फिर चरम पर पहुंच गया है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान को बेहद सख्त शब्दों में खुली धमकी दी है। ट्रंप ने साफ कहा कि अगर ईरान अपनी हरकतों से बाज नहीं आया, तो उसे दुनिया के नक्शे से ही मिटा दिया जाएगा। यह धमकी तब आई है जब दोनों देशों ने एक-दूसरे के ठिकानों पर ताबड़तोड़ हवाई हमले किए हैं, जिससे इस पूरे इलाके में फिर से भयानक युद्ध छिड़ने का डर पैदा हो गया है।

डोनाल्ड ट्रंप ने रविवार सुबह अपने सोशल मीडिया हैंडल पर एक पोस्ट लिखकर पूरी दुनिया को चौंका दिया। उन्होंने बताया कि अमेरिकी सेना ने ईरान पर फिर से बड़े हमले किए हैं। ट्रंप ने चेतावनी देते हुए लिखा कि अगर ईरान अब भी सबक नहीं सीखता है, तो हमें मजबूरन मिलिट्री पावर का पूरा इस्तेमाल करना पड़ेगा। उन्होंने सीधे तौर पर कहा कि अगर ऐसा हुआ, तो ईरान का अस्तित्व ही खत्म हो जाएगा। ट्रंप के मुताबिक, ईरान ने सीजफायर का सम्मान नहीं किया, इसलिए अमेरिकी विमानों ने उनके मिसाइल-ड्रोन डिपो और तटीय रडार साइटों को तबाह कर दिया।दूसरी तरफ, ईरान ने भी अमेरिका पर वादाखिलाफी का बड़ा आरोप लगाया है। ईरान का कहना है कि अमेरिकी एयरफोर्स ने उनके दक्षिणी तट पर मौजूद सर्विलांस ठिकानों को निशाना बनाया है। ईरान के मुताबिक, ये हमले उस अंतरिम समझौते का सरेआम उल्लंघन हैं, जो दोनों देशों के बीच पिछले चार महीने से चल रही जंग को रोकने के लिए किया गया था। ईरान ने तंज कसते हुए कहा कि पीठ पीछे वार करना और अपने वादों को तोड़ना अमेरिका की पुरानी आदत है।अमेरिकी सेंट्रल कमांड ने इस पूरे एक्शन पर अपनी सफाई दी है। सेंटकॉम का कहना है कि उन्होंने तेहरान को शांति समझौते को मानने का पूरा मौका दिया था.

## दीवार ढहने से दो बच्चों की मौत एक महिला की हालत गंभीर

**बेमेतरा,28 जून।** जिले के नवागढ़ के ग्राम राउरपुर से एक बेहद दर्दनाक और दिल दहला देने वाली खबर सामने आई है। यहां अपने घर के आंगन में खेल रहे मासूम बच्चे एक बड़े हादसे का शिकार हो गए। खेल-कूद के दौरान अचानक एक लंबी दीवार भरभराकर गिर गई, जिसकी चपेट में आने से दो मासूम बच्चे और एक महिला मलबे में दब गए। हादसे में दोनो मासूम बच्चों की मौत हो गई है वहीं घायल महिला को रायपुर रेफर किया गया है.प्राप्त जानकारी के अनुसार, रोजाना की तरह बच्चे अपने घर के आंगन में खेल रहे थे। उनके पास ही परिवार की एक महिला भी मौजूद थी। तभी अचानक बिना किसी संभलने के मौके के, एक जर्जर और लंबी दीवार ताश के पत्तों की तरह ढह गई। दीवार का भारी-भरकम मलबा सीधे बच्चों और महिला पर जा गिरा। हादसा इतना भयानक था कि दीवार गिरते ही घर और आसपास के इलाके में चीख-पुकार मच गई। आवाज सुनकर पड़ोस के लोग बदहवास हालत में घटनास्थल की ओर दौड़े। ग्रामीणों ने बिना वक्त गंवाए अपनी तरफ से मलबे को हटाकर दबे हुए बच्चों और महिला को बाहर निकालने का प्रयास शुरू किया।

### एक्स गर्लफ्रेंड के साथ मरने चला था

## कार में बम लगाकर खुद को उड़ाया; बच निकली प्रेमिका

**बेंगलुरु,28 जून।** कर्नाटक के तुमकुरू जिले से एक दिल दहला देने वाला मामला सामने आया है। यहां पर एक व्यक्ति ने अपनी पूर्व प्रेमिका के साथ मरने के लिए कार को बम से उड़ा लिया। इस घटना में प्रेमी की तो मौत हो गई, लेकिन प्रेमिका समय रहते कैब से बाहर कूद गई, जिससे उसकी जान बच गई। इस पूरे घटनाक्रम में कैब ड्राइवर भी गंभीर रूप से झुलस गया है। प्रेमिका और कैब ड्राइवर दोनों को हॉस्पिटल में भर्ती करवाया गया है।

पुलिस के मुताबिक, यह पूरी घटना शनिवार को सिरा तालुक जोगिहल्ली के पास नेशनल हाईवे-48 पर हुई है। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक यहां हाईवे पर तेज रफ्तार से जा रही कार पहले एक दम से रुक गई और फिर उसमें से एक लड़की बाहर कूद गई। वह घबराई हुई थी। कोई कुछ समझ पाता उससे पहले ही कार में जोरदार धमाका हो गया। इससे कार में आग लग गई। तभी उसमें से ड्राइवर बाहर निकल आया लेकिन एक व्यक्ति पीछे ही फंसा रहा, जिससे उसकी जलकर मौत हो गई। मृतक की पहचान 30 वर्षीय नागेंद्र के रूप में हुई है।

स्थानीय पुलिस ने बताया कि अभी इस मामले की शुरुआती जांच में सामने आया है कि नागेंद्रन और महिला रिलेशन में थे। महिला एक ऑपरेशन टेक्नीशियन है। दोनों के बीच में पिछले कुछ समय से रिश्ते खराब चल रहे थे। हाल ही में उसने नागेंद्र से परेशान होकर उसे ब्लॉक कर दिया था। शनिवार सुबह ब्लॉक होने के गुस्से में नागेंद्रन महिला के घर पहुंचा और उसका अपहरण करके अपने साथ कैब में ले गया। जब महिला घर पर नहीं मिली, तो उसके माता-पिता ने पुलिस को इस बारे में सूचना दी।

## कोविड-19 से प्रभावित टेट को आधार बनाकर नहीं रोकी जा सकती नियुक्ति: हाईकोर्ट

**बिलासपुर,28 जून।** हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति एन के चन्द्रवंशी की एकलपीठ ने कहा है, कि कोरोना महामारी के कारण शिक्षक पात्रता परीक्षा (टेट) समय पर आयोजित नहीं होने का नुकसान अनुकंपा नियुक्ति के आवेदक को नहीं भुगतना पड़ेगा. कोर्ट ने अनुकंपा नियुक्ति प्रकरण पर विधि अनुसार पुनर्विचार कर 45 दिनों के भीतर निर्णय लेने कहा है. दरअसल, धमतरी निवासी वासुदेव साहू के पिता, जो सहायक शिक्षक थे, का वर्ष 2017 में सेवा के दौरान निधन हो गया था. इसके बाद वासुदेव ने अनुकंपा नियुक्ति के लिए आवेदन किया. आवश्यक शैक्षणिक योग्यता प्राप्त करने के लिए उन्हें तीन वर्ष का समय दिया गया था. उन्होंने डी.एल.एड. की परीक्षा समय पर उत्तीर्ण कर ली, लेकिन मार्च 2020 में होने वाली टेट परीक्षा कोविड-19 के कारण निरस्त हो गई. बाद में जनवरी 2022 में आयोजित परीक्षा में उन्होंने सफलता प्राप्त की. इसके बावजूद पंचायत विभाग ने निर्धारित समय में योग्यता प्राप्त न करने का हवाला देकर उनकी अनुकंपा नियुक्ति का दावा अस्वीकार कर दिया. जिसे उन्होंने हाईकोर्ट में चुनौती दी.

## भारतमाला सड़क पर अज्ञात वाहन ने तीन को कुचला, तीनों की मौत

**जांजगीर,28 जून।** जिले के बलौदा थाना क्षेत्र अंतर्गत आने वाले डोंगरी-कोरबी मार्ग पर आज रविवार की सुबह एक बेहद हृदयविदारक और दर्दनाक सड़क हादसा सामने आया है। यह घटना भारतमाला परियोजना की सड़क पर हर दिन की तरह सुबह की ताजी हवा में सैर करने निकले तीन स्थानीय ग्रामीणों को एक अज्ञात वाहन ने बेरहमी से कुचल दिया। टक्कर इतनी भयानक थी कि वाहन की चपेट में आए तीनों नागरिकों की मौके पर ही तड़प-तड़प कर दर्दनाक मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही बलौदा पुलिस की टीम तत्काल मौके पर पहुंची और शवों को पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम के लिए शासकीय अस्पताल भेज दिया है।मिली जानकारी के अनुसार, बलौदा थाना क्षेत्र के अंतर्गत डोंगरी-कोरबी मार्ग पर सुबह-सुबह यह हादसा तब हुआ जब दृश्यता थोड़ी कम थी और अज्ञात वाहन का चालक लापरवाही पूर्वक गाड़ी दौड़ा रहा था। बलौदा थाना प्रभारी मनोहर सिन्हा ने बताया कि मृतकों की शिनाख्त कर ली गई है और उनके शोकाकुल परिजनों को हादसे की आधिकारिक सूचना दे दी गई है। पुलिस ने अज्ञात फरार वाहन और उसके चालक के खिलाफ गंभीर धाराओं के तहत अपराध दर्ज कर लिया है। गौरतलब है कि भारतमाला सड़क अब इस इलाके के लिए 'खूनी सड़क' साबित हो रही है, जहाँ सुरक्षा मानकों की घोर अनदेखी के कारण लगातार जानलेवा हादसे हो रहे हैं। इसी जून महीने में बीते 15 जून की रात को भी बिलासपुर-उरगा मार्ग पर मुड़ाभाठा के पास फ्लाई ऐश से भरी पिकअप और ट्रेलर की आमने-सामने की भिड़ंत में रामपुर विधायक के नाती समेत दो युवकों की असमय मौत हो गई

### अमेज़न का भारत में 48 अरब डॉलर का मेगा निवेश

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री का यह पोस्ट अमेज़न के सीईओ एंडी जैसी के उस पोस्ट के जवाब में था, जिसमें उन्होंने कन्फर्म किया था कि अमेज़न अगले पांच सालों में भारत में 48 अरब USD का निवेश करेगा। अमेज़न के रिकॉर्ड 48 अरब डॉलर के निवेश का स्वागत करते हुए, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि इससे पता चलता है कि दुनिया भर में भारत में निवेश करने में दिलचस्पी बढ़ रही है। यह बयान नई दिल्ली में प्रधानमंत्री मोदी और अमेज़न के सीईओ एंडी जैसी के बीच हुई एक हाई-लेवल मीटिंग के बाद आया, जिसमें इस बड़ी टेक्नोलॉजी कंपनी ने घोषणा की.

## महासमुंद में शराब कंपनी के खिलाफ मजदूरों का हल्ला बोल

महासमुंद ,28 जून। महासमुंद ब्लॉक के ग्राम पंचायत अछोली और बेलटुकरी सीमा पर पीकाडली शराब निर्माण कंपनी के मुख्य गेट के सामने सैकडो की संख्या में मजदूर अपनी विभिन्न मांगों को लेकर कंपनी के खिलाफ नारेबाजी करते हुए आंदोलन पर बैठ गए। आन्दोलनरत स्थानीय मजदूरों का आरोप है कि कंपनी में स्थानीय मजदूरो के साथ भेदभाव किया जा रहा है। उनका आरोप है कि छत्तीसगढ़ के स्थानीय युवाओं को रोजगार में प्राथमिकता नहीं दी जाती। वहीं, काम पर रखने के बाद भी उन्हें कम महत्व के और जोखिम भरे कार्य सौंपे जाते हैं। मजदूरों ने यह भी आरोप लगाया कि उनका वेतन समय पर नहीं दिया जाता, नौकरी से हटाने की धमकी दी जाती है तथा उनके साथ दुर्व्यवहार किया जाता है। मजदूरों ने मांग की है कि स्थानीय युवाओं को रोजगार में प्राथमिकता दी जाए, श्रम कानूनों का पूरी तरह पालन किया जाए तथा उनकी समस्याओं का शीघ्र समाधान किया जाए। आंदोनरत कर्मियो ने कंपनी प्रबंधन को चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगों पर सकारात्मक कार्रवाई नहीं हुई तो वे उग्र आंदोलन करने के लिए बाध्य होगे। देर शाम खबर लिखे जाने तक मजदूर कंपनी के मुख्य गेट के सामने आंदोलन पर डटे हुए हैं। इधर, कम्पनी प्रबंधक श्री शुक्ला का कहना है कि कंपनी में सभी स्थानीय मजदूरों से ही कार्य लिया जा रहा है। यहां पर कार्य के लिए कुछ मजदूर ठेकेदार हमारे मजदूरों को कार्य दिया जाए यह जिद कर रहे है। 300 सौ मजदूरों का कार्य नहीं है फिर कैसे इतने मजदूरों को कार्य पर रखा जा सकता है।



# बूथ कार्यकर्ता प्रशिक्षण व डिजिटल लर्निंग प्रोग्राम पर भाजपा की बैठक सम्पन्न



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 28 जून।** भारतीय जनता पार्टी जिला भिलाई की बैठक में बताया गया कि प्रत्येक विधानसभा में डीएलपी के संचालन हेतु तीन-तीन प्रभारियों की नियुक्ति की गई है, जो बूथ स्तर तक प्रशिक्षण कार्यक्रम को संचालित करेंगे। जिला अध्यक्ष पुरुषोत्तम देवांगन ने कहा कि संगठन की वास्तविक शक्ति उसके बूथ स्तर के कार्यकर्ताओं में निहित है। इसलिए प्रत्येक कार्यकर्ता को वैचारिक, संगठनात्मक एवं तकनीकी रूप से दक्ष बनाना समय की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि डिजिटल लर्निंग प्रोग्राम के माध्यम से कार्यकर्ताओं को संगठन की विचारधारा, कार्यपद्धति, बूथ प्रबंधन, जनसंपर्क, सोशल मीडिया के प्रभावी उपयोग तथा तकनीकी दक्षता का व्यवस्थित प्रशिक्षण दिया जाएगा। उन्होंने पदाधिकारियों को निर्देशित किया कि आगामी दस दिनों के भीतर प्रत्येक बूथ तक इस कार्यक्रम को पहुंचाकर अधिक से अधिक कार्यकर्ताओं का पंजीकरण सुनिश्चित करें, ताकि प्रशिक्षण अभियान पूर्ण हो सके। प्रदेश आईटी सेल से उपस्थित हर्षित चौकसे ने डिजिटल लर्निंग प्रोग्राम के उद्देश्य, कार्यप्रणाली एवं क्रियान्वयन की विस्तृत जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि इस प्लेटफॉर्म के माध्यम से कार्यकर्ता अपने मोबाइल पर कहीं भी और कभी भी प्रशिक्षण प्राप्त कर सकेंगे। वहीं पद्मनाभन ने कार्यक्रम से संबंधित तकनीकी जानकारी एवं आवश्यक प्रारूप उपलब्ध कराते हुए प्रशिक्षण प्रक्रिया को सरल एवं प्रभावी बनाने पर मार्गदर्शन दिया। कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री सुषमा जेठानी ने किया। बैठक में प्रमुख रूप से मनीष अग्रवाल, शैलेन्द्र सिंह, नटवर ताम्रकार, पूनम शुक्ला, चन्ना केशवलु, चंद्रकांता मांडले, हेमंत देवांगन, गोपाल कृष्ण वर्मा, विजय जायसवाल, बिजेन्द्र सिंह, पारस जांघेल, रवि कश्यप, मनोज तिवारी, मदन सेन, जाकिर हुसैन, विजय सिंह चौहान, सौरभ जायसवाल, डॉ. प्रदीप चौधरी, सुभाष शर्मा, मंजूषा साहू, भारती साहू, सत्यम व्यास, अनिल सोनी, तरुण सिंह, विजय भौंडेकर, धर्मेंद्र सिंह, ए. गौरी शंकर सहित जिला एवं मंडल के अनेक पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## समाचार संक्षेप

# कोलिहापुरी की महिलाओं ने प्लास्टिक कचरे को बनाया आय का स्रोत



**दुर्ग, 28 जून।** स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण और महिला सशक्तिकरण का अनूठा संगम दुर्ग जिले की ग्राम पंचायत कोलिहापुरी में देखने को मिला है। कलेक्टर श्री अभिजीत सिंह एवं जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री बजरंग कुमार दुबे के मार्गदर्शन में ग्राम पंचायत कोलिहापुरी ने ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के क्षेत्र में एक ऐसा मॉडल विकसित किया है, जो अब पूरे जिले के लिए प्रेरणास्रोत बन रहा है।

ग्राम पंचायत की महिला स्व-सहायता समूहों की दीदियों ने घर-घर से एकत्रित किए गए 2730 किलो प्लास्टिक कचरे का वैज्ञानिक तरीके से पृथक्करण कर उसे अधिकृत पुनर्चक्रण इकाई को विक्रय किया। इस पहल से समूह को कुल 46 हजार 410 रुपए की आय प्राप्त हुई। यह सफलता इस बात का प्रमाण है कि यदि कचरे का सही प्रबंधन किया जाए तो वह केवल अपशिष्ट नहीं, बल्कि आय का सशक्त माध्यम भी बन सकता है। कोलिहापुरी में अपनाई गई कार्यप्रणाली त्रिस्तरीय पंचायती राज व्यवस्था का उत्कृष्ट उदाहरण है। ग्राम स्तर पर महिला स्व-सहायता समूह की महिलाएं प्रतिदिन घर-घर जाकर गीला, सूखा एवं प्लास्टिक कचरे का पृथक संग्रहण करती हैं तथा ग्रामीणों को स्रोत पर ही कचरा अलग-अलग रखने के लिए जागरूक करती हैं। विकासखंड स्तर पर संग्रहित प्लास्टिक को विकासखंड दुर्ग स्थित एमआरएफ-पीडब्ल्यूएमयू सेंटर में पहुंचाया जाता है, जहां उसे गुणवत्ता एवं प्रकार के आधार पर पीईटी, एचडीपीई, एलडीपीई सहित विभिन्न श्रेणियों में अलग किया जाता है। इससे प्लास्टिक का बाजार मूल्य बढ़ जाता है। विक्रय स्तर पर पृथक किए गए प्लास्टिक को अधिकृत रिसायकल इकाइयों को बेचा जाता है और प्राप्त राशि सीधे महिला समूहों के खातों में जमा की जाती है, जिससे उनकी आय और आर्थिक आत्मनिर्भरता में वृद्धि हो रही है।

## एक नजर

### नगर निगम ने गठित किया बाढ़ नियंत्रण प्रकोष्ठ

**दुर्ग, 26 जून।** नगर पालिक निगम। मानसून सीजन 2026 के दौरान संभावित अतिवृष्टि एवं बाढ़ जैसी परिस्थितियों से प्रभावी ढंग से निपटने तथा नागरिकों को त्वरित राहत एवं सुरक्षा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से नगर पालिक निगम दुर्ग द्वारा बाढ़ नियंत्रण प्रकोष्ठ का गठन किया गया है। इस संबंध में निगम आयुक्त सुमित अग्रवाल के निर्देशानुसार कार्यालय भवन में कंट्रोल रूम स्थापित कर जून से 24 घंटे संचालन की व्यवस्था सुनिश्चित की गई है।बाढ़ नियंत्रण आदेश. बाढ़ नियंत्रण प्रकोष्ठ की संपूर्ण मॉनिटरिंग एवं कार्यों के समन्वय की जिम्मेदारी कार्यपालन अभियंता प्रकाशचंद्र थवानी को नोडल अधिकारी के रूप में सौंपी गई है। उनके सहयोग के लिए स्वास्थ्य, अभियंत्रिकी एवं कार्यशाला शाखा के अधिकारियों की टीम गठित की गई है। साथ ही कंट्रोल रूम के सुचारु संचालन के लिए सप्ताह के सातों दिन दिन एवं रात्रि पाली में अधिकारियों एवं कर्मचारियों की ड्यूटी निर्धारित कर दी गई है, ताकि किसी भी आपात स्थिति में तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके। नगर निगम ने नागरिकों को भरोसा दिलाया है कि मानसून अवधि के दौरान जलभराव, बाढ़ अथवा अन्य आपात परिस्थितियों से निपटने के लिए निगम का बाढ़ नियंत्रण प्रकोष्ठ पूरी तरह सतर्क एवं सक्रिय रहेगा तथा जनसुरक्षा एवं राहत कार्यों में किसी प्रकार की कमी नहीं आने दी जाएगी।

# दिनभर गर्मी और उमस, शाम को बारिश

## अभी तक खुलकर नहीं बरसा मानसून, जुलाई से उम्मीदें





■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 28 जून।** जून माह समाप्ति की ओर है, लेकिन अंचल में मानसून अब तक अपेक्षित रफ्तार नहीं पकड़ सका है। सामान्यतः 20 जून के बाद मानसून पूरी तरह सक्रिय हो जाता है, लेकिन इस वर्ष शुरुआती दस्तक के बावजूद वर्षा की गतिविधियां कमजोर हैं। हालांकि पिछले कुछ दिनों में रुक-रुककर हुई वर्षा से हालात में सुधार के संकेत मिले हैं।

मौसम विभाग के अनुसार, मध्य भारत के अन्य हिस्सों की तरह छत्तीसगढ़ में भी जून के दौरान सामान्य से कम वर्षा हुई है। इसका असर दुर्ग-भिलाई क्षेत्र में भी स्पष्ट दिखाई दिया, जहां किसानों के साथ आम नागरिकों को भी अच्छी बारिश का इंतजार करना पड़ा। देश के वरिष्ठ मौसम वैज्ञानिक एवं भारत सरकार के मौसम विभाग के पूर्व निदेशक मोहनलाल साहू ने तरुण छत्तीसगढ़ से बातचीत में बताया कि इस साल स्ट्रांग अल नीनो है। जिससे सिस्टम कम बनेगा। बकौल मोहनलाल साहू, अभी तक बंगाल की खड़ी में अच्छा सिस्टम न बनने से ही इस महीने में कमजोर मानसूनी बारिश हुई। अल नीनो ही है जो मानसून को प्रभावित करने वाला सबसे प्रमुख कारक है। वैसे जुलाई-अगस्त से बहुत उम्मीदें है। इन दोनों महीनों पर हमारी नजर है। साहू के अनुसार, यदि जुलाई में भी मानसून ने अपेक्षित गति नहीं पकड़ा, तो इसका व्यापक असर देकने को मिलेगा।

विशेषकर कृषि, जलाशयों के जलस्तर से लेकर बिजली उत्पादन पर पड़ सकता है। छत्तीसगढ़ के मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार बंगाल की खाड़ी से नमी मिलने और अनुकूल मौसमी परिस्थितियां बनने के कारण आने वाले दिनों में अधिकांश हिस्सों में मध्यम से भारी वर्षा होने की संभावना है। मौसम विभाग ने गरज-चमक के साथ बारिश और कहीं-कहीं तेज हवाएं चलने की चेतावनी भी जारी की है तथा लोगों से सतर्क रहने की भी अपील की है। फिलहाल किसानों, उद्योगों और आम लोगों की निगाहें जुलाई की बारिश पर टिकी हैं, क्योंकि यही तय करेगी कि मानसून इस सीजन में जून की कमी की कितनी भरपाई कर पाता है।

# छावनी चौक के सिग्नल पोल पर लटका डिस्प्ले बोर्ड, दुर्घटना की आशंका



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 28 जून।** शिवसेना (यूबीटी) के भिलाई जिला अध्यक्ष राजू गुप्ता ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर छावनी चौक स्थित यातायात सिग्नल पोल पर लगे एसीसी अडानी कंपनी के डिस्प्ले बोर्ड को लेकर गंभीर चिंता व्यक्त की है।

उन्होंने बताया कि डिस्प्ले बोर्ड को पकड़ने वाला क्लैंप टूट जाने के कारण बोर्ड का एक हिस्सा सड़क की ओर लटक गया है। सिग्नल लाल होने पर वाहन ठीक उसी स्थान पर रुकते हैं, जिससे किसी भी समय बड़ा हादसा हो सकता है। उनका कहना है कि तेज हवा के झोंके या किसी वाहन की टक्कर से यह भारी बोर्ड नीचे गिर सकता है, जिससे जनहानि की आशंका बनी हुई है। गुप्ता ने कहा कि इस मार्ग से प्रतिदिन स्कूली बच्चे, कामगार, मजदूर, ट्रांसपोर्टर, पैदल यात्री सहित बड़ी संख्या में लोग आवागमन करते हैं। छावनी चौक शहर के सबसे व्यस्त चौराहों में से एक है, जहां दिनभर भारी यातायात रहता है।

उन्होंने प्रशासन से तत्काल बोर्ड की जांच कर आवश्यक कार्रवाई करने तथा भीड़भाड़ वाले चौराहों और सड़क के मध्य ऐसे भारी डिस्प्ले बोर्ड लगाने की अनुमति नहीं देने की मांग की है। उन्होंने कहा कि नागरिकों का जीवन अनमोल है और उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करना प्रशासन की प्राथमिक जिम्मेदारी है।

### 84.15 लाख के विकास कार्यों का महापौर ने किया भूमिपूजन

**दुर्ग, 28 जून।** नगर पालिक निगम दुर्ग क्षेत्र में विकास कार्यों को गति देते हुए महापौर अलका बाघमार ने आज वार्ड क्रमांक .02 राजीव नगर में आर.सी.सी. नाली व पुलिया निर्माण कार्य एवं देवेंद्र कसेर से आजाद दुर्गा चौक तक आरसी सी नाली निर्माण कार्य के अलावा वार्ड क्र.21 आशा नगर बंद गली में सी.सी. रोड निर्माण,सड़क नंबर 14 आशा नगर व सिंधिया नगर में नाली,पुलिया एवं वार्ड क्रमांक 51 दुर्गा चौक प्रगति नगर में सड़क, नाली एवं पुलिया निर्माण कार्यों का विधिवत भूमिपूजन किया। इस दौरान लोक कर्म प्रभारी देवनारायण चन्द्राकर, एमआईसी सदस्य शिव नायक, पार्षद विद्यावती सिंह,पार्षद साजन जोसफ, गोविंद्र देवांगन,रंजीता पाटिल,सावित्री दमाहे,जिला भाजपा प्रवक्ता अरुण सिंह,मनमोहन शर्मा सहित बड़ी संख्या में वार्डवासी उपस्थित रहे। बता दे कि वार्ड क.02 राजीव नगर में आर.सी.सी. नाली व पुलिया निर्माण कार्य लागत 15,25 के अलावा देवेंद्र कसेर से आजाद दुर्गा चौक तक आरसीसी नाली निर्माण कार्य लागत 10 लाख और वार्ड क्रमांक 21 नाली/पुलिया 9.92 एवं आशा नगर बन्द गली में सीसी रोड निर्माण 9.92 से होगा निर्माण कार्य के अलावा वार्ड क्र.51 मधुबन नगर ठाकुर के घर से एक्का के घर तक गली नं. 01 से 03 तक सीमेंट सड़क निर्माण कार्य लागत राशि रु. 8.00 लाख, बोरसी उत्तर में पंचशील सेक्टर बी. के सड़क नं. 04 नरेन्द्र वर्मा के घर से कमलेश साहू के घर तक आर.सी.सी नाली व पुलिया निर्माण लागत राशि रु. 21.25 लाख एवं वार्ड क्र. 51 प्रदिप्ती नगर में 80 फिट रोड में रामटेके के घर तक रोड़ व नाली निर्माण कार्य लागत राशि रु.9.81 लाख का भूमि पूजन भूमिपूजन किया गया।

# प्रधान जिला और सत्र न्यायाधीश ने किया केन्द्रीय जेल दुर्ग का निरीक्षण

## बंदियों के अधिकारों, मूलभूत सुविधाओं एवं सुधारात्मक व्यवस्थाओं की हुई व्यापक समीक्षा



**दुर्ग, 28 जून।** मुख्यालय स्थित केन्द्रीय जेल दुर्ग का आज प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश के. विनोद कुजूर द्वारा निरीक्षण किया गया। निरीक्षण में उन्होंने महिला प्रकोष्ठ में निरूद्ध महिला बंदियों से उनकी प्रकरण की स्थिति, स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता, भोजन की गुणवत्ता, साफसफाई एवं स्वच्छता व्यवस्था के संबंध में जानकारी ली गई। तत्पश्चात उन्होंने जेल में सजायाफ्ता बंदियों के अपील संबंधी प्रकरणों को अद्यतन करने एवं बंदियों को प्रकरण की वर्तमान स्थिति से अवगत कराने के निर्देश जेल अधिकारियों को दिये। उन्होंने बंदियों से सीधे बातचीत कर उनकी समस्याओं को सुना और उनकी दैनिक दिनचर्या से संबंधित जानकारी प्राप्त की। नव आगंतुक बंदियों को उनके प्रकरण से संबंधित जानकारी प्राप्त करने के विषय में बताया गया तथा जो बंदी निजी अधिवक्ता नियुक्त नहीं कर सकते हैं, उन्हें जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा निःशुल्क विधिक सहायता सलाह प्रदान कर उनकी पैरवी हेतु निःशुल्क अधिवक्ता की नियुक्ति किए जाने की जानकारी दी गई। जेल प्रशासन को ऐसे बंदी जिन्हें परिहार का लाभ दिया जा सकता है, उनके आवेदन के लंबित रहने के कारणों सहित जानकारी प्राधिकरण को प्रेषित किए जाने हेतु निर्देशित किया गया।

उन्होंने मुख्य रूप से राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (NALSA) की SPRUHA (Supporting Potential and Resilience of the Unseen, Held-back and Affected) Scheme, 2025 के अंतर्गत जेल में निरुद्ध कैदियों से संवाद स्थापित कर उनके आश्रित परिवारजनों को होने वाली सामाजिक, आर्थिक एवं व्यवहारिक कठिनाइयों के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी प्राप्त की गई।

प्रधान जिला न्यायाधीश द्वारा कैदियों से यह जाना गया कि उनके कारावास की अवधि के दौरान उनके आश्रित जैसे पत्नी, बच्चे एवं वृद्ध माता-पिता को आजीविका, बच्चों की शिक्षा, स्वास्थ्य उपचार, भरण-पोषण एवं दैनिक आवश्यकताओं की पूर्ति में किन-किन समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है।

इस अवसर पर उनके द्वारा यह निर्देशित किया गया कि स्पृहा योजना के अंतर्गत ऐसे पात्र कैदियों एवं उनके आश्रित परिवारजनों की पहचान कर उन्हें जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के माध्यम से निःशुल्क विधिक सहायता प्रदान की जाए तथा उन्हें केंद्र एवं राज्य शासन की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं से जोड़ने हेतु आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित की जाए।

प्रधान जिला न्यायाधीश द्वारा यह भी निर्देश दिए गए कि पैरालीगल वालेंटियर्स के माध्यम से आश्रित परिवारों का फील्ड स्तर पर सत्यापन कर उनकी समस्याओं के निराकरण हेतु संबंधित विभागों से समन्वय स्थापित किया जाए, ताकि कैदियों के परिवारजनों को सामाजिक सुरक्षा एवं संरक्षण प्रदान किया जा सके।

### बीएसपी की नेहरू अवार्ड योजना के तहत वर्ष 2025 के पुरस्कार का वितरण

# बीएसपी में 119 अधिकारी-कर्मचारी नेहरू पुरस्कार से सम्मानित




■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 28 जून।** बीएसपी की नेहरू अवार्ड योजना के तहत वर्ष 2025 के लिए पुरस्कार वितरण समारोह के प्रथम चरण का आयोजन शुक्रवार को किया गया। समारोह में उत्कृष्ट कार्य निष्पादन के लिए कुल 119 अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सम्मानित किया गया।

मुख्य अतिथि कार्यकारी निदेशक प्रभारी एवं कार्यपालक निदेशक अजय कुमार चक्रवर्ती ने पुरस्कार वितरित किए। इस अवसर पर कार्यपालक निदेशक प्रवीण निगम, कार्यपालक निदेशक पवन कुमार, कार्यपालक निदेशक प्रबीर कुमार सरकार, कार्यकारी कार्यपालक निदेशक तुषार कांत, कार्यपालक निदेशक कमल भास्कर तथा मुख्य चिकित्सा अधिकारी प्रभारी डॉ. विनीता द्विवेदी भी उपस्थित रहीं। प्रथम चरण में 33 अधिकारियों को जवाहर पुरस्कार, 63 कर्मचारियों को नेहरू पुरस्कार तथा 23 समूहों को जवाहर लाल नेहरू समूह पुरस्कार प्रदान किए गए। अपने संबोधन में अजय कुमार चक्रवर्ती ने कहा कि यह सम्मान कर्मचारियों की प्रतिबद्धता, उत्कृष्ट कार्यशैली और टीम भावना का प्रतीक है तथा भविष्य में बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरणा देगा। कार्यक्रम के प्रारंभ में महाप्रबंधक प्रभारी जे. एन. ठाकुर ने स्वागत उद्बोधन दिया।

समारोह में वरिष्ठ अधिकारी, विभिन्न श्रमिक संगठनों के प्रतिनिधि, पुरस्कार विजेता एवं उनके परिजन बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। शेष समूह पुरस्कारों का वितरण समारोह के दूसरे चरण में सोमवार को किया जाएगा।

### भिलाई एक्सचेंज यार्ड में 2 नई लाइनें शुरू, माल ढुलाई क्षमता होगी मजबूत

**भिलाई, 28 जून (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे ने माल परिवहन अवसंरचना को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। महाप्रबंधक तरुण प्रकाश के मार्गदर्शन में सिग्नल एवं दूरसंचार प्रोजेक्ट यूनिट ने राइट्स के सहयोग से भिलाई एक्सचेंज यार्ड में व्यापक सिग्नलिंग एवं आधारभूत संरचना उन्नयन कार्य पूरा कर लिया है। परियोजना के तहत यार्ड में दो नई लाइनें चालू की गई हैं तथा दो अन्य लाइनों को इंटरलॉक किया गया है। नई लाइनों को आधुनिक सिग्नलिंग प्रणाली और ओवरहेड इक्विपमेंट से लैस किया गया है। साथ ही, रूट रिले इंटरलॉकिंग में संशोधन कर नई लाइनों एवं क्रॉसओवरों को आधुनिक प्रणाली से जोड़ा गया है। यार्ड में 14 डिजिटल एक्सेल काउंटर स्थापित किए गए हैं और 5 क्रॉसओवरों का इंटरलॉकिंग कार्य पूरा किया गया है, जिससे ट्रेनों की सुरक्षित एवं निर्बाध आवाजाही सुनिश्चित होगी। नई व्यवस्था से इलेक्ट्रिक लोकोमोटिव के जरिए शंटिंग संचालन अधिक सुगम होगा और मालगाड़ियों के टर्नअराउंड समय में कमी आएगी। परियोजना के अंतर्गत लाइन संख्या 18 एवं 19 को रेकों के निरीक्षण, मरम्मत और रखरखाव के लिए विकसित किया गया है। यहां 6 हेवी-ड्यूटी वेल्डिंग प्लांट और 30 वेल्डिंग टर्मिनल लगाए गए हैं, जिससे वैगनों की ऑन-साइट मरम्मत संभव होगी। इसके अलावा चौड़े कंक्रीट पथ के निर्माण से भारी मशीनरी और सामग्री को सीधे रेक तक पहुंचाने में सुविधा मिलेगी। रेलवे के अनुसार, इस उन्नयन से भिलाई एक्सचेंज यार्ड की माल ढुलाई क्षमता, परिचालन दक्षता और रोलिंग स्टॉक के रखरखाव में उल्लेखनीय सुधार होगा। साथ ही उद्योगों और रेल ग्राहकों को अधिक विश्वसनीय एवं तेज माल परिवहन सेवा उपलब्ध कराई जा सकेगी।

### निगम का अनोखा अभियान: टैक्स जमा करने वालों का पौधा भेंट कर सम्मान



**दुर्ग, 28 जून।** नगर पालिक निगम दुर्ग ने करदाताओं के सम्मान और पर्यावरण संरक्षण को एक साथ जोड़ते हुए एक अभिनव पहल की। आज निगम प्रशासन के टैक्स काउंटरों में संपत्तिकर एवं अन्य कर जमा करने पहुंचे जागरूक करदाताओं का पौधा भेंट कर स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। निगम की इस अनूठी पहल को करदाताओं ने सराहा और इसे पर्यावरण संरक्षण की दिशा में सकारात्मक प्रयास बताया।

निगम परिसर स्थित टैक्स काउंटर में बड़ी संख्या में करदाता अपना टैक्स जमा करने पहुंचे। इस दौरान निगम अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने प्रत्येक करदाता को पौधा भेंट कर उनके समय पर कर भुगतान करने के प्रति जागरूकता और जिम्मेदारी की सराहना की। निगम का उद्देश्य केवल राजस्व संग्रह करना ही नहीं, बल्कि नागरिकों को पर्यावरण संरक्षण के लिए भी प्रेरित करना है, ताकि करदाता अपने घर, मोहल्ले और आसपास के क्षेत्रों में पौधरोपण कर शहर को अधिक हरा-भरा और स्वच्छ बना सकें। निगम प्रशासन ने कहा कि नगर के विकास में करदाताओं की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। नागरिकों द्वारा समय पर कर जमा करने से सड़क, नाली, पेयजल, प्रकाश व्यवस्था, स्वच्छता सहित विभिन्न जनहित एवं विकास कार्यों को गति मिलती है।

## राहुल गांधी के गुटबाजी से दूर रहो का मतलब

कांग्रेस की अपनी लोकतांत्रिक परंपरा है।वह अपनी लोकतात्रिक परंपरा को बनाए रखती है।वह कभी भूलती नहीं है कि उसके कारण देश में लोकतंत्र है और लोकतंत्र की रक्षा करना उसका प्रथम दायित्व है।लोकतंत्र किसी देश में जिंदा रहता है जब उसमें बहुत सारे दल होते हैं, बहुत सारे दलों के बहुत सारे नेता होते हैं। हर दल में बहुत सारे बड़े नेता होते हैं। हर बड़े नेता का अपना गुट होता है।हर कार्यकर्ता को किसी गुट में शामिल होने का अधिकार होता है।हर जिला अध्यक्ष से लेकर प्रदेश अध्यक्ष तक किसी नेता के गुट का होता है। इसके बाद दिल्ली में कांग्रेस के बड़े नेताओं का अपना गुट होता है। कांग्रेस में गुटबाजी न हो ऐसा कभी हुआ नहीं है और ऐसा कभी हो नहीं सकता है। कांग्रेस के कई बड़े नेता तो कई बार कह चुके हैं कि गुटबाजी कांग्रेस की कमजोरी नहीं है,खामी नहीं है वह तो कांग्रेस की ताकत है, वह तो कांग्रेस का विशेषता है, उससे कांग्रेस में प्रतिस्पर्धा बनी रहती है,पार्टी में उत्साह बना रहता है। गुटबाजी से ही लगता है कि कांग्रेस लोकतांत्रिक पार्टी है, जिसमें हर नेता व कार्यकर्ता को बोलने का अधिकार है।अभिव्यक्ति की आजादी है। कांग्रेस एक जिंदा राजनीतिक दल है। राहुल गांधी कांग्रेस के सबसे बड़े नेता है,वह जिला अध्यक्षों को प्रशिक्षण देने आए थे और जिला अध्यक्षों बहुत कुछ कह कर गए हैं। वह कह गए हैं कि जिला अध्यक्ष व्यक्ति पूजा न करें, गुटबाजी से दूर रहें,नेताओं के लिए कम सोचें और कार्यकर्ताओं के लिए ज्यादा सोचे, लो प्रोफाइल रहें,बिना डरे काम करे, जनता के बीच जाएं,उनके मुद्दों को बेबाकी से उठाएं,सरकार की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ जनता को लेकर आंदोलन प्रदर्शन करें,जनता के बीच जाकर उनके दर्द पीड़ा को समझें,उनकी आवाज बनें,सरकार की नीतियां कमजोर व गरीबों का हक छीनकर पूंजीपतियों की तिजोरी भरने की है ऐसी नीतियों को खुलकर विरोध करें, साथ ही उन्होंने आगाह भी किया है कि हर जिला अध्यक्ष की एक एक गतिविधि की अब डिजिटली मानिटरिंग होगी,जिनका परफारमेंस अच्छा होगा,उन्हें पार्टी और बडी़ जिम्मेदारी देने पर विचार करेगी। मिशन-२८ के लिए हर कार्यकर्ता को एकजुट करना है।इसमें जिला अध्यक्षों की अहम भूमिका होगी। राहुल गांधी की बहुत सारी बातें तो जिला अध्यक्षों का समझ आ गई होगी लेकिन एक बात यह समझ नहीं आई होगी कि पार्टी हित में गुटबाजी से दूर रहें।जिलों के सभी वरिष्ठ नेताओं और कार्यकर्ताओं की बात सुनें लेकिन अंतिम निर्णय लेते समय पार्टी हित और संगठन की मजबूती को प्राथमिकता दें।यह सच है कि कांग्रेस में इस बार जिला अध्यक्षों की नियुक्ति केंद्र के स्तर पर हुई है लेकिन यह भी सच है कि उनकी नियुक्ति में राज्य के तमाम बड़े नेताओ से राय भी ली गई है यानी जिला अध्यक्ष किसी न किसी बड़े नेता के गुट का है। एक बड़े नेता का जितने जिलों में प्रभाव है, उसकी पसंद के उतने ही जिला अध्यक्ष बनाए गए हैं।जिस नेता ने जितने जिला अध्यक्ष बनवाए हैं,जिला अध्यक्ष तो उनका कहना मानेंगे। उनके कहे अनुसार काम करेंगे।ऐसा नहीं करेंगे तो वह जानते हैं कि किसी भी कारण से उनको पद से हटा दिया जाएगा और दूसरे को अध्यक्ष बना दिया जाएगा। इसलिए कांग्रेस के जिला अध्यक्ष और सब कुछ तो बढिया कर सकते हैं लेकिन गुटबाजी से दूर नहीं रह सकते क्योंकि किसी गुट का होने के कारण ही उनको जिला अध्यक्ष बनाया गया है।वह जो कुछ भी करेंगे, कहेंगे वह गुट के नेता के अनुसार ही होगा। अब तक तो ऐसा ही होता आया है। राज्य में तो जिला अध्यक्षों की छोड़ दें यहां तो प्रदेश अध्यक्ष के लिए भी गुटबाजी होती है। कुछ गुट चाहते हैं कि यहां कांग्रेस पिछला चुनाव हार गई है इसलिए प्रदेश अध्यक्ष को बदला जाना चाहिए। प्रदेश अध्यक्ष चुनाव हारने के लिए खुद को अकेले दोषी नही मानते हैं। उनका कहना है कि छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की हार सामूहिक जिम्मेदारी है, मेरे अकेले की नहीं है। वह तो चाहते हैं कि उनको न हटाया जाए और अच्छा काम कर रहे हैं इसलिए आगे काम करने दिया जाए यानी प्रदेश अध्यक्ष को न बदला जाए।टीएस सिंहदेव का कहना है कि यदि प्रदेश अध्यक्ष बदला जाता है तो वह प्रदेश अध्यक्ष बनना चाहते हैं।भूपेश बघेल चाहते हैं कि हमेशा की तरह प्रदेश अध्यक्ष उनकी पसंद का होना चाहिए। राहुल गांधी छत्तीसगढ़ आकर यहां के कांग्रेस के काम को देखकर जा रहे हैं। वह क्या करते हैं आने वाले दिनों में इसका खुलासा होगा कि यहां संगठन में क्या बदलाव होते हैं। प्रदेश की राजनीति में छत्तीसगढ़ राज्य बनने के बाद और उसके पहले से कांग्रेस में कई गुट रहे हैं। छत्तीसगढ़ बनने के बाद अजीतजोगी, वीसी शुक्ल,अर्जुन सिंह गुट रहे हैं। वर्तमान में भूपेश बघेल गुट,चरणदास महंत गुट,टीएस सिंहदेव गुट मुख्य गुट हैं। कांग्रेस के यहां १५ साल बाद चुनाव जीतने के बाद भूपेश बघेल की सरकार बनने के बाद भूपेश बघेल ही कांग्रेस के सबसे प्रभावी नेता रहे है इसलिए उनके गुट का प्रभाव यहां सबसे ज्यादा माना जाता है। अब तक तो सत्ता हो या संगठन हो वह जैसा चाहते हैं वैसा होता रहा है। चुनाव हारने के बाद भूपेश बघेल का राजनीतिक कद भले ही छोटा हुआ हो लेकिन दिल्ली में पहुंच के चलते आज भी वह सबसे बड़े नेता माने जाते हैं। राहुल गांधी के आकर जाने के बाद यदि प्रदेश कांग्रेस में कुछ अहम बदलाव होते हैं तो उससे पता चलेगा किसका प्रभाव कम हुआ है और किसका बढ़ा है। जहां तक राहुल गांधी के गुटबाजी से दूर रहने की बात का सवाल है तो उसका मतलब बस इतना होगा कि गुटबाजी हो लेकिन उससे कांग्रेस को नुकसान न हो।

विश्लेषण

# चंदा चोरी में क्यों उठ रही हैं न्यास से जुड़े सरकारी नुमाइंदों पर उंगली

अजय कुमार



प्रभु श्री राम की नगरी अयोध्या में प्रभु रामलला मंदिर न्यास के भीतर जो चंदा सम्बंधी अनियमितता और चोरी का मामला सामने आया, वह न केवल धन के लेन-देन की सवालिया निशानियों को उजागर करता है, बल्कि यह भी दिखाता है कि न्यास और सरकारी पदों के बीच किस तरह का गहन घालमेल होता है। दरअसल, राम लला के मंदिर में चंदा चोरी के पीछे विश्वासघात दो पक्ष दिखाई दे रहे हैं, एक, जो सार्वजनिक विश्वास का स्वामी है, और दूसरा, जो उसी विश्वास का रखवाला बनकर उसमें हेरफेर करता है। यह मामला उसी द्वंद्व का मानवीय और प्रशासकीय चित्र है। प्रभु राम लला के मंदिर में चंदा चोरी का मामला तब जनता के समक्ष आया जब मद्दे नज़र चंदा खाते के असामान्य रिकार्ड, निकासी और लेन-देन की रिपोर्टें आईं। सूचनाओं के आधार पर एक विशेष जांच दल ने प्रारंभिक जाँच की और कुछ लोगों के खिलाफ गिरफ़्तारी भी हुई। पर आश्चर्य यह है कि न्यास का गठन और उसमें पदेन शामिल सरकारी अनुशासन पर किसी भी प्रकार की पूछताछ की आवाज़ सुनी नहीं गयी। यही वह बिंदु है जहाँ आरोप-प्रत्यारोप का दौर तेज हुआ और प्रश्न उभरे कि क्या किसी अमुक अधिकारी ने अपनी पदेन उपस्थिति का दायित्व पूरी तरह निभाया या नहीं। गौरतलब है, राम लला मंदिर न्यास में धार्मिक, सामाजिक और सरकारी प्रतिनिधि साथ मिलकर कार्य करते हैं। कई बार जिलाधिकारी, पुलिस प्रमुख, कर विभाग या स्थानीय शासकीय अधिकारी न्यास के आचार-नियमों के अनुसार पदेन सदस्य होते हैं। यह व्यवस्था इसलिए होती है ताकि मंदिर-सम्बन्धी संपत्ति और सार्वजनिक व्यवस्था में सरकारी निगरानी बनी रहे। पर जब उसी व्यवस्था के माध्यम से चंदे की हेराफेरी हो, तो सवाल उठते हैं कि पदेन सदस्य किस हद तक अपनी जवाबदेही निभा रहे थे। ऐतिहासिक रूप से देखा जाए तो समय-समय पर कई आईएएस और अन्य अधिकारी न्यास के साथ जुड़े रहे हैं। जिलाधिकारी की उपस्थिति स्वाभाविक रही है क्योंकि जिलाधिकारी का कर्तव्य



स्थानीय शांति-व्यवस्था और सरकारी नियमों का संरक्षण करना है। जिलाधिकारी के अलावा पुलिस अधीक्षक, उपजिलाधिकारी, तथा कर और राजस्व सम्वंधी अधिकारी भी न्यास की बैठकों में अक्सर शामिल होते रहे हैं। कुछ नाम सार्वजनिक अभिलेखों और सूचनाओं में दिखते हैं, पर इन्हें यहाँ सीधे आरोपी नहीं दर्शाया जा सकता। यही कारण है कि अब तक आधिकारिक बयान और जांच रिपोर्ट का इंतजार किया जा रहा है कि किन-किन अधिकारियों का वक्तव्य रिकॉर्ड हुआ और किस स्तर की जवाबदेही तय की जायेगी। यह भी ध्यान देने योग्य है कि सरकारी अधिकारी जब पदेन सदस्य के रूप में किसी न्यास से जुड़े होते हैं तो उनका कर्तव्य स्पष्ट होता है, पारदर्शिता सुनिश्चित करना, लेखा-जोखा का लेखा परीक्षण करवाना और सभी कानूनी नियमों का पालन कराना। यदि इन कर्तव्यों में कोई चूक हुई हो, तो साधारण लोक मान्यताओं के अनुसार उनकी जवाबदेही तय होनी चाहिए। पर व्यवहार में प्रशासनिक अनुशासन के नियम, विभागीय जांच और सेवा नियमों की प्रक्रियाएँ कठिन और धीमी हो सकती हैं, इसलिए जनता में असंतोष उभरता है कि तुरंत किसी सरकारी अधिकारी के खिलाफ कार्रवाई क्यों नहीं की जा रही। ध्यान देने वाली बात यह है कि वित्तीय अनियमितता अक्सर कुशलता से गुप्त रखी जाती है। चंदे के बहाव को पतला करने के लिए कई माध्यम अपनाये जा सकते हैं अलग-अलग खातों में विभाजन, औपचारिक दस्तावेजों में छेड़छाड़, और लेखा-जोखा में देरी यह सब भ्रष्टाचार के हथकंडे हैं। जब जांच दल ने गहन जाँच की तो कहीं-कहीं उन प्रक्रियाओं के निशान मिले जो बतलाते हैं कि लंबे समय से व्यवधान की गुंजाइश मौजूद थी। ऐसे में सवाल उठता है कि क्या पदेन सरकारी निगरानी उपस्थिति सिर्फ औपचारिकता बनकर रह गई थी, या क्या किसी पदाधिकारी ने जानबूझकर दृष्टि अंधी की। नागरिकों का भरोसा धार्मिक संस्थाओं पर तभी बना रहता है जब प्रशासनिक तथा धार्मिक नेतृत्व दोनों पारदर्शी और जवाबदेह हों। आज जब चंदे की चोरी जैसे आरोप सामने आते हैं, तो सिर्फ पकड़ या गिरफ़्तारी ही समाधान नहीं है। एक ठोस लेखा-जोखा प्रणाली, नियमित बाह्य लेखा-निरीक्षण, और न्यास के कामकाज में नागरिकों की निगरानी जैसी व्यवस्थाएँ लागू होनी चाहिएं। साथ ही, पदेन जुड़े सरकारी अधिकारियों की भूमिका पर स्पष्ट दिशानिर्देश और समय-समय पर उनकी जवाबदेही तय करने की प्रक्रिया भी आवश्यक है, ताकि भविष्य में ऐसी घटना को रोका जा सके।इस पूरे घटनाक्रम में स्थानीय लोकनेता और समाज-सेवी भी सक्रिय हुए हैं। उन्होंने मांग की है कि जिन अधिकारियों ने न्यास की देखरेख में खामी की, उनकी जिम्मेदारी तय की जाए। साथ ही, जनता जानना चाहती है कि वर्तमान समय में किन-किन सरकारी अधिकारियों का नाम न्यास से जुड़ा हुआ दर्ज है। यह जानकारी आम तौर पर न्यास के दायर दस्तावेजों, सरकारी आदेशों और स्तरवार बैठकों के अभिलेखों में मिलती है। पर प्रशासनिक जवाबदेही और गोपनीयता के कारण हर विवरण सार्वजनिक नहीं किया जाता। इसलिए नागरिक संगठन और कुछ पत्रकार इन अभिलेखों की माँग कर रहे हैं ताकि पारदर्शिता लाई जा सके।

यदि हम सामर्थ्य से देखें, तो अभी जो कदम उठने चाहिए वे स्पष्ट हैं: जांच का परिधि बढ़ाना, लेखा-जोखा का सार्वजनिक करना, और पदेन जुड़े सरकारी अधिकारियों की सक्रिय जाँच। इसके साथ ही, संबंधित विभागों को निर्देश मिलने चाहिए कि भविष्य में न्यास के वित्तीय लेन-देन पर नियमित अंतराल पर निगरानी रखी जाये। स्थानीय प्रशासन को भी यह बताना होगा कि जिलाधिकारी और अन्य पदेन सदस्य किस तरह से अपनी निगरानी का लेखा-जोखा रखते हैं, क्या वे नियमित रिपोर्ट लेते हैं, क्या बाह्य लेखा-निदेशक के आदेश लागू होते हैं, और क्या समय-समय पर लेखा परीक्षण कराया जाता है। नहीं भूलना चाहिए कि चंदा चोरी के बाद अब जनता का विश्वास तब लौटेगा जब पारदर्शिता और कानून का समुचित पालन दोनों साथ हों। चंदा केवल धन नहीं, वह भरोसे का प्रमाण है। जब उसी भरोसे को ठेस पहुँचती है, तो केवल कुछ पकड़े जाने भर से काम नहीं चलता। गहन, निष्पक्ष और समयबद्ध जाँच की आवश्यकता है, ताकि दोषी चाहे किसी भी पद पर हों, उनके खिलाफ उचित कार्रवाई हो सके और भविष्य में ऐसी घटनाओं के लिए मजबूत रोकथाम तैयार की जाए।

### सू- दोकू क्र.083

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 7 | | | | 1 | | 3 | |
| 1 | | 9 | | | | 5 | | |
| | | | 3 | | | | 1 | |
| | | 5 | | | | | | 3 |
| 3 | | | | | 2 | | 5 | |
| | | | | 3 | | | | 2 |
| | 4 | | | | | | 7 | |
| 7 | | 8 | | 1 | | 6 | | |
| | 6 | | 7 | | 9 | | | 1 |

नियम

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

### सू-दोकू क्र.082 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 2 | 4 | 9 | 6 | 7 | 8 | 1 | 3 |
| 3 | 6 | 7 | 4 | 1 | 8 | 2 | 9 | 5 |
| 8 | 1 | 9 | 3 | 2 | 5 | 4 | 6 | 7 |
| 6 | 3 | 5 | 1 | 9 | 4 | 7 | 2 | 8 |
| 7 | 9 | 8 | 5 | 3 | 2 | 6 | 4 | 1 |
| 2 | 4 | 1 | 7 | 8 | 6 | 5 | 3 | 9 |
| 4 | 5 | 3 | 6 | 7 | 9 | 1 | 8 | 2 |
| 9 | 8 | 6 | 2 | 5 | 1 | 3 | 7 | 4 |
| 1 | 7 | 2 | 8 | 4 | 3 | 9 | 5 | 6 |

### शब्द सामर्थ्य -083

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**
1. घुमाव-फिराव वाला, आड़ा-तिरछा, जो कठिन हो 3. कुशलता, दक्षता, विशेषज्ञता 6. लोग, प्रजा 7. सीता, जनकनंदनी 9. सुंदर, कामना करने योग्य 10. क्रोधपूर्वक बोलने को उद्यत होना, जोश में आना, क्रोधातिरेक में चेहरे का लाल होना 13. अधीनता, मातहती, वश 14. दबाव, भार, वजन 16. हद, मर्यादा 18. प्रमाण-पत्र, प्रमाणिक कथन या बात 19. पछताना (मुहा.) 21. अनुचित मिश्रण, मिलावट 22. विफल, बेहोश, बौखलाया हुआ।

**ऊपर से नीचे**
1. सहारा, आश्रय, प्रतिज्ञा, संकल्प 2. परिश्रम 4. रात, रात्रि, निशा 5. पुत्र, बेटा 8. मूल्य, दाम 9. कपड़े का मोटा परदा 11. संदेश भेजना, उच्चारण कराना, कहलवाना 12. मृतकों को जीवित और रोगियों को स्वस्थ कर देने वाला व्यक्ति, प्रेमपात्र की संज्ञा 14. देने की क्रिया, खैरात 5. कुमार्गी, दुराचारी 17. मस्तक, माथा, ललाट 18. प्रश्न, समस्या 20. सहायता, सहारा 21. पशुओं को खिलाने वाली हरी पत्तियां, तृण, तिनका।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 082 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ज | द्दो | जे | ह | द | | स | पू | त |
| ल | | ब | ल | वा | न | | | द |
| म | ह | क | | खा | म | खां | | बी |
| ग्न | | त | ल | ना | | स | फ | र |
| | म | रा | | | | ना | टा | |
| | हि | | स | | | | फ | न |
| | ला | ज | वा | ब | | म | ट | र |
| मां | | ग | | सं | त | ति | | भ |
| | मा | त | ह | त | | | प | क्षी |

### राशिफल

मेष राशि आज आपका मन एक चौराहे पर खड़ा दिखाई दे सकता है। किसी महत्वपूर्ण निर्णय को लेकर दुविधा बनी रह सकती है, इसलिए जल्दबाजी में उठाया गया कदम बाद में परेशानी का कारण बन सकता है।

वृषभ आज का दिन मुस्कुराहटों और अपनों के साथ बिताए खूबसूरत पलों का संदेश लेकर आया है। परिवार के साथ बैठकर पुरानी समस्याओं का हल निकालने का अवसर मिलेगा और घर का माहौल पहले से अधिक सुखद महसूस होगा।

मिथुन आज का दिन आपको सावधानी और संतुलन का संदेश दे रहा है। वाहन चलाते समय विशेष सतर्कता बरतें, क्योंकि छोटी-सी लापरवाही अतिरिक्त खर्च का कारण बन सकती है। परिवार या मित्रों के साथ कहीं घूमने-फिरने की योजना दिन को आनंदमय बना सकती है।

कर्क आज पिताजी के साथ किसी विषय पर विचारों का मतभेद हो सकता है, लेकिन उनकी सलाह आपके लिए भविष्य में लाभदायक साबित हो सकती है। घर में किसी नए कार्य या बदलाव की योजना बन सकती है, जिसके लिए आर्थिक व्यवस्था पर भी विचार होगा।

सिंह आज आपका मन आध्यात्मिक ऊर्जा से भर सकता है। पूजा-पाठ, धार्मिक कार्य या किसी पवित्र आयोजन में शामिल होकर आपको भीतर से शांति और संतोष का अनुभव होगा। परिवार के किसी सदस्य की बात दिल को छू सकती है, लेकिन प्रतिक्रिया देने से पहले धैर्य रखना आवश्यक होगा।

कन्या विद्यार्थियों के लिए आज का दिन नए अवसरों के द्वार खोल सकता है। सीखने, प्रशिक्षण लेने या किसी नई जगह अनुभव प्राप्त करने का मौका मिल सकता है।

तुला आज कुछ खास लोगों से मुलाकात आपके भविष्य की दिशा बदल सकती है। यात्रा के योग भी बन रहे हैं और यह यात्रा लाभदायक साबित हो सकती है। विदेश से जुड़े व्यापार या कार्यों में सकारात्मक समाचार मिलने की संभावना है।

वृश्चिक आज का दिन सामान्य होते हुए भी कई महत्वपूर्ण संकेत दे सकता है। किसी बड़े निर्णय में आपकी समझदारी ही आपको सही दिशा दिखाएगी। रचनात्मक कार्यों में रुचि बढ़ेगी और नए विचार आपके मन में जन्म लेंगे। भागदौड़ अधिक रहने से थकान महसूस हो सकती है।

धनु आज का दिन आपको अपनी पुरानी गलतियों से सीख लेकर आगे बढ़ने की प्रेरणा देगा। कार्यक्षेत्र में कुछ लोग आपकी राह में बाधाएं खड़ी करने का प्रयास कर सकते हैं, इसलिए सतर्क रहना जरूरी होगा। किसी भी अनजान व्यक्ति पर तुरंत भरोसा करने से बचें।

मकर आज आपकी मेहनत और समर्पण आपको दूसरों से अलग पहचान दिला सकते हैं। जीवनसाथी की ओर से मिला कोई सरप्राइज आपके दिन को खास बना सकता है। कार्यक्षेत्र में आपका प्रदर्शन वरिष्ठ अधिकारियों को प्रभावित करेगा और भविष्य में इसका लाभ भी मिल सकता है।

कुंभ आज खर्चों की रफ्तार आपकी अपेक्षा से थोड़ी तेज रह सकती है, इसलिए बजट पर विशेष ध्यान देना होगा। नया घर या संपत्ति खरीदने का विचार मन में चल सकता है, लेकिन कोई भी फैसला अपनी आर्थिक स्थिति को देखकर ही लें। परिवार की समस्याओं को बातचीत और समझदारी से सुलझाने का प्रयास सफल रहेगा।

मीन आज हर कदम सोच-समझकर उठाने की आवश्यकता है। कार्यक्षेत्र में जल्दबाजी से किया गया काम गलती का कारण बन सकता है। अपनी वाणी पर नियंत्रण रखें, क्योंकि आपकी कोई बात वरिष्ठ अधिकारियों को पसंद न आए। परिवार के साथ समय बिताने का अवसर मिलेगा और कहीं घूमने-फिरने की योजना भी बन सकती है। व्यापार से जुड़े लोगों को मनचाहा लाभ मिलने की संभावना है।

# क्या विश्व अर्थव्यवस्था का अगला विकास इंजन भारत बनेगा?

किशन सनमुखदास भावनानीं



वैश्विक स्तरपर विश्व की आर्थिक व्यवस्था में किसी भी राष्ट्र की वास्तविक शक्ति उसकी सैन्य क्षमता से पहले उसकी आर्थिक मजबूती से आंकी जाती है।विकसित राष्ट्र बनने के अनेक मानदंड हैं,किंतु उन सभी का मूल आधार सुदृढ़ अर्थव्यवस्था,स्थिर वित्तीय व्यवस्था निवेशकों का विश्वास, मजबूत पूंजी बाजार और प्रभावी वैश्विक साझेदारियां हैं।आज भारत विश्व की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनकर तीसरे स्थान की ओर तेज़ी से अग्रसर है।इसी पृष्ठभूमि में आठ महत्वपूर्ण घटनाएं भारत की आर्थिक यात्रा को नई दिशा देती दिखाई देती हैं।27 जून 2026 को अमेरिकी विदेश मंत्री द्वारा भारत और भारत के प्रधानमंत्री की सार्वजनिक प्रशंसा,भारत को अमेरिका का सबसे करीबी रणनीतिक साझेदार बताना, वैश्विक रेटिंग एजेंसियों की भूमिका पर उठे प्रश्न, भारत- ब्रिटेन मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) की संभावनाएं, भारतीय मूल की कंपनियों की वैश्विक सफलता पर ब्रिटिश रिपोर्टें,एमएसएमई दिवस 27 जून 2026 पर उद्यमिता को लेकर दिया गया संदेश,वैश्विक कंपनियों के निदेशकों को भारत के विकास से परिचित कराने की रणनीति तथा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की 27 जून 2026 को शुरू हुई तीन दिवसीय सेशेल्स यात्रा।इनसभी घटनाओं का साझा संकेत यह है कि भारत केवल एक विशाल उपभोक्ता बाजार नहीं, बल्कि आने वाले दशकों में वैश्विक निवेश,उत्पादन,व्यापार और पूंजी निर्माण का प्रमुख केंद्र बनने की क्षमता रखता है। मैं एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानीं गोंदिया महाराष्ट्र यह मानता हूं क्रि विश्व इतिहास बताता है कि जिन देशों की अर्थव्यवस्था मजबूत हुई,वही विश्व राजनीति और वैश्विक व्यापार के केंद्र बने।अमेरिका, जापान,जर्मनी, चीन और दक्षिण कोरिया जैसे देशों ने अपनी आर्थिक शक्ति के आधार पर विश्व में प्रभाव स्थापित किया।आज भारत भी उसी दिशा में आगे बढ़ रहा है।लगभग डेढ़ अरब की आबादी, विशाल घरेलू बाजार,युवा कार्यबल, तीव्र डिजिटलीकरण, मजबूत बैंकिंग व्यवस्था,रिकॉर्ड जीएसटी संग्रह,बढ़ता विदेशी मुद्रा भंडार,विनिर्माण क्षेत्र को बढ़ावा देने वाली नीतियां तथा आधारभूत संरचना में अभूतपूर्व निवेश भारत को विश्व की सबसे आकर्षक अर्थव्यवस्थाओं में शामिल कर रहे हैं। यही कारण है कि वैश्विक निवेशक अब भारत को केवल विकासशील देश नहीं बल्कि दीर्घकालिक निवेश गंतव्य के रूप में देखने लगे हैं।

साथियों, शेयर बाजार किसी देश की अर्थव्यवस्था का दर्पण माना जाता है,लेकिन यह वर्तमान की अपेक्षा भविष्य की संभावनाओं पर अधिक प्रतिक्रिया देता है।जब निवेशकों को विश्वास होता है कि किसी देश की नीतियां स्थिर हैं,सरकार सुधारों के प्रति प्रतिबद्ध है, अंतरराष्ट्रीय संबंध मजबूत हो रहे हैं और उद्योगों को विस्तार के अवसर मिल रहे हैं,तब पूंजी बाजार में सकारात्मक वातावरण बनता है।इसके विपरीत राजनीतिक अस्थिरता, युद्ध,आर्थिक मंदी, बढ़ती महंगाई या वैश्विक अविश्वास बाजार में गिरावट का कारण बन सकते हैं।इसलिए कूटनीतिक घटनाओं का भी शेयर बाजार पर अप्रत्यक्ष लेकिन महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ता है। 27 जून 2026 को अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रूबियो द्वारा भारत और भारतीय प्रधानमंत्री की प्रशंसा को इसी व्यापक आर्थिक दृष्टिकोण से देखा जाना चाहिए। उन्होंने भारत को अमेरिका का सबसे करीबी रणनीतिकसाझेदार बताते हुए कहा कि भारतीय पीएम के नेतृत्व में भारत आर्थिक रूप से अधिक मजबूत होकर प्रभावशाली वैश्विक शक्ति के रूप में उभर रहा है।उन्होंने व्यापार, महत्वपूर्ण खनिज, ऊर्जा सुरक्षा,आपूर्ति श्रृंखला तथा समुद्री नेविगेशन जैसे क्षेत्रों में भारत-अमेरिका सहयोग की भी सराहना की। अंतरराष्ट्रीय निवेशकों के लिए ऐसे बयान यह संकेत देते हैं कि विश्व की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था भारत को दीर्घकालिक रणनीतिक भागीदार के रूप में देख रही है। इससे भारत की वैश्विक विश्वसनीयता मजबूत हो सकती है और निवेशकों का मनोबल बढ़ सकता है। साथियों, यदि किसी देश के पक्ष में वैश्विक महाशक्ति सकारात्मक संदेश देती है तो उसका प्रभाव प्रत्यक्ष से अधिक मनोवैज्ञानिक होता है। विदेशी संस्थागत निवेशक (एफआईआई), वैश्विक पेंशन फंड, संप्रभु संपत्ति कोष तथा बहुराष्ट्रीय कंपनियां निवेश निर्णय लेते समय केवल कंपनी की बैलेंस शीट नहीं देखतीं,बल्कि राजनीतिक स्थिरता,अंतरराष्ट्रीय संबंध, कानून व्यवस्था, व्यापारिक वातावरण और भविष्य की विकास संभावनाओं का भी मूल्यांकन करती हैं।इस दृष्टि से भारत-अमेरिका रणनीतिक साझेदारी भारतीय शेयर बाजार के लिए दीर्घकालिक सकारात्मक संकेत मानी जा सकती है।

आज भारत वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला का महत्वपूर्ण केंद्र बनने की दिशा में आगे बढ़ रहा है। कोविड महामारी और विभिन्न भू-राजनीतिक घटनाओं के बाद विश्व की अनेक कंपनियां उत्पादन का विविधीकरण चाहती हैं।ऐसी स्थिति में यदि भारत विश्वसनीय साझेदार के रूप में उभरता है तो इलेक्ट्रॉनिक्स सेमीकंडक्टर,रक्षा विनिर्माण, नवीकरणीय ऊर्जा, ऑटोमोबाइल,फार्मास्यूटिकल्स, लॉजिस्टिक्स और बंदरगाह क्षेत्रों में बड़े निवेश संभव हैं। इन क्षेत्रों से जुड़ी सूचीबद्ध कंपनियों को भी दीर्घकालिक लाभ मिल सकता है।

साथियों, विश्व अर्थव्यवस्था में क्रेडिट रेटिंग एजेंसियों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण मानी जाती है।फिच,मूडीज़ और एसएंडपी जैसी एजेंसियां किसी देश की सॉवरेन क्रेडिट रेटिंग निर्धारित करती हैं। उनकी रिपोर्टें यह संकेत देती हैं कि संबंधित देश अपनी वित्तीय जिम्मेदारियों को किस सीमा तक निभाने में सक्षम है।यदि किसी देश की रेटिंग बेहतर होती है तो विदेशी निवेशकों का विश्वास बढ़ सकता है,सरकार अपेक्षाकृत कम ब्याज दर पर ऋण जुटा सकती है,विदेशी पूंजी का प्रवाह बढ़ सकता है तथा बांड और शेयर बाजार दोनों को लाभ मिल सकता है। दूसरी ओर यदि रेटिंग घटती है तो विदेशी निवेशकों का जोखिम आकलन बढ़ जाता है, पूंजी निकासी का खतरा बढ़ सकता है तथा बाजार में अस्थिरता दिखाई दे सकती है।हालांकि यह भी उतना ही सत्य है कि किसी देश की वास्तविक आर्थिक शक्ति केवल रेटिंग एजेंसियों से निर्धारित नहीं होती। कई बार किसी देश का वास्तविक आर्थिक प्रदर्शन उसकी रेटिंग से बेहतर होता है। इसी संदर्भ में केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने 26 जून 2026 को लंदन में कहा कि कुछ वैश्विक रेटिंग एजेंसियां भारत के साथ निष्पक्ष व्यवहार नहीं कर रही हैं और उन्होंने कुछ कमजोर अर्थव्यवस्थाओं को भी भारत से बेहतर रेटिंग दी है।यह टिप्पणी वैश्विक वित्तीय मूल्यांकन प्रणाली पर एक गंभीर बहस को जन्म देती है। यदि भारत निरंतर उच्च विकास दर,बेहतर कर संग्रह, नियंत्रित राजकोषीय घाटा, मजबूत बैंकिंग प्रणाली और संरचनात्मक सुधार जारी रखता है,तो अंततः वास्तविक आर्थिक प्रदर्शन ही निवेशकों का विश्वास जीतता है।

भारत और ब्रिटेन के बीच प्रस्तावित मुक्त व्यापार समझौता भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए ऐतिहासिक अवसर सिद्ध हो सकता है। एफटीए का मूल उद्देश्य व्यापारिक बाधाओं को कम करना, आयात-निर्यात को सरल बनाना और निवेश को प्रोत्साहित करना है। यदि यह समझौता प्रभावी रूप से लागू होता है तो भारतीय वस्त्र उद्योग, दवा उद्योग, सूचना प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग उत्पाद, कृषि प्रसंस्करण, रत्न एवं आभूषण तथा ऑटो कंपोनेंट उद्योग को बड़ा लाभ मिल सकता है। इससे संबंधित कंपनियों की आय में वृद्धि की संभावना बनेगी और शेयर बाजार में इन क्षेत्रों के प्रति निवेशकों की रुचि बढ़ सकती है।

साथियों, भारत-ब्रिटेन आर्थिक सहयोग का एक और महत्वपूर्ण पक्ष भारतीय मूल की कंपनियों की बढ़ती वैश्विक सफलता है।विभिन्न व्यावसायिक रिपोर्टों में यह उल्लेख किया गया है कि भारतीय मूल की कंपनियां ब्रिटेन में हजारों रोजगार सृजित कर रही हैं,अरबों पाउंड का राजस्व उत्पन्न कर रही हैं तथा स्थानीय अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण योगदान दे रही हैं। ऐसी रिपोर्टें वैश्विक निवेशकों को यह संदेश देती हैं कि भारतीय उद्यम केवल घरेलू बाजार तक सीमित नहीं हैं, बल्कि अंतरराष्ट्रीय प्रतिस्पर्धा में भी सफल हैं। इससे भारतीय कॉर्पोरेट क्षेत्र की विश्वसनीयता और निवेश आकर्षण दोनों मजबूत होते हैं।

साथियों, 27 जून को मनाया गया अंतरराष्ट्रीय एमएसएमई दिवस भारत के लिए विशेष महत्व रखता है क्योंकि सूक्ष्म,लघु और मध्यम उद्यम भारतीय अर्थव्यवस्था की वास्तविक आधारशिला हैं। यही क्षेत्र करोड़ों लोगों को रोजगार देता है, बड़े उद्योगों की आपूर्ति श्रृंखला को मजबूत करता है तथा निर्यात में भी महत्वपूर्ण योगदान देता है। यदि इस क्षेत्र को सस्ता ऋण, आधुनिक तकनीक, डिजिटल प्लेटफॉर्म, निर्यात सहायता और नवाचार के अवसर मिलते हैं तो संपूर्ण औद्योगिक उत्पादन में तेजी आती है। इसका सकारात्मक प्रभाव अंततः बड़ी सूचीबद्ध कंपनियों और शेयर बाजार पर भी दिखाई देता है क्योंकि मजबूत एमएसएमई का अर्थ है मजबूत औद्योगिक पारिस्थितिकी तंत्र।आज विश्व की बड़ी कंपनियां निवेश निर्णय लेने से पहले केवल सरकारी प्रस्तुतियों पर निर्भर नहीं रहतीं। वे स्वयं उस देश की यात्रा करती हैं, उद्योगों का निरीक्षण करती हैं, आधारभूत संरचना देखती हैं और स्थानीय व्यापारिक वातावरण का मूल्यांकन करती हैं। यदि भारत वैश्विक कंपनियों के निदेशकों और निवेशकों को अपने औद्योगिक गलियारों, एक्सप्रेस-वे, बंदरगाहों, रक्षा गलियारों, डिजिटल भुगतान व्यवस्था, स्टार्टअप इकोसिस्टम, सेमीकंडक्टर परियोजनाओं और स्मार्ट शहरों का प्रत्यक्ष अनुभव कराता है, तो यह निवेश आकर्षित करने का अत्यंत प्रभावी माध्यम सिद्ध हो सकता है। प्रत्यक्ष अनुभव किसी भी रिपोर्ट से अधिक विश्वसनीय होता है।

साथियों, भारतीय प्रधानमंत्री की 27 से 29 जून 2026 तक शुरू हुई सेशेल्स यात्रा को भी केवल विदेश नीति तक सीमित नहीं देखा जाना चाहिए। हिंद महासागर वैश्विक व्यापार का अत्यंत महत्वपूर्ण समुद्री मार्ग है। भारत के अधिकांश ऊर्जा आयात और निर्यात इसी समुद्री क्षेत्र से होकर गुजरते हैं। यदि भारत इस क्षेत्र में अपनी रणनीतिक उपस्थिति मजबूत करता है तो समुद्री व्यापार अधिक सुरक्षित होगा, आपूर्ति श्रृंखला की विश्वसनीयता बढ़ेगी और भारतीय कंपनियों के लिए नए व्यापारिक अवसर खुलेंगे। सेशेल्स स्वास्थ्य, कृषि, पर्यटन और खाद्य सुरक्षा जैसे क्षेत्रों में भारत के साथ सहयोग बढ़ाने का इच्छुक है, जिससे भारतीय उद्योगों को नए बाजार मिल सकते हैं।

**एक नजर**

## ई-केवाईसी नहीं कराने वाले 38 हजार हितग्राहियों का राशन रोकने निर्देश

**दंतेवाड़ा, 28 जून। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस) के अंतर्गत राशन प्राप्त करने वाले हितग्राहियों के लिए ई-केवाईसी अनिवार्य कर दी गई है। खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार जिले में शेष सभी हितग्राहियों का ई-केवाईसी कार्य 15 जुलाई 2026 तक पूर्ण किया जाना है। निर्धारित समय-सीमा के बाद ई-केवाईसी नहीं कराने वाले हितग्राहियों को राशन प्राप्त करने में कठिनाई का सामना करना पड़ सकता है। खाद्य विभाग द्वारा जिले में कुल 80,789 राशन कार्डधारी परिवार हैं, जिनसे जुड़े कुल 2,61,233 हितग्राही हैं। इनमें से अधिकांश हितग्राहियों का ई-केवाईसी पूर्ण हो चुका है, लेकिन अभी भी लगभग 38,717 हितग्राहियों का सत्यापन लंबित है। विभाग ने ऐसे सभी हितग्राहियों से शीघ्र ई-केवाईसी कराने की अपील की है। संचालक, खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण, नवा रायपुर द्वारा जारी आदेश में कहा गया है कि ई-केवाईसी पूर्णता का प्रमाण-पत्र संचालनालय को भेजना होगा। जिन हितग्राहियों का सत्यापन नहीं हो पाएगा, उनकी सदस्यवार जानकारी कारण सहित 20 जुलाई 2026 तक संचालनालय को उपलब्ध करानी होगी। आदेश में यह भी स्पष्ट किया गया है कि निर्धारित समय-सीमा में कार्य पूर्ण नहीं होने पर संबंधित जिला खाद्य अधिकारी, सहायक खाद्य अधिकारी एवं खाद्य निरीक्षकों के विरुद्ध विभागीय कार्रवाई की जा सकती है। नई व्यवस्था के तहत राशन दुकानों में ओटीपी आधारित सत्यापन की व्यवस्था समाप्त कर दी गई है। अब हितग्राहियों को पीओएस मशीन में अंगूठे का निशान देकर बायोमेट्रिक प्रमाणीकरण कराना होगा। सफल सत्यापन के बाद ही चावल, शक्कर एवं अन्य खाद्यान्न सामग्री का वितरण किया जाएगा।

## पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति हेतु ऑनलाइन पंजीयन प्रारंभ

**दंतेवाड़ा, 28 जून। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थियों के लिए शिक्षा सत्र 2026-27 हेतु ऑनलाइन पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति (कक्षा 12वीं से उच्चतर) के पंजीयन, स्वीकृति एवं वितरण की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। छात्रवृत्ति के लिए आवेदन एवं संबंधित कार्यवाही विभागीय छात्रवृत्ति पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन की जाएगी। सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास विभाग द्वारा जिले के समस्त शासकीय एवं अशासकीय महाविद्यालयों, विश्वविद्यालयों, इंजीनियरिंग, चिकित्सा, नर्सिंग, पॉलीटेक्निक एवं औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों के प्राचार्यों, छात्रवृत्ति प्रभारियों तथा पात्र विद्यार्थियों को निर्धारित समय-सीमा में आवेदन प्रक्रिया पूर्ण करने के निर्देश दिए गए हैं। जानकारी के अनुसार वर्ष 2026-27 के लिए नवीनीकरण आवेदनों हेतु छात्रवृत्ति पोर्टल 20 जून 2026 से तथा नवीन आवेदनों हेतु 01 अगस्त 2026 से प्रारंभ किया जाएगा। नवीनीकरण एवं नवीन दोनों प्रकार के आवेदन 30 सितंबर 2026 तक ऑनलाइन प्रस्तुत किए जा सकेंगे। छात्रवृत्ति के लिए अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति वर्ग के विद्यार्थियों के पालकों की वार्षिक आय सीमा 2.50 लाख रुपये तथा अन्य पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थियों के लिए 1.00 लाख रुपये निर्धारित की गई है। आवेदन के साथ सक्षम अधिकारी द्वारा जारी स्थायी जाति प्रमाण पत्र, छत्तीसगढ़ का मूल निवासी प्रमाण पत्र तथा अध्ययनरत पाठ्यक्रम के विगत वर्ष की परीक्षा परिणाम संबंधी दस्तावेज आवश्यक होंगे।

## शैक्षणिक भ्रमण से मिली पशुपालन की व्यावहारिक जानकारी

**दंतेवाड़ा, 28 जून। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन (बिहान) के अंतर्गत कार्यरत पशु सखियों के क्षमता विकास के लिए पशुधन स्वास्थ्य एवं विस्तार सेवाओं हेतु मान्यता प्राप्त अभिकर्ता (ए-हेल्प) कार्यक्रम के तहत 15 दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण का आयोजन भारतीय स्टेट बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (आरसेटी), दंतेवाड़ा में किया जा रहा है। प्रशिक्षण में जिले की 30 पशु सखियाँ सहभागी बन रही हैं। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को सैद्धांतिक ज्ञान के साथ-साथ व्यावहारिक अनुभव उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिला पशु चिकित्सालय दंतेवाड़ा, कृषि विज्ञान केंद्र गीदम तथा टेकनार स्थित गौ संवर्धन केंद्र का शैक्षणिक भ्रमण कराया गया। भ्रमण के दौरान विशेषज्ञों ने पशु स्वास्थ्य प्रबंधन, नियमित टीकाकरण, कृमिनाशन, बकरी एवं गौ-पालन, चारा उत्पादन एवं प्रबंधन तथा पशुओं में होने वाले सामान्य रोगों की पहचान एवं उपचार संबंधी महत्वपूर्ण जानकारियां प्रदान कीं। पशु सखियों ने विभिन्न इकाइयों का अवलोकन कर पशुपालन से जुड़ी आधुनिक तकनीकों एवं व्यवस्थाओं को निकट से समझा। साथ ही विशेषज्ञों के साथ संवाद कर अपनी जिज्ञासाओं का समाधान किया और ग्रामीण क्षेत्रों में पशुपालकों को बेहतर सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए आवश्यक तकनीकी ज्ञान अर्जित किया।

# भाजपा के मानसून क्रिकेट स्पर्धा में संगठनात्मक एकता का दिखा दम, उसूर मंडल

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**बीजापुर 28 जून।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा मिनी स्टेडियम में आयोजित एक दिवसीय मानसून क्रिकेट प्रतियोगिता में संगठनात्मक एकता, आपसी समन्वय और खेल भावना का शानदार प्रदर्शन देखने को मिला। खेलेंगे साथ, बढ़ेगा साथ ङ्क मिलकर बनाएंगे सशक्त संगठन के संदेश के साथ आयोजित इस क्रिकेट प्रतियोगिता में जिले भर के भाजपा कार्यकर्ताओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

प्रतियोगिता का शुभारंभ भाजपा जिलाध्यक्ष घासीराम नाग ने किया। प्रतियोगिता के उद्घाटन समारोह पर उन्होंने कहा कि खेल गतिविधियां संगठन में ऊर्जा, अनुशासन और आपसी विश्वास को बढ़ाने का सशक्त माध्यम हैं। ऐसे आयोजन कार्यकर्ताओं के बीच बेहतर तालमेल स्थापित करने के साथ संगठन को और मजबूत बनाते हैं। आयोजन को सफल बनाने में बीजापुर मंडल के कार्यकर्ताओं की भूमिका की सराहना करते हुए सभी प्रतिभागियों को बधाई दी।

प्रतियोगिता की शुरुआत भोपालपटनम मंडल और भैरमगढ़ मंडल से मध्य हुई। आयोजन के दौरान कार्यकर्ताओं में जबरदस्त उत्साह और खेल भावना देखने को मिला। स्पर्धा में बीजापुर, भोपालपटनम, उसूर, कुटरू, भैरमगढ़ मंडल तथा जिला संगठन की टीम सहित कुल छह टीमों ने भाग लिया।

फाइनल मुकाबला उसूर मंडल और कुटरू मंडल के मध्य खेला गया। पहले बल्लेबाजी करते हुए कुटरू मंडल की टीम ने निर्धारित 8 ओवरों में 79 रन बनाए। लक्ष्य पीछा करते हुए उसूर मंडल की टीम ने शानदार खेल का प्रदर्शन किया और अतिम ओवर में लक्ष्य हासिल कर प्रतियोगिता का खिताब अपने नाम कर लिया। विजेता टीम के 50000 हजार का पुरस्कार दिया गया। वही उप विजेता टीम को 30000 की राशि मिली। खिलाड़ियों के शानदार प्रदर्शन पर उपस्थित पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं में जबरदस्त उत्साहवर्धन देखने को मिला। इस दौरान भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य श्रीनिवास मुदलियार, जिला पंचायत अध्यक्ष जानकी कोरसा, जिला पंचायत सदस्य शंकरैया माड़वी, जिला महामंत्री फूलचंद गागड़ा, जिला उपाध्यक्ष दयाशंकर पटेल, लव कुमार रायडू, कोषाध्यक्ष सोनल गुप्ता, मीडिया प्रभारी सल्ला प्रताप, सोशल मीडिया जिला संयोजक के जी सुधाकर, मंडल मंत्री एरन्ना अन्मुल, ओबीसी मोर्चा जिला अध्यक्ष जागर लक्ष्मैया, पार्षद मुन्ना ताती, गौतम राव सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# आत्मनिर्भर नारी ही समृद्ध छत्तीसगढ़ की पहचान

- नक्सल मुक्त बीजापुर अब विकसित बीजापुर की ओर बढ़ रहाः लक्ष्मी राजवाड़े
- सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य और जनकल्याणकारी योजनाओं से बदलेगी जिले की तस्वीर

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**बीजापुर, 28 जून।** दो दिवसीय प्रवास पर बीजापुर पहुंचीं छत्तीसगढ़ शासन की महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े शनिवार को जांगला में बिहान महिला चौपाल में शामिल हुईं। मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने महिलाओं से संवाद करते हुए महतारी वंदन योजना, स्व-सहायता समूह और स्वरोजगार से जुड़ने का आह्वान किया। इस अवसर पर महिलाओं ने आत्मीय स्वागत किया। चौपाल में मंत्री ने महिलाओं कहा कि राज्य सरकार महिलाओं के समग्र विकास एवं सशक्तिकरण के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है।

### योजनाओं का लाभ लेकर हर महिला आगे बढ़े

लक्ष्मी राजवाड़े ने चौपाल को संबोधित करते हुए कहा कि महिलाओं की आर्थिक, सामाजिक और पारिवारिक उन्नति राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। उन्होंने कहा कि शासन की विभिन्न योजनाओं का उद्देश्य महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाकर उन्हें सम्मानजनक जीवन उपलब्ध कराना है। उन्होंने महिलाओं से अधिक से अधिक संख्या में स्व-सहायता समूहों से जुड़ने तथा स्वरोजगार आधारित गतिविधियों को अपनाने का आह्वान किया।

### महतारी वंदन योजना का पोर्टल फिर होगा शुरू

महतारी वंदन योजना का पोर्टल शीघ्र ही पुनः प्रारंभ होने वाला है। उन्होंने कहा कि जो पात्र महिलाएं अब तक किसी कारणवश योजना से वंचित रह गई हैं, वे पोर्टल खुलते ही अपना पंजीयन अवश्य कराएं, ताकि उन्हें भी योजना का लाभ मिल सके। उन्होंने अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों से भी अपील की कि पात्र महिलाओं का समय पर पंजीयन सुनिश्चित करें और कोई भी महिला शासन की इस महत्वपूर्ण योजना से वंचित न रहे।

### पुनर्वासित युवाओं और महिलाओं का बढ़ाया हौसला

पुनर्वास केंद्र पहुंचने पर मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने समाज की मुख्यधारा में लौटे युवाओं को वेलकम किट प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया। उन्होंने युवाओं से उनके पूर्व जीवन, पुनर्वास के बाद आए बदलाव, वर्तमान दिनचर्या, प्रशिक्षण, खान-पान तथा भविष्य की योजनाओं के बारे में विस्तार से चर्चा की।

### अब भय नहीं, बेहतर भविष्य का विश्वास है

संवाद के दौरान पुनर्वासित युवाओं ने बताया कि शासन और जिला प्रशासन के सहयोग से उनका जीवन पूरी तरह बदल गया है। अब वे भयमुक्त वातावरण में रहकर सम्मानपूर्वक जीवन जी रहे हैं और समाज में नई पहचान के साथ आगे बढ़ रहे हैं।

**गारमेंट फैक्ट्री से महिलाए आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ रही:** जिला प्रशासन द्वारा संचालित गारमेंट फैक्ट्री का भी अवलोकन किया। उन्होंने वहां कार्यरत महिलाओं से उनके कार्य, प्रशिक्षण, वेतन और रोजगार संबंधी अनुभवों की जानकारी ली। अधिकारियों ने बताया कि इस गारमेंट फैक्ट्री के माध्यम से महिलाओं को सिलाई का प्रशिक्षण देने के साथ-साथ रोजगार भी उपलब्ध कराया जा रहा है। यहां विशेष रूप से पुनर्वासित महिलाओं तथा नक्सल पीड़ित परिवारों की महिलाओं को प्राथमिकता देकर उन्हें आत्मनिर्भर बनाया जा रहा है। स्थायी रोजगार मिलने के साथ-साथ जिले की पहचान भी राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर स्थापित हो रही है।

### अब विकास की रफ्तार होगी और तेज

वर्षों तक माओवादी गतिविधियों के कारण जिले के कई अंदरूनी क्षेत्रों तक विकास कार्य पूरी गति से नहीं पहुंच पाए थे। अब परिस्थितियां बदल चुकी हैं और शासन-प्रशासन पूरी क्षमता एवं प्रतिबद्धता के साथ उन क्षेत्रों में आधारभूत सुविधाओं का विस्तार करेगा।

### शांति और विकास साथ-साथ चलेंगे

मंत्री ने कहा कि शांति और विकास एक-दूसरे के पूरक हैं। अब जब बीजापुर में शांति का वातावरण स्थापित हुआ है, तो इसका सबसे बड़ा लाभ आम नागरिकों को मिलेगा। युवाओं के लिए शिक्षा, कौशल विकास और रोजगार के अवसर बढ़ेंगे, महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के प्रयासों को और गति मिलेगी तथा ग्रामीण क्षेत्रों में विकास कार्यों का दायरा लगातार बढ़ेगा। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि शासन, प्रशासन और जनता के संयुक्त प्रयासों से बीजापुर आने वाले समय में विकास, सुशासन और जनकल्याण का एक नया उदाहरण बनेगा। सरकार जिले के समग्र एवं संतुलित विकास के लिए पूरी प्रतिबद्धता और गंभीरता के साथ कार्य कर रही है।

## पल्स पोलियो टीकाकरण अभियान के तहत 5 वर्ष तक बच्चों को दी गई पोलियो की खुराक



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कांकेर, 28 जून।** पल्स पोलियो टीकाकरण अभियान के तहत जिले में आज शून्य से 05 वर्ष तक बच्चों को पोलियो दो बून्द खुराक पिलाकर तीन दिवसीय अभियान की शुरूआत किया गया। जिला चिकित्सालय के मातृ एवं शिशु रोग विभाग अलबेलापारा कांकेर में नगरपालिका अध्यक्ष श्री अरूण कौशिक एवं श्री महेश जैन व पार्षद श्रीमती उगेश्वरी उइके ने बच्चों को पोलियो की दो बून्द खुराक देकर अभियान की शुरूआत करते हुए उन्होंने जिले के सभी पालकों से शून्य से 05 वर्ष तक बच्चों को पोलियो की दवा पिलाने की अपील की। इस दौरान मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आर.सी. ठाकुर, जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. ओ.पी. शंखवार सहित स्वास्थ्य अमला मौजूद थे। इस अभियान के तहत प्रथम दिवस को पोलियो बूथ पर ही बच्चों को पोलियो की खुराक दी जाएगी तथा दूसरे एवं तीसरे दिवस को छूटे हुए बच्चों को घर-घर जाकर पोलियो की दवा पिलाई जाएगी, इसके लिए 1,274 घर-घर भ्रमण दल सदस्य तथा 31 ट्रांजिट टीम सदस्य तैनात किए गए हैं। इस अभियान के तहत जिले के 0 से वर्ष आयु वर्ग के 76,544 बच्चों के टीकाकरण का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। उल्लेखनीय है कि 27 मार्च 2014 को भारत को पोलियो-मुक्ति का प्रमाण-पत्र मिलना एक महत्वपूर्ण एवं सराहनीय उपलब्धि है। तब से भारत 14 वर्ष से अधिक समय से पोलियो-मुक्त है। विश्व स्तर पर वाइल्ड पोलियो वायरस का प्रसार अभी भी बच्चों को प्रभावित कर रहा है, जिसमें भारत के कुछ पड़ोसी देश भी शामिल हैं, जिससे रोग के पुनः संक्रमण का जोखिम बना हुआ है।

## साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक में सीईओ ने दिए महत्वपूर्ण निर्देश

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**दंतेवाड़ा, 28 जून।** जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री जयंत नाहटा ने आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक में विभिन्न विभागों की योजनाओं एवं कार्यक्रमों की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की। बैठक में उन्होंने सर्वप्रथम मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के जिले के प्रवास के दौरान की गई घोषणाओं पर त्वरित एवं प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए तथा सभी संबंधित विभागों को समयबद्ध कार्ययोजना बनाकर कार्य प्रारंभ करने को कहा। बैठक में मानवाधिकार आयोग से संबंधित लंबित प्रकरणों की समीक्षा करते हुए उनके शीघ्र निराकरण के निर्देश दिए गए। मानसिक स्वास्थ्य के विषय पर विशेष चर्चा करते हुए सीईओ ने कहा कि विपश्यना प्रशिक्षण प्राप्त अधीक्षक विद्यालयों एवं छात्रावासों के बच्चों को ध्यान एवं मानसिक एकाग्रता की मूलभूत जानकारी प्रदान कर सकते हैं। उन्होंने विद्यालयों में प्रार्थना के दौरान अतिरिक्त पांच मिनट ध्यान (मेडिटेशन) के लिए निर्धारित करने के निर्देश भी दिए। नगर पालिका एवं नगर पंचायतों को आवारा मवेशियों तथा आवारा कुत्तों की समस्या के निराकरण हेतु आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए। वहीं कोटपा अधिनियम के अंतर्गत स्कूलों के 100 मीटर के दायरे में संचालित तंबाकू एवं धूम्रपान सामग्री की दुकानों पर कार्रवाई करने तथा आवश्यकतानुसार जब्ती की कार्रवाई सुनिश्चित करने के लिए एसडीएम एवं तहसीलदारों को निर्देशित किया गया। सुशासन तिहार के दौरान प्राप्त लंबित आवेदनों एवं प्रकरणों के त्वरित निराकरण पर जोर देते हुए सीईओ ने सभी विभागों को गंभीरता से कार्य करने को कहा। बैठक में जिले में वितरित वन अधिकार मान्यता पत्रों की स्थिति, ग्रामीण एवं नगरीय निकायों की प्रगति तथा विभिन्न विकास कार्यों,बस्तर मुन्ने पोर्टल में की जा रही प्रविष्टियों एवं उनकी प्रगति की भी गहन समीक्षा की गई। इसके अलावा बैठक में प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के अंतर्गत स्वीकृत आवासों की प्रगति की जानकारी लेते हुए उन्होंने निर्माण कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए। अटल डिजिटल सेवा केंद्रों की कार्यप्रणाली, बालिका शौचालय निर्माण, बी-1 वितरण एवं पीएम किसान सम्मान निधि योजना की प्रगति की भी सीईओ ने अद्यतन जानकारी चाही ।

स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा के दौरान गर्भवती माताओं की नियमित जांच, आयुष्मान भारत हेल्थ अकाउंट (आभा आईडी) निर्माण, हाई रिस्क प्रेग्नेंसी की निगरानी तथा मानसून के मद्देनजर स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने के निर्देश के साथ साथ । उन्होंने सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में सर्पदंश उपचार हेतु आवश्यक एंटी स्नेक वेनम की उपलब्धता एवं परीक्षण सुनिश्चित करने को कहा। साथ ही पूर्व में संवेदनशील रहे क्षेत्रों की पहचान कर विशेष स्वास्थ्य निगरानी तथा एनआरसी केंद्रों में बच्चों की समुचित देखभाल के निर्देश दिए। बैठक में पंजीकृत भवन एवं अन्य संनिर्माण कर्मकार तथा असंगठित श्रमिकों के पंजीयन कार्य में तेजी लाने, खाद्यान्न वितरण व्यवस्था को सुदृढ़ करने तथा अत्यधिक जर्जर सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस) भवनों की सूची तैयार कर आवश्यक प्रस्ताव भेजने के निर्देश दिए गए। वीसीके अटेंडेंस शत-प्रतिशत सुनिश्चित करने पर जोर देते हुए उन्होंने लापरवाही बरतने वालों के विरुद्ध वेतन कटौती की कार्रवाई की चेतावनी दी।अंत में आगामी मानसून को देखते हुए संभावित बाढ़ एवं आपदा प्रबंधन की तैयारियों की समीक्षा की गई।

# 1 जुलाई से 7 जुलाई तक जिले में चलेगा वृहद पौधरोपण अभियान

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**दंतेवाड़ा, 28 जून।** जिले में हरित आवरण बढ़ाने एवं पर्यावरण संरक्षण को जन आंदोलन का स्वरूप देने के उद्देश्य से 1 जुलाई से 7 जुलाई 2026 तक वृहद पौधरोपण अभियान संचालित किया जाएगा। इस दौरान जिले में 1 लाख पौधों के रोपण का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री जयंत नाहटा ने सभी जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों-कर्मचारियों, स्व-सहायता समूहों, विद्यार्थियों एवं आम नागरिकों से अभियान में बढ़-चढ़कर भाग लेने की अपील की है। सीईओ श्री नाहटा ने बताया कि जिले के चारों विकासखंडों दंतेवाड़ा, गीदम, कटेकल्याण एवं कुआकोण्डा में कुल 34 स्थलों का चयन कर व्यापक स्तर पर पौधरोपण की तैयारी की गई है। ग्राम पंचायत भवन, विद्यालय परिसर, आंगनबाड़ी केंद्र, पोटा केबिन, आश्रम-छात्रावास, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी), प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पीएचसी) तथा अन्य शासकीय कार्यालयों एवं सार्वजनिक परिसरों में पौधरोपण किया जाएगा। इसके लिए सभी विभागों को अपने-अपने निर्धारित लक्ष्य के अनुसार पौधरोपण सुनिश्चित करने तथा रोपे गए पौधों के संरक्षण की जिम्मेदारी लेने के निर्देश दिए गए हैं। विकासखंड दंतेवाड़ा में 6,250, गीदम में 4,200, कटेकल्याण में 5,800 तथा कुआकोण्डा में 5,750 पौधों के रोपण की कार्ययोजना तैयार की गई है। अभियान के दौरान शासकीय संस्थानों के साथ-साथ सामुदायिक सहभागिता को भी विशेष महत्व दिया जाएगा।

अभियान की सफलता के लिए जिले की विभिन्न नर्सरियों में बड़ी संख्या में पौधे तैयार किए गए हैं। मनरेगा अंतर्गत संचालित शासकीय उद्यान रोपणियों पुरनतराई, किरंदूल, मुचनार एवं गाटम में अमरूद, नींबू, कटहल, मुनगा, आंवला एवं काजू सहित 98 हजार से अधिक पौधे उपलब्ध हैं। इसके अलावा वनमंडल दंतेवाड़ा की नर्सरियों में भी व्यापक स्तर पर पौधों की तैयारी की गई है। पातररास नर्सरी में लगभग 1 लाख 90 हजार तथा मुचनार नर्सरी में 1 लाख पौधे तैयार किए गए हैं। इन नर्सरियों में साल, अर्जुन, इमली, बेहड़ा, महुआ, आम, जामुन, बेल, बेर, बांस, कटहल, कुसुम, नीम, गुलमोहर, मुनगा, सीताफल, काजू, अशोक सहित अनेक स्थानीय एवं फलदार प्रजातियों के पौधे उपलब्ध हैं। इन पौधों का उपयोग जिले भर में पौधरोपण, हरित पट्टी विकास तथा सामुदायिक परिसरों के सौंदर्यीकरण के लिए किया जाएगा। अभियान को जनसहभागिता आधारित बनाने के लिए ग्राम पंचायत स्तर पर भी पौधों की उपलब्धता सुनिश्चित की जाएगी। इच्छुक ग्रामीण अपने ग्राम पंचायत के माध्यम से पौधे प्राप्त कर अपने घर, खेत, बाड़ी एवं सामुदायिक स्थलों पर पौधरोपण कर सकेंगे। पंचायतों को पौधों के वितरण एवं संरक्षण के संबंध में आवश्यक व्यवस्था करने के निर्देश दिए गए हैं। सीईओ श्री नाहटा ने कहा कि पौधरोपण केवल वृक्ष लगाने तक सीमित नहीं है, बल्कि यह प्रकृति संरक्षण, जल संवर्धन, जैव विविधता के संरक्षण और आने वाली पीढ़ियों के लिए बेहतर पर्यावरण सुनिश्चित करने का संकल्प है।

# कलेक्टर की गरिमामय उपस्थिति में शाला प्रवेश उत्सव का भव्य आयोजन

- कलेक्टर, एसपी और सीईओ ने दी छात्र-छात्राओं को शुभकामनाएं
- उत्कृष्ट विद्यार्थी, शिक्षक एवं पालकों को किया गया सम्मानित



**बीजापुर 28 जून।** ब्लॉक मुख्यालय में शिक्षा के प्रति जनजागरूकता बढ़ाने और बच्चों को शिक्षा का अलख जगाने हेतु जनप्रतिनिधियों एवं प्रशासनिक अधिकारियों की गरिमामय उपस्थिति में शाला प्रवेश उत्सव का हुआ भव्य आयोजन गुरुवार को भोपालपटनम स्थित स्व. राजेंद्र पामभोई स्टेडियम में किया गया। विकासखंड स्तरीय 'शाला प्रवेश उत्सव 2026' कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि तनुजा कुमार द्वारा मां सरस्वती की पूजा-अर्चना एवं दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। हर्षोल्लास एवं गरिमामय माहौल में अतिथियों का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया। कार्यक्रम में नवप्रवेशी बच्चों का आत्मीय स्वागत के साथ उत्कृष्ट छात्र-छात्राओं, शिक्षकों एवं जागरूक पालकों को सम्मानित भी किया गया।

### सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने मोहा मन

शाला प्रवेश उत्सव में विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थियों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति देकर दर्शकों का मन मोह लिया। देपला विद्यालय के विद्यार्थियों ने मनमोहक भरतनाट्यम नृत्य प्रस्तुत किया, जबकि तारलागुड़ा विद्यालय के बच्चों ने आधुनिक रिकॉर्डिंग डांस के माध्यम से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। संगमपल्ली पोटाकेबिन के विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत गीतों ने समूचे कार्यक्रम को संगीतमय बना दिया।

### कलेक्टर और सीईओ ने बच्चों का बढ़ाया उत्साह

कार्यक्रम में जिला कलेक्टर विश्वजीत, जिला पंचायत सीईओ नम्रता चौबे एवं पुलिस अधीक्षक जितेंद्र यादव के पहुंचकर स्वयं नवप्रवेशी बच्चों को तिलक लगाया तथा उन्हें पुस्तकें, स्कूल बैग और मिठाइयां वितरित कर उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

### शिक्षा ही जीवन में सफलता का सबसे मजबूत आधारः एसपी

छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए पुलिस अधीक्षक जितेंद्र यादव ने कहा कि, शिक्षा ही जीवन में सफलता का सबसे मजबूत आधार है। सभी बच्चों को अनुशासन और एकाग्रता के साथ मन लगाकर अध्ययन करना चाहिए।

कार्यक्रम में विकासखंड के उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षकों, मेधावी छात्र-छात्राओं तथा शिक्षा के क्षेत्र में सक्रिय भूमिका निभाने वाले जागरूक पालकों को प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया।

शाला प्रवेश उत्सव में विकासखंड के दूरस्थ एवं मैदानी क्षेत्रों से बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं, शिक्षक-शिक्षिकाएं, पालक एवं जनप्रतिनिधि शामिल हुए। पूरे आयोजन के दौरान शिक्षा के प्रति उत्साह और सकारात्मक माहौल देखने को मिला।

इस अवसर पर तहसीलदार लक्ष्मण राठिया, जनपद पंचायत सीईओ आदित्य कुंजाम, थाना प्रभारी जीवन कुमार जांगड़े, डीईओ राजेश कुमार पांडे, बीईओ विजय कोरम, बीआरसी शंकर यालम, डी. वेंकटेश्वर, एटला सीनु, मंडल संयोजक नंद कुमार मारकोंडा, कमल सिंह कोर्राम, चिंतुर संजय, प्राचार्य राजेश नक्का, बी.आर. झाड़ी सहित विकासखंड के संकुल समन्वयक एवं शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

# आयुष का मेगा स्वास्थ्य अभियानः तीन विकासखंडों के 1137 ग्रामीणों को मिला निःशुल्क उपचार

**खुरुसलेंगा, बरलिया और नवागढ़ में लगे आयुष शिविर, सैकड़ों मरीजों की जांच के साथ आयुर्वेद व होम्योपैथी से हुआ इलाज, जनप्रतिनिधियों ने आयुर्वेद अपनाने का किया आह्वान**

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




**रायगढ़, 28 जून।** ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं को सुलभ बनाने और आयुष चिकित्सा पद्धति को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से रायगढ़ जिले में आयुष विभाग द्वारा तीन अलग-अलग विकासखंडों में विशाल स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया गया। कलेक्टर के निर्देश एवं जिला आयुष अधिकारी डॉ. गौराहा के मार्गदर्शन में तमनार, रायगढ़ और घरघोड़ा विकासखंड के ग्राम पंचायत खुरुसलेंगा, बरलिया और नवागढ़ में आयोजित इन शिविरों में कुल 1137 ग्रामीणों को निःशुल्क उपचार एवं स्वास्थ्य जांच का लाभ मिला।

इन शिविरों में आयुर्वेद एवं होम्योपैथी चिकित्सा पद्धति के माध्यम से मरीजों का उपचार किया गया। साथ ही शुगर, हीमोग्लोबिन, ब्लड ग्रुप, सिकलिंग सहित विभिन्न प्रकार की जांच भी की गई। शिविरों में संधिवात, आमवात, चर्मरोग, ज्वर, कास, श्वास, प्रतिश्याय, उदर रोग, दुर्बलता, अनिद्रा, उच्च रक्तचाप, मधुमेह, अर्श एवं स्त्री रोग जैसी बीमारियों से पीड़ित बड़ी संख्या में मरीज पहुंचे, जिन्हें विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा परामर्श और निःशुल्क औषधियां उपलब्ध कराई गईं।

तमनार विकासखंड के ग्राम पंचायत खुरुसलेंगा में आयोजित आयुर्वेद चिकित्सा शिविर का शुभारंभ जिला पंचायत सदस्य रमेश बेहरा, जनपद सदस्य संजय टोप्पो, सरपंच हेमचंद राठिया एवं अन्य जनप्रतिनिधियों ने भगवान धनवंतरी के छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर किया। शिविर में 317 ग्रामीणों का आयुर्वेद पद्धति से उपचार किया गया तथा 79 लोगों की शुगर, हीमोग्लोबिन, सिकलिंग एवं ब्लड ग्रुप की जांच की गई। इस दौरान डॉ.राजेश पटेल ने आयुर्वेद की महत्ता बताते हुए कहा कि यह सबसे प्राचीन एवं सुरक्षित चिकित्सा पद्धति है, जिससे बिना दुष्प्रभाव के अनेक रोगों का उपचार संभव है।

इसी प्रकार रायगढ़ विकासखंड के ग्राम पंचायत बरलिया में आयोजित आयुष स्वास्थ्य शिविर में आयुर्वेद एवं होम्योपैथी दोनों पद्धतियों से उपचार किया गया। सरपंच रेवती लव कुश साव, उपसरपंच फूलकुमारी राठिया, निर्मल महाराज एवं अन्य जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में आयोजित इस शिविर में 355 मरीजों का आयुर्वेद तथा 60 मरीजों का होम्योपैथी पद्धति से उपचार किया गया। इसके साथ ही 105 लोगों की शुगर, हीमोग्लोबिन एवं ब्लड ग्रुप जांच भी की गई। डॉ. कुणाल पटेल ने लोगों को आयुर्वेद अपनाने के लिए प्रेरित करते हुए इसके स्वास्थ्य लाभों की जानकारी दी। वहीं घरघोड़ा विकासखंड के ग्राम पंचायत नवागढ़ में आयोजित आयुर्वेद चिकित्सा शिविर में 405 ग्रामीणों को उपचार का लाभ मिला, जबकि 85 लोगों की रक्त जांच की गई। ग्राम सरपंच एवं पंचों की उपस्थिति में प्रारंभ हुए इस शिविर में डॉ. राजकुमार नायक ने आयुर्वेद चिकित्सा पद्धति के महत्व पर प्रकाश डालते हुए लोगों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का संदेश दिया।

तीनों शिविरों में चिकित्सकों एवं स्वास्थ्य कर्मियों ने मरीजों की जांच कर उन्हें आवश्यक परामर्श और निःशुल्क औषधियां उपलब्ध कराईं। शिविरों के सफल संचालन में डॉ. राजेश पटेल, डॉ. प्रेम नारायण राठिया, डॉ. आस्था श्रीवास, डॉ. मनोज दास, डॉ. संजीव पटेल, डॉ. कुणाल पटेल, डॉ. शेख सादिक, डॉ. मुकेश साहू, डॉ. विकास, डॉ. निकिता, डॉ. मोधिया, डॉ. गौरी, डॉ. राजकुमार नायक, डॉ. मित्रभानु गुप्ता, डॉ. प्रद्युम्न पाणिग्रही, डॉ. नागेंद्र नायक, डॉ. आर्चि एक्का सहित आयुष विभाग के अधिकारियों, फार्मासिस्टों एवं कर्मचारियों की महत्वपूर्ण भूमिका रही। कार्यक्रम के अंत में आयुष विभाग ने सभी जनप्रतिनिधियों, जनप्रतिनिधि संस्थाओं, चिकित्सकों, स्वास्थ्य कर्मियों, गणमान्य नागरिकों एवं ग्रामवासियों के सहयोग के लिए आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे शिविरों के माध्यम से ग्रामीण अंचलों तक बेहतर एवं सुलभ स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाने का अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा।

---

## एक नजर

### झलप अस्पताल की बदहाली सरकारी उदासीनता का परिणाम : चंद्राकर



**महासमुंद, 28 जून (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** पूर्व संसदीय सचिव छ.ग. शासन व महासमुंद के पूर्व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर ने झलप के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में डॉक्टरों की कमी को भाजपा सरकार की ग्रामीण विरोधी नीति का परिणाम बताया है। चंद्राकर ने कहा कि झलप के 20 बिस्तरों वाला प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र आज भाजपा सरकार की लापरवाही का जीता-जागता सबूत बन चुका है। 80 गांवों की जीवनरेखा यह अस्पताल आज खुद वेंटिलेटर पर है। दस्तावेजों में डॉक्टर और आरएमए पदस्थ हैं, लेकिन हकीकत यह है कि चिकित्सा अधिकारी तीन महीने से पीजी पढ़ाई के नाम पर गायब हैं और आरएमए दो माह से छुट्टी पर हैं। तीसरे आरएमए को भी उसकी मूल जगह वापस भेज दिया गया था। मूलतः देखा जाए तो यह 20 बिस्तरों का अस्पताल केवल दो ग्रामीण स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं के भरोसे ही चल रहा है। सुबह 10 बजे से पहले और शाम 5 बजे के बाद यहां ईलाज की सुविधा नहीं मिल पाती। पूर्व संसदीय सचिव ने कहा कि सरकार केवल कमीशनखोरी में व्यस्त है। एक तरफसरकारी अस्पतालों में नियर एक्सपायरी दवाओं की सप्लाई कर मरीजों की जान से खिलवाड़ किया जा रहा है। वहीं, दूसरी ओर डॉक्टरों और नर्सिंग स्टाफकी भर्ती न कर सरकारी स्वास्थ्य सेवा को जानबूझकर बदहाल कर दिया गया है। सरकार की अनदेखी व उदासीनता के चलते स्वास्थ्य व्यवस्था पूरी तरह बेपटरी हो चुकी है। भाजपा सरकार ने स्वास्थ्य व्यवस्था को भगवान भरोसे छोड़ दिया है। सरकारी अस्पतालों में उपचार नहीं मिलने से मरीज निजी अस्पतालों में जाने विवश हो रहे हैं। सामान्य बुखार से लेकर गंभीर मरीजों तक को डॉक्टर न होने के कारण 50 किमी दूर जिला अस्पताल धकेला जा रहा है।

### कक्षा छठवीं में प्रवेश के लिए प्राक्चयन परीक्षा 5 जुलाई को

**धमतरी, 28 जून (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** मुख्यमंत्री अनुसूचित जाति एवं जनजाति जवाहर उत्कर्ष योजना के तहत शैक्षणिक सत्र 2026-27 में कक्षा 6 वीं में प्रवेश के लिए 5 जुलाई 2026 को समय प्राक्चयन परीक्षा आयोजित की जाएगी। सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास विभाग ने बताया कि यह परीक्षा दोपहर 12 बजे से 2 बजे तक परीक्षा केन्द्र स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी आदर्श विद्यालय गोकुलपुर धमतरी में होगी। परीक्षा में सम्मिलित होने वाले विद्यार्थी संबंधित विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी धमतरी, कुरूद, मगरलोड और नगरी से दिनांक 3 जुलाई 2026 तक प्रवेश पत्र प्राप्त कर सकते हैं।

---

# मेड़ पर लगाए थे कुछ पौधे, आज हर साल 2.5 लाख की कमाई

## रायगढ़ के किसान अरुण ने अनानास की खेती से बदली अपनी तकदीर

- दो एकड़ में तैयार किया सफलता का मॉडल, आसपास के किसानों के लिए बने प्रेरणा स्रोत
- कम लागत, कम सिंचाई और बेहतर बाजार ने खोले समृद्धि के नए द्वार
- कृषि विविधीकरण का उत्कृष्ट उदाहरण बनी अनानास की खेती





■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**रायगढ़, 28 जून।** कभी खेत की मेड़ पर शौक से लगाए गए कुछ अनानास के पौधे एक दिन पूरे परिवार की आर्थिक तस्वीर बदल देंगे, यह शायद स्वयं अरुण कुमार सॉ ने भी नहीं सोचा था। रायगढ़ जिले के सकरबोगा पंचायत अंतर्गत ग्राम साल्हेओना के इस प्रगतिशील किसान ने वर्षों पहले घरेलू उपयोग के लिए कुछ पौधे लगाए थे। पौधों की अच्छी बढ़वार और फलों की गुणवत्ता ने उन्हें नई दिशा दिखाई। आज वही छोटा-सा प्रयोग लगभग दो एकड़ क्षेत्र में विकसित अनानास के बगीचे का रूप ले चुका है, जहां से वे प्रतिवर्ष 2 से 2.5 लाख रुपये तक की अतिरिक्त आय अर्जित कर रहे हैं। उनकी यह सफलता अब पूरे क्षेत्र में कृषि नवाचार और कृषि विविधीकरण की मिसाल बन चुकी है।

अरुण सॉ पहले धान सहित पारंपरिक फसलों की खेती करते थे। शुरुआत में उन्होंने केवल खेत की मेड़ पर कुछ अनानास के पौधे लगाए थे। पौधों से निकलने वाले नए प्ररोहों को अलग कर दोबारा रोपने का सिलसिला शुरू हुआ और देखते ही देखते पौधों की संख्या लगातार बढ़ती चली गई। इस दौरान कृषि विभाग के अधिकारियों से समय-समय पर मिले तकनीकी मार्गदर्शन और वैज्ञानिक सलाह ने उनके आत्मविश्वास को और मजबूत किया। धीरे-धीरे उन्होंने अनानास की खेती का रकबा बढ़ाया और इसे व्यावसायिक रूप दे दिया। उनके खेत में आम और अमरूद के बगीचे के बीच कतारबद्ध अनानास के पौधे न केवल आकर्षण का केंद्र हैं, बल्कि यह दिखाते हैं कि एक ही भूमि पर बहुफसली खेती अपनाकर किसान अपनी आय कई गुना बढ़ा सकते हैं। सीमित संसाधनों में तैयार किया गया यह मॉडल अब क्षेत्र के किसानों के लिए सीखने का केंद्र बन गया है। अनानास की खेती की सबसे बड़ी विशेषता इसकी कम लागत है। इस फसल में खाद, कीटनाशकों और सिंचाई की आवश्यकता अपेक्षाकृत कम होती है, जिससे उत्पादन लागत नियंत्रित रहती है। दूसरी ओर बाजार में अनानास की लगातार मांग बनी रहती है। अरुण सॉ के खेत में तैयार होने वाला प्रत्येक फल गुणवत्ता के अनुसार 40 से 80 रुपये तक बिक जाता है।

अरुण सॉ की सफलता का प्रभाव अब केवल उनके खेत तक सीमित नहीं है। फलों की बिक्री के साथ-साथ पौधों से निकलने वाले प्ररोहों की बिक्री भी उनकी अतिरिक्त आय का महत्वपूर्ण स्रोत बन गई है। यही कारण है कि आज अनानास की खेती उनके परिवार की आर्थिक मजबूती का बड़ा आधार बन चुकी है। उनकी बेहतर आय और सफल खेती को देखकर क्षेत्र के अन्य किसान भी पारंपरिक खेती के साथ उद्यानिकी फसलों को अपनाने के लिए आगे आ रहे हैं। इससे कृषि विविधीकरण को बढ़ावा मिल रहा है और किसानों के लिए आय के नए अवसर भी सृजित हो रहे हैं। अरुण सॉ का कहना है कि खेती में सफलता केवल अधिक मेहनत से नहीं, बल्कि सही फसल के चयन, नई तकनीकों को अपनाने और कृषि विशेषज्ञों की सलाह के अनुरूप कार्य करने से मिलती है। उनका मानना है कि यदि किसान स्थानीय जलवायु और बाजार की मांग को ध्यान में रखते हुए लाभकारी फसलों का चयन करें, तो कम भूमि और सीमित संसाधनों में भी अच्छी आमदनी अर्जित की जा सकती है।

---

# जिला निवेश प्रोत्साहन समिति की बैठक सम्पन्न

# निवेश प्रस्तावों के त्वरित निराकरण के निर्देश

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**धमतरी, 28 जून।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी अबिनाश मिश्रा की अध्यक्षता में जिला निवेश प्रोत्साहन समिति (डीआईपीबी) की बैठक जिला कार्यालय सभाकक्ष में आयोजित की गई। बैठक में समिति के सदस्य तथा विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

बैठक में जिले में औद्योगिक निवेश को बढ़ावा देने तथा निवेशकों को समयबद्ध सेवाएं उपलब्ध कराने के संबंध में विस्तृत समीक्षा की गई। इस दौरान सिंगल विंडो सिस्टम (एसडब्ल्यूएस) पोर्टल पर लंबित ऑनलाइन प्रकरणों की स्थिति का अवलोकन करते हुए कलेक्टर मिश्रा ने संबंधित अधिकारियों को लंबित मामलों का शीघ्र निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने भूमि आबंटन संबंधी प्रक्रियाओं में तेजी लाने तथा निवेशकों को आवश्यक सुविधाएं समय पर उपलब्ध कराने पर विशेष जोर दिया।

बैठक में जिले में प्रस्तावित नवीन औद्योगिक एवं सेवा क्षेत्र आधारित परियोजनाओं के क्रियान्वयन के लिए आवश्यक अनुमतियों, आधारभूत अधोसंरचना तथा विभिन्न विभागों के बीच समन्वय के विषय पर भी विस्तार से चर्चा की गई। कलेक्टर ने निर्देशित किया कि जिले में निवेश स्थापित करने के इच्छुक उद्यमियों एवं निवेशकों को प्राथमिकता के आधार पर मार्गदर्शन एवं सहयोग प्रदान किया जाए, जिससे निवेश प्रस्तावों का शीघ्र क्रियान्वयन सुनिश्चित हो सके।

बैठक के दौरान इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) चार्जिंग स्टेशन की स्थापना को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से शासकीय कार्यालय परिसरों में उपयुक्त स्थान उपलब्ध कराने के विषय पर भी विचार-विमर्श किया गया। इस संबंध में संभावनाओं का परीक्षण कर नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही करने पर सहमति व्यक्त की गई।

बैठक के अंत में महाप्रबंधक, जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र धमतरी द्वारा उपस्थित सभी सदस्यों एवं अधिकारियों के प्रति आभार व्यक्त किया गया। धन्यवाद ज्ञापन के साथ बैठक का समापन हुआ।

---

## समाचार संक्षेप

# सेवा सेतु पोर्टल से आसान हुई सरकारी सेवाओं की राह

- ग्राम साल्हेपाली के विजय महंत ने घर बैठे बनवाया आय प्रमाण पत्र, डिजिटल व्यवस्था से बचा समय और धन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**रायगढ़, 28 जून।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में राज्य शासन द्वारा संचालित सेवा सेतु पोर्टल आम नागरिकों को त्वरित, पारदर्शी और सुगम शासकीय सेवाएं उपलब्ध कराने का प्रभावी माध्यम बन रहा है। जिले के विकासखंड घरघोड़ा के ग्राम साल्हेपाली निवासी विजय कुमार महंत ने बताया कि पहले आय प्रमाण पत्र सहित अन्य शासकीय दस्तावेज बनवाने के लिए उन्हें कई बार शासकीय कार्यालयों के चक्कर लगाने पड़ते थे, जिससे समय और धन दोनों की बर्बादी होती थी।

सेवा सेतु पोर्टल की जानकारी मिलने पर उन्होंने अपने नजदीकी लोक सेवा केन्द्र (सेवा-सेतु केन्द्र) के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन किया। आवश्यक दस्तावेज अपलोड करने के बाद निर्धारित प्रक्रिया पूरी हुई और उनका आय प्रमाण पत्र शीघ्र जारी हो गया। विजय महंत ने बताया कि अब शासकीय सेवाओं के लिए अनावश्यक भागदौड़ नहीं करनी पड़ती। समय पर सेवाएं मिलने से न केवल समय की बचत हुई, बल्कि आर्थिक व्यय भी कम हुआ। उन्होंने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में संचालित इस जनहितकारी पहल के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सेवा सेतु पोर्टल ने सरकारी सेवाओं तक आम नागरिकों की पहुंच को आसान बना दिया है। विशेषकर ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों के लिए यह व्यवस्था काफी लाभकारी सिद्ध हो रही है, जिससे आवश्यक दस्तावेज समयबद्ध और पारदर्शी तरीके से प्राप्त हो रहे हैं।

### 442 डिजिटल सेवाओं के साथ और सशक्त हुआ सेवा-सेतु केन्द्र

प्रदेश में डिजिटल सेवाओं का दायरा बढ़ाते हुए राज्य शासन ने लोक सेवा केन्द्रों को नया स्वरूप प्रदान किया है। अब प्रदेश के सभी लोक सेवा केन्द्र सेवा-सेतु केन्द्र के नाम से संचालित किए जा रहे हैं। इन केन्द्रों के माध्यम से नागरिकों को पहले की तुलना में कहीं अधिक शासकीय सेवाएं ऑनलाइन उपलब्ध कराई जा रही हैं। राज्य शासन के निर्णय के अनुसार पहले जहां लोक सेवा केन्द्रों के माध्यम से 73 सेवाएं उपलब्ध थीं, वहीं अब इनकी संख्या बढ़ाकर 442 सेवाएं कर दी गई है। शासन का उद्देश्य नागरिकों को एक ही स्थान पर सरल, पारदर्शी और समयबद्ध तरीके से विभिन्न शासकीय सेवाओं का लाभ उपलब्ध कराना है। सेवा-सेतु केन्द्रों के विस्तार से आम नागरिकों को दस्तावेजों एवं अन्य आवश्यक सेवाओं के लिए अनावश्यक भागदौड़ से राहत मिल रही है और प्रदेश में डिजिटल सुशासन को नई गति मिल रही है।

# इंस्पायर अवार्ड मानक योजना के तहत जिले के 2 विद्यार्थियों का हुआ चयन



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**धमतरी, 28 जून।** इंस्पायर अवार्ड मानक योजना अंतर्गत धमतरी जिले के शासकीय माध्यमिक शाला देवरी की छात्रा कु. सुनैना और कुरूद विकासखण्ड के शासकीय माध्यमिक शाला कोसमर्रा की कु. समीक्षा को राष्ट्रीय स्तर से चयनित होकर अंतर्राष्ट्रीय विज्ञान मॉडल प्रदर्षनी सकुरा जापान के लिए चयनित हुए है। इसके लिए 25 जून को धमतरी से नई दिल्ली के लिए रवाना हुए। जिला शिक्षा अधिकारी मधुलिका तिवारी ने बताया कि नई दिल्ली से 27 जून 2026 को सकुरा साइंस हाईस्कूल प्रोग्राम ऑफजापान के लिए प्रस्थान किया। जहां कार्यक्रम/प्रदर्षनी उपरांत 04 जुलाई 2026 को वापस नई दिल्ली पहुंचेंगे। उन्होंने बताया कि विद्यार्थी कु. सुनैना द्वारा अनाज की बर्बादी व बोरी की आयु बढ़ाने संबंध में हुक फंसाने नाड़े नुमा रस्सी का मॉडल को प्रदर्षित किया जायेगा। इसी प्रकार कु. समीक्षा द्वारा किसी भी पात्र में पानी भर जाने पर नल के स्वतः बंद हो जाने का मॉडल को प्रदर्षित किया जायेगा। विद्यर्थियों के इस उपलब्धि पर कलेक्टर अबिनाष मिश्रा, जिला षिक्षा अधिकारी मधुलिका तिवारी, जिला नोडल अधिकारी इंस्पायर अवार्ड धमतरी देवेष सूर्यवंषी, विकासखंड षिक्षा अधिकारी कुरूद द्वारा हर्ष व्यक्त करते हुए इनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई है।

---

**30 जून तक चलेगा राष्ट्रीय सघन पल्स पोलियो टीकाकरण अभियान**

# जिले के 1.10 लाख से अधिक बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाने का लक्ष्य

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**धमतरी, 28 जून।** राष्ट्रीय सघन पल्स पोलियो टीकाकरण अभियान जिले में 28, 29 एवं 30 जून 2026 तक संचालित किया जाएगा। अभियान के तहत 0 से 5 वर्ष आयु वर्ग के प्रत्येक बच्चे को पोलियो की खुराक पिलाकर पोलियो रोग से सुरक्षित रखने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि कोई भी पात्र बच्चा पोलियो की दवा पीने से वंचित न रहे।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. यू.एल. कौशिक तथा जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. जे.पी. दीवान ने बताया कि जिले में 0 से 5 वर्ष आयु वर्ग के कुल 1 लाख 10 हजार 443 बच्चों को पल्स पोलियो की खुराक पिलाने का लक्ष्य रखा गया है। इसके लिए जिले भर में 756 पोलियो बूथ स्थापित किए गए हैं, जो आंगनबाड़ी केंद्रों, पंचायत भवनों एवं उप स्वास्थ्य केंद्रों में संचालित होंगे।

अभियान के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए 1, 915 स्वास्थ्य एवं मैदानी कार्यकर्ताओं की ड्यूटी लगाई गई है। साथ ही बस स्टैंड, रेलवे प्लेटफॉर्म, ईंट भट्ठों, कोयला भट्ठों, निर्माण स्थलों, घुमंतू परिवारों एवं अन्य उच्च जोखिम वाले क्षेत्रों में बच्चों तक पहुंच सुनिश्चित करने के लिए 29 विशेष ट्रांजिट एवं मोबाइल टीमों का गठन किया गया है। इन टीमों में कुल 68 सदस्य कार्यरत रहेंगे। उन्होंने बताया कि अभियान के प्रथम दिवस 28 जून को सभी पोलियो बूथों पर बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाई जाएगी। इसके बाद 29 एवं 30 जून को स्वास्थ्य विभाग की टीमें घर-घर जाकर छूटे हुए बच्चों की पहचान करेंगी तथा उन्हें पोलियो की दवा पिलाने के साथ घरों का चिन्हांकन भी करेंगी। स्वास्थ्य अधिकारियों ने बताया कि विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा वर्ष 2014 में भारत को पोलियो मुक्त घोषित किया जा चुका है। हालांकि पड़ोसी देशों पाकिस्तान और अफगानिस्तान में अभी भी पोलियो वायरस की उपस्थिति के कारण सतर्कता बनाए रखना आवश्यक है। लोगों के आवागमन के कारण संक्रमण का जोखिम बना रहता है, इसलिए नियमित रूप से पल्स पोलियो अभियान संचालित किया जाता है।

**दो बूंद हर बार, पोलियो पर जीत रहे बरकरार**



## हर बच्चे तक पहुंचेगी पोलियो की दो बूंद

**रायगढ़, 28 जून (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** पोलियो जैसी गंभीर और स्थायी विकलांगता पैदा करने वाली बीमारी के पूर्ण उन्मूलन की दिशा में रायगढ़ जिला प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग पूरी तरह तैयार है।

कलेक्टर के मार्गदर्शन में जिले में राष्ट्रीय सघन पल्स पोलियो अभियान का आयोजन 28 से 30 जून तक किया जाएगा। तीन दिवसीय इस अभियान के दौरान जिले के शून्य से पांच वर्ष आयु वर्ग के 1 लाख 34 हजार 980 बच्चों को पोलियोरोधी वैक्सीन की दो बूंद पिलाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। अभियान का जिला स्तरीय शुभारंभ 28 जून को सुबह 8 बजे रामभाठा शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, संजय मैदान में महापौर के मुख्य आतिथ्य में किया जाएगा। अभियान के पहले दिन 28 जून को जिले के 1307 पोलियो बूथों पर बच्चों को वैक्सीन पिलाई जाएगी। इसके बाद 29 एवं 30 जून को स्वास्थ्य विभाग की टीमें घर-घर पहुंचकर ऐसे बच्चों की पहचान करेंगी, जो किसी कारणवश बूथ तक नहीं पहुंच सके हैं। इन बच्चों को उनके घर पर ही पोलियो की खुराक देकर अभियान का शत-प्रतिशत लक्ष्य पूरा किया जाएगा।

अभियान के सफल संचालन के लिए जिले के सभी विकासखंडों एवं शहरी क्षेत्रों में स्वास्थ्य विभाग ने व्यापक तैयारियां पूरी कर ली हैं। खंड चिकित्सा अधिकारियों, प्रभारी चिकित्सा अधिकारियों, विकासखंड कार्यक्रम प्रबंधकों, एएनएम, स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं तथा मितानिनों को प्रशिक्षण देकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए जा चुके हैं।

स्वास्थ्य विभाग ने पहुंच से दूर क्षेत्रों, ईंट भट्ठों, औद्योगिक क्षेत्रों, मलीन बस्तियों, बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन, मेला एवं साप्ताहिक बाजारों जैसे स्थानों पर बच्चों तक पहुंच सुनिश्चित करने के लिए 25 मोबाइल टीमों, 19 ट्रांजिट टीमों, 13 मेला एवं बाजार स्थल टीमों तथा 283 पर्यवेक्षकों की तैनाती की गई है।

## एक नजर

### क्रिकेट की खुमारी चरम पर

**सिमगा 28 जून(तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** आज कल क्रिकेट की खुमारी अपनी चरम पर है ।।आजकल बाकी खेल सिर्फ स्मृति शेष रह गई है ।पर आज हमारे ग्रीन इलेवन की चढ़ती खुमारी फुटबॉल के प्रति जिन्होंने पुनः डूबते नैया को मानो सहारा दे दिया हो ।।वास्तव में यदि यों कहे कि पूरे बलौदाबाजार जिले में फुटबॉल के प्रति दीवानगी है कहा जाए तो कोई अतिश्योक्ति नहीं होगी । आज की हमारी भीड़ ने साबित कर दिखाया कि हौसला अपनी चरम पर है ।मैच के प्रति दीवानगी ने सूर्य के उबलते आग को भी ठंडा कर दिया।यह दीवानगी हम्में ,आपमे ,सबमे कूट कूट कर भरी है इसमें कोई दो राय नहीं । आस्कंन से बनी टीम ने बेहतर से बेहतर करने का प्रयास किया ,जीत हार अपनी जगह है ।कोई जीतता तभी है जब कोई हारता है हार को स्वीकार कर खेल को निखारने में लगे हमारे सभी सीनियर जूनियर की जुगलबंदी काबिले तारीफ है जिनकी जितनी भी प्रशंसा की जावे कम है । वास्तव में मानिकपुरी सर ,गुप्ता जी, साहू जी,गोपी साहू जी ,चंद्राकर जी,बनसाकरा साहू सर को विशेष साधुवाद जिनके मार्गदर्शन में ग्राउंड की आभा प्रतिभा चमक 1 दमक रही है। आज का खेल चारों कैप्टन के नाम रहा जिन्होंने अपनी टीम के लिए काफी अच्छा करने की जी तोड़ मेहनत किए। अंतिम पंक्ति में लाइन खत्म कर रहा हूं। कुछ कमी रह गई सुधार करो। अरुण भैया ,राजेश भैया ,खिबराज सर का भी योगदान अविस्मरणीय रहेगा ।।। बाकी सबको भी बहुत बहुत साधुवाद ,अंतिम कड़ी में सबको वंदे मातरम्,जय हिंद,है जोहार नमस्कार।

### पीएम किसान सम्मान निधि से खेती को मिल रही मजबूती

**बलौदाबाजार, 28 जून(तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना किसानों के लिए आर्थिक संबल बनकर खेती-किसानी को नई मजबूती प्रदान कर रही है।



जिले के ग्राम टोनाटार निवासी किसान राजेश कुमार घृतलहरे, जो लगभग दो एकड़ भूमि पर खेती करते हैं, इस योजना का नियमित लाभ प्राप्त कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि योजना के अंतर्गत उन्हें प्रत्येक चार माह में 2 हजार रुपये की सहायता राशि प्राप्त होती है, जिससे वर्षभर में कुल 6 हजार रुपये सम्मान निधि के रूप में मिलते हैं। इस राशि का उपयोग वे खेती से जुड़े आवश्यक कार्यों, बीज, खाद एवं अन्य कृषि जरूरतों को पूरा करने में करते हैं, जिससे आर्थिक बोझ कम होता है और समय पर खेती की तैयारी करने में सुविधा मिलती है। राजेश कुमार घृतलहरे ने बताया कि खरीफ सीजन शुरू होने से पहले सम्मान निधि की राशि मिल जाने से खेती की तैयारियां आसान हो जाती हैं और आवश्यक कृषि सामग्री समय पर उपलब्ध हो जाती है। उन्होंने कहा कि यह योजना छोटे एवं सीमांत किसानों के लिए काफी लाभकारी सिद्ध हो रही है। योजना से मिल रही इस आर्थिक सहायता के लिए उन्होंने प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के प्रति हृदय से आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सरकार की यह पहल किसानों के हित में एक महत्वपूर्ण कदम है, जिससे खेती को नई मजबूती मिल रही है।

### 10 लाख के गांजा के साथ दो अन्तर्राजयीय तस्कर गिरफ्तार



**डोंगरगढ़ 28 जून(तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** चिचोला पुलिस को बड़ी मात्रा में गांजा मादक पदार्थ के साथ दो अंतर्राज्यीय गांजा तस्करों को पकड़ने में सफलता मिली है। पुलिस से प्राप्त जानकारी में बताया गया कि 26 जून 2026 को रात्रि के समय मुखबीर के सूचना मिली कि चिचोला बस स्टैण्ड के पास 02 व्यक्ति बैग में मादक पदार्थ गांजा बिक्री के लिए ग्राहक तलाश रहे है। सूचना पर पुलिस वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराकर उक्त संदेहियों को तत्काल घेराबंदी कर पकडा नाम पता पूछने पर अपना नाम मोहम्मद समीर पिता मोहम्मद रफीक उम्र 28 साल निवासी फिरदौस कालोनी थाना रामदास पेठ मुजफ्फरनगर अल्लाह मस्जिद जवल अकोला जिला अकोला महाराष्ट्र दूसरा व्यक्ति आयाज खान पिता दाऊद खान उम्र 39 वर्ष निवासी मुजफ्फरनगर नया वैधपुरा अरबी मदरसा के सामने अल्लाह मस्जिद जवल फिरदौस कालोनी थाना रामदास पेठ अकोला जिला महाराष्ट्र जिसके कब्जे से दो अलग- अलग बैग में 10- 10 पैकेट मादक पदार्थ गांजा टेप लगा हुआ कुल वजन 23 किलो 270 ग्राम लगभग 10 लाख रू बरामद किया गया।

### सुशासन तिहार के दौरान जिले में प्राप्त आवेदनों का शत-प्रतिशत निराकरण

**रायपुर, 28 जून।** सुशासन तिहार केवल शिकायतों के समाधान का मंच नहीं, बल्कि गया है। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में जिले में पशुधन विकास विभाग ने पशुपालन आधारित रोजगार एवं स्वरोजगार से जुड़ी ग्रामीणों की सभी मांगों का समयबद्ध निराकरण कर उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल की है। जिला प्रशासन अंबिकापुर द्वारा सुशासन तिहार के दौरान जिलेभर से प्राप्त 507 आवेदनों का शत-प्रतिशत निराकरण सुनिश्चित किया गया। इनमें बकरी पालन, सूकर पालन, मुर्गी पालन, गाय पालन तथा अन्य पशुपालन गतिविधियों से संबंधित आवेदन शामिल रहे। जिले के जनपद पंचायतवार प्राप्त आवेदनों में लखनपुर से सर्वाधिक 96 आवेदन, मैनपाट से 84, सीतापुर से 81, बतौली से 70, अम्बिकापुर से 67, उदयपुर से 66 तथा लुंड्रा से 43 आवेदन प्राप्त हुए। सभी जनपदों में प्राप्त प्रत्येक आवेदन का शत-प्रतिशत निराकरण सुनिश्चित किया गया।

# नक्सल मुक्त बस्तर के नवनिर्माण में समाज निभाए अग्रणी भूमिका : विजय शर्मा



**रायपुर, 28 जून।** उप मुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा ने कहा कि नक्सलवाद से मुक्त हो रहे बस्तर के नव निर्माण में समाज की भागीदारी सबसे महत्वपूर्ण है। विकास, सामाजिक समरसता, सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण और प्राकृतिक संसाधनों के संवर्धन के लिए समाज को संगठित होकर आगे आना होगा। उन्होंने यह बात आज नारायणपुर के जिला पंचायत सभाकक्ष में आयोजित सर्व आदिवासी समाज प्रमुखों की बैठक को संबोधित करते हुए कही। उप मुख्यमंत्री श्री शर्मा ने कहा कि नक्सलवाद समाप्त होने के बाद कुछ लोग यह भ्रम फैलाने का प्रयास कर रहे हैं कि अब जंगलों की कटाई होगी या बड़े पैमाने पर उद्योग स्थापित किए जाएंगे। उन्होंने समाज प्रमुखों से ऐसे भ्रामक प्रचार से सतर्क रहने और लोगों को सही जानकारी देने का आग्रह किया। उन्होंने स्पष्ट किया कि बस्तर के नवनिर्माण का जिम्मा अब बस्तर के युवाओं के मजबूत कंधों पर टिका है और सरकार विकास के साथ-साथ जल, जंगल और जमीन के संरक्षण के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

उन्होंने कहा कि समाज के भीतर आदिवासी परंपरा का पालन करने वाले लोगों और उससे अलग हो चुके लोगों के बीच अनावश्यक द्वंद की स्थिति बन रही है। यह समाज के हित में नहीं है। समाज प्रमुखों को आगे आकर आपसी वैमनस्य समाप्त करने और सामाजिक सौहार्द बनाए रखने के लिए सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए।

उप मुख्यमंत्री ने सामाजिक स्थलों एवं देवस्थलों का राजस्व अभिलेखों में चिन्हांकन कराने पर विशेष जोर दिया। उन्होंने बताया कि मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी जिले में शासन और प्रशासन के सहयोग से देवभूमियों का सफलतापूर्वक चिन्हांकन कराया जा रहा है। इसी तर्ज पर नारायणपुर में भी सभी समाज प्रमुख मिलकर एक समिति का गठन करें, ताकि सामाजिक एवं धार्मिक स्थलों का चिन्हांकन शीघ्र पूरा हो सके और भविष्य में उनका संरक्षण सुनिश्चित किया जा सके। बैठक के दौरान समाज प्रमुखों द्वारा गढ़िया बाबा के देवस्थल के संरक्षण का विषय उठाए जाने पर उप मुख्यमंत्री श्री शर्मा ने तत्काल बाउंड्री वॉल, नलकूप तथा सोलर लाइट की व्यवस्था कराने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। उन्होंने कहा कि आस्था के केंद्रों का संरक्षण समाज की सांस्कृतिक पहचान को मजबूत करने का महत्वपूर्ण माध्यम है। उप मुख्यमंत्री ने वन संरक्षण को समाज का साझा दायित्व बताते हुए कहा कि जंगलों को बचाने के लिए व्यापक जनजागरूकता अभियान चलाया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि यदि वैज्ञानिक तरीके से लघु वनोपजों का संग्रहण एवं दोहन किया जाए तो वन भी सुरक्षित रहेंगे और ग्रामीणों को खेती की तुलना में अधिक आर्थिक लाभ प्राप्त हो सकता है। उन्होंने समाज प्रमुखों से इस विषय पर गांव-गांव लोगों को जागरूक करने का आग्रह किया।

# सांसद बृजमोहन अग्रवाल का हस्तक्षेप
# बोले- बिना पुनर्वास किसी को नहीं करेंगे बेघर

- किसी के सिर से नहीं छीनी जाएगी छतः नकटी के प्रभावित परिवारों को सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने दिलाया विश्वास
- नकटी में विकास बनाम विस्थापन पर सांसद की दो-टूकः मुख्यमंत्री से चर्चा कर निकालेंगे न्यायपूर्ण समाधान



**रायपुर, 28 जून।** रायपुर के नकटी क्षेत्र में प्रस्तावित विधायक कॉलोनी और वहां निवासरत परिवारों को मिल रहे बेदखली नोटिस के संबंध में प्रभावित ग्रामीणों ने सांसद श्री बृजमोहन अग्रवाल से भेंट की। ग्रामीणों ने प्रशासन द्वारा दी गई नोटिस और उसके बाद उत्पन्न स्थिति से सांसद को अवगत कराया।

इस गंभीर विषय पर चर्चा करते हुए सांसद श्री बृजमोहन अग्रवाल ने स्पष्ट किया कि, ÷प्रस्तावित कार्यों के लिए किसी को भी बेघर करना सरकार की प्राथमिकता नहीं है। मैंने पूर्व में भी इस संबंध में शासन को अपना पक्ष स्पष्ट किया है और अब भी मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय जी से इस पर चर्चा कर उचित समाधान निकालने का प्रयास करूँगा।।

सांसद श्री अग्रवाल ने पीड़ित ग्रामीणों और प्रशासनिक अधिकारियों के साथ बैठक ली। जिसमें प्रशासन को निर्देश दिए गए हैं कि जब तक प्रभावित परिवारों के लिए उचित वैकल्पिक व्यवस्था या पुनर्वास योजना तैयार न हो जाए, तब तक किसी भी स्थिति में बेदखली की कार्रवाई न की जाए। श्री अग्रवाल का कहना है कि, जिन परिवारों के पास कोई अन्य आवास नहीं है और जो पूर्णतः बेघर हो जाएंगे, उनकी समस्या का समाधान करना सरकार की जिम्मेदारी है। सरकार की योजनाओं का उद्देश्य जन-कल्याण है, न कि किसी को संकट में डालना। सांसद श्री बृजमोहन अग्रवाल ने ग्रामीणों से अपील की है कि, जिनके पास अन्य स्थानों पर घर उपलब्ध हैं, वे सरकारी योजनाओं को सुगम बनाने हेतु स्वतः सहयोग करें, ताकि जो वास्तव में जरूरतमंद और भूमिहीन हैं, उन्हें समुचित पुनर्वास का लाभ मिल सके।

सांसद श्री बृजमोहन अग्रवाल ने बैठक में उपस्थित प्रशासनिक और पुलिस अधिकारियों को निर्देशित किया कि इस पूरी प्रक्रिया में मानवीय दृष्टिकोण अपनाते हुए ग्रामीणों के साथ संवाद कायम रखा जाए। उन्होंने आश्वस्त किया कि किसी भी परिवार के साथ अन्याय नहीं होने दिया जाएगा और सरकार इस मामले में एक सकारात्मक और न्यायपूर्ण रास्ता निकालेगी। ग्रामीणों का सांसद श्री बृजमोहन अग्रवाल पर अटूट भरोसा है कि, उनके नेतृत्व में उन्हें न्याय मिलेगा और उनके सिर से छत नहीं छीनी जाएगी. वे पूरी उम्मीद लगाए बैठे हैं कि सांसद इस मामले में सरकार से प्रभावी हस्तक्षेप करवाकर उन्हें बेदखली के इस संकट से सुरक्षित बाहर निकालेंगे। पूर्व में भी सांसद श्री बृजमोहन अग्रवाल ने इस मुद्दे पर अपना समर्थन दिया था और इस परियोजना के विरोध में मुख्यमंत्री को पत्र भी लिखा था।

## अंतर्राष्ट्रीय नशा निरोधक दिवस पर विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन




■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**तिल्दा नेवरा 28 जून।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली के निर्देशन और राज्य विधिक सेवा बिलासपुर के तत्वाधान में अध्यक्ष जिला न्यायाधीश महोदय बलराम प्रसाद वर्मा के निर्देशानुसार एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव अविनाश कुमार दुबे जिला रायपुर के मार्गदर्शन में एवं अध्यक्ष भावेश कुमार वट्टी तालुका विधिक सेवा समिति न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी व्यवहार न्यायालय तिल्दा के आदेश अनुसार पैरालिगल वालंटियर द्वारा मजदूरों के बीच कार्य स्थल पर जाकर नालसा एवं सालसा के विभिन्न योजनाओं की जानकारी दिया गया जिसमें मुख्य रूप से नालसा के डान योजना 2025 के अंतर्गत लोगों को नशीली दवाओं के सेवन से होने वाले शारीरिक और मानसिक नुकसान सामाजिक समस्याओं और इसके अवैध व्यापार के बारे में जागरूक किया , मजदूरों को नशा से दूर रहने एवं स्वच्छ जीवन जीने की अपील की, नालसा जागृति योजना 2025 के अंतर्गत वरिष्ठ जन अधिकार सशक्तिकरण और गरिमा एवं नालसा की निःशुल्क विधिक सहायता के पात्र व्यक्ति के बारे में जानकारी प्रदान किया गया, नालसा संगठित क्षेत्र के श्रमिकों के लिए कानूनी सेवाएं योजना 2025 ,इसके अलावा माता-पिता भरण पोषण अधिनियम 2007 योजना नालसा टोल फ्री नंबर 15100, साइबर अपराध हेल्पलाइन नंबर 1930 , महिला हेल्पलाइन नंबर 1091, की जानकारी पैरालिगल वॉलिंटियर रिखी राम वर्मा द्वारा मजदूरों के बीच उसके कार्य स्थल जाकर ग्राम टोहड़ा में विधिक साक्षरता शिविर के माध्यम से जानकारी प्रदान किया गया।

## शाला प्रवेश उत्सव एवं नेवता भोज



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**सिमगा 28 जून।** प्राथमिक शाला लांजा में शाला प्रवेश उत्सव एवं नेवता भोज का हर्षोल्लास के साथ आयोजन किया गया। इस अवसर पर शाला विकास समिति के अध्यक्ष एवं सदस्यगण, सरपंच महोदय, पंचगण, अभिभावक तथा ग्रामीणजन उपस्थित रहे। नवप्रवेशी बच्चों का तिलक लगाकर एवं आत्मीय स्वागत किया गया। इसके पश्चात खीर-पूरी के साथ नेवता भोज का आयोजन किया गया। सभी ने बच्चों के उज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ देते हुए उनके कक्षा पहली में प्रवेश का उत्सव उत्साहपूर्वक मनाया।



**सिमगा 28 जून(तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** फुटबॉल का महाकुम्भ उन्मुक्त खेल मैदान सिमगा में आज से आगाज हुवा जहाँ पहला मैच मस्ती इलेवन 1/ह्य बादशाह इलेवन के मध्य खेला गया जिसमे मस्ती इलेवन की टीम 3-0से विजयी रही वही दूसरा मैच ग्रीन इलेवन 1/ह्य मास्टर इलेवन के मध्य खेला गया जिसमे ग्रीन इलेवन सिमगा की टीम 2-0 से विजयी हुवा यह मैच सोमवार तक चलेगी, यह प्रतियोगिता बिना किसी जनसहयोग से खेला जा रहा है।

# पुनर्वासित युवाओं से मिले उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा और वन मंत्री केदार कश्यप




**रायपुर, 28 जून।** उप मुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा नारायणपुर प्रवास के दौरान पुनर्वास केंद्र पहुंचकर हिंसा का रास्ता छोड़ मुख्यधारा से जुड़े युवाओं से आत्मीय संवाद किया। इस दौरान वन एवं पर्यावरण मंत्री श्री केदार कश्यप भी मौजूद रहे। दोनों मंत्रियों ने युवाओं से पुनर्वास केंद्र में मिल रही सुविधाओं, प्रशिक्षण और रोजगार की संभावनाओं पर चर्चा की और उन्हें विकास की मुख्यधारा में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया। उप मुख्यमंत्री श्री शर्मा ने युवाओं से आधार कार्ड, राशन कार्ड, आयुष्मान कार्ड, बैंक खाते सहित अन्य जरूरी दस्तावेजों और शासकीय सुविधाओं की उपलब्धता के बारे में पूछा। उन्होंने कहा कि शासन का उद्देश्य हर पुनर्वासित युवक-युवती को सम्मानजनक जीवन और आत्मनिर्भर बनने के लिए सभी सुविधाएं देना है गृह मंत्री श्री शर्मा ने युवाओं से कहा कि वे जेल में बंद अपने पूर्व साथियों से मिलकर उन्हें भी पुनर्वास योजना का लाभ लेने और समाज की मुख्यधारा से जुड़ने के लिए प्रेरित करें। उन्होंने कहा कि विकास और शांति का रास्ता ही बस्तर के उज्ज्वल भविष्य का आधार है।

उप मुख्यमंत्री ने केंद्र में चल रहे कौशल विकास प्रशिक्षण की जानकारी ली। महिलाओं द्वारा मोटर वाहन ड्राइविंग का प्रशिक्षण लेकर आत्मनिर्भर बनने की दिशा में दिखाई जा रही भागीदारी की सराहना की। चर्चा के दौरान युवाओं ने खेतों में सिंचाई के लिए बोर की जरूरत बताई। इस पर श्री शर्मा ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि शहीदों के परिवारों और पुनर्वासित युवाओं का सर्वे कराकर उनके खेतों में सिंचाई की समुचित व्यवस्था की जाए, ताकि वे खेती से स्थायी आजीविका कमा सकें। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में पेसा अधिनियम को और प्रभावी बनाने का काम लगातार हो रहा है। बस्तर के जनप्रतिनिधि आदिवासी समाज से हैं और क्षेत्र के विकास के लिए निरंतर प्रयासरत हैं। उन्होंने युवाओं से सोशल मीडिया पर फैलने वाली भ्रामक सूचनाओं से सावधान रहने को कहा। साथ ही शासन की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने में सहभागी बनने का आह्वान किया। वन एवं पर्यावरण मंत्री श्री केदार कश्यप ने कहा कि स्वतंत्रता संग्राम से लेकर बस्तर के निर्माण तक आदिवासी समाज का योगदान महत्वपूर्ण रहा है। अब समय बस्तर को शांति, विकास और समृद्धि की नई दिशा देने का है। हिंसा छोड़कर मुख्यधारा से जुड़ने वाले युवाओं ने इस बदलाव की शुरुआत कर दी है। अब सभी को मिलकर क्षेत्र और समाज के समग्र विकास के लिए काम करना चाहिए।इस मौके पर पुलिस महानिरीक्षक श्री सुंदरराज पी., कलेक्टर कांकेर श्री निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर, पुलिस अधीक्षक नारायणपुर श्री रॉबिन्सन गुरिया सहित जिला प्रशासन, पुलिस और संबंधित विभागों के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

### रेंगाकठेरा के योगेश निषाद राष्ट्रीय एकता शिविर में करेंगे प्रतिनिधित्व

**तुमड़ीबोड़ 28 जून।** छुहिया रेंगाकठेरा हायर सेकेंडरी स्कूल के छात्र योगेश निषाद का चयन राष्ट्रीय एकता शिविर के लिए हुआ है। यह शिविर हरियाणा के महेंद्रगढ़ जिले के आरपीएस सीनियर सेकेंडरी स्कूल, खातौद में 24 से 30 जून, 2026 तक आयोजित किया जा रहा है।



इस शिविर में योगेश निषाद हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग की ओर से छात्र स्वयंसेवक के रूप में सम्मिलित हुये हैं।इस वर्ष के राष्ट्रीय एकता शिविर का मुख्य विषय युवा फॉर माय भारत एवं युवा फॉर डिजिटल लिटरेसी रखा गया है।इस आयोजन के माध्यम से युवाओं को देश की विविध संस्कृति, कला, प्रतिभा और नेतृत्व क्षमता को प्रदर्शित करने का अवसर मिलेगा। शिविर के दौरान प्रतिभागी विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों में शामिल होंगे, जिनमें शामिल हैं: पारंपरिक वेशभूषा, लोकगीत और देशभक्ति गीत नुक्कड़ नाटक, आशु भाषण, वाद-विवाद और पोस्टर मेकिंग विभिन्न शैक्षिक कार्यक्रम और एथलेटिक खेल यह शिविर न केवल सांस्कृतिक आदान-प्रदान का केंद्र होगा।

# प्रतिभा पलायन नहीं प्रतिभा आमंत्रण का देश बनाएं: संजीव ठाकुर




**रायपुर 28 जून।** नव छत्तीसगढ़ साहित्य, संस्कृति संस्थान के तत्वावधान में शुक्रवार को रायपुर स्थित वृन्दावन सभागार में 'प्रतिभा पलायन' विषय पर वैचारिक विमर्श एवं भव्य काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता अंतरराष्ट्रीय कवि चिंतक लेखक स्तंभकार संजीव कुमार ठाकुर ने की, मुख्य अतिथि डॉ. तपेश चन्द्र गुप्ता थे। विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रेस क्लब के अध्यक्ष श्री मोहन तिवारी, डॉ. किशोर अग्रवाल आईपीएस, विषय विशेषज्ञ प्रवक्ता डॉ. आदित्य नारायण तिवारी एवं डॉ. गिरजा शंकर गौतम उपस्थित रहे। सभी अतिथियों ने 'प्रतिभा पलायन' विषय पर अपने विचार व्यक्त किए। संस्थान के अध्यक्ष. संजीव कुमार ठाकुर ने कहा कि आज संभावनाओं का आकाश विस्तृत है और युवाओं का विदेशों की ओर आकर्षित होना समय की मांग है, किंतु अपनी मातृभूमि, अपनी संस्कृति और अपनी माटी से जुड़ाव बनाए रखना भी उतना ही आवश्यक है। देश को प्रतिभा पलायन का नहीं प्रतिभा आमंत्रण (ब्रेन ड्रेन का नहीं ब्रेन गेन) का का देश बनाना होगा मुख्य अतिथि डॉ. तपेश चन्द्र गुप्ता ने कहा कि पलायन गतिशीलता का पर्याय है, किंतु इसका उद्देश्य केवल व्यक्तिगत उन्नति नहीं, बल्कि समाज और राष्ट्र के विकास में योगदान भी होना चाहिए। विशिष्ट अतिथि डॉ. गिरजा शंकर गौतम ने देश के भीतर उपलब्ध अवसरों को पहचानने और प्रतिभाओं को स्वदेश में ही अपनी क्षमता का उपयोग करने पर बल दिया। अमेरिका में सेवाएं दे रहे रायपुर के युवा प्रतिभा डॉ. आदित्य नारायण तिवारी ने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि वैश्विक अवसरों का लाभ लेने के साथ-साथ अपनी जड़ों से जुड़े रहना भी आवश्यक है।

पूर्व डीआईजी डॉ. किशोर अग्रवाल ने कहा कि प्रतिभाओं को देश में ही बेहतर अवसर उपलब्ध कराने के लिए शासन, समाज एवं शैक्षणिक संस्थानों को समवेत प्रयास करने होंगे। कार्यक्रम के द्वितीय सत्र में भव्य काव्य गोष्ठी आयोजित की गई, जिसमें प्रदेश के प्रतिष्ठित कवियों एवं शायरों डॉ. किशोर अग्रवाल, सरोज साव, मन्नूलाल यदु, अभिषेक वैष्णव, डॉ. सीमा श्रीवास्तव, चेतन भारती, सीमा शर्मा, शिवशंकर गुप्ता, छविलाल सोनी, आशा मानव, साधना कसार, प्रमोद पटेले, मोहन तिवारी, गोपाल प्रसाद देवांगन, युक्ता राजश्री, डॉ विभाषा मिश्रा, सुनीता तिवारी,डॉ. नौशाद अहमद सिद्दीकी, रजनीश श्रीवास्तव तथा शायर रवि कुमार ने अपनी प्रभावशाली काव्य प्रस्तुतियों से श्रोताओं की भरपूर सराहना प्राप्त की। कार्यक्रम का सफल संचालन शशांक खरे, डॉ. सीमा श्रीवास्तव एवं ऋषभदेव साहू ने किया। अंत में संस्थान के सचिव सुमन शर्मा बाजपेई ने आभार प्रकट करते हुए बताया कि हिंदी, उर्दू एवं छत्तीसगढ़ी भाषाओं में प्रस्तुत उत्कृष्ट रचनाओं ने श्रोताओं का मन मोह लिया तथा पूरे आयोजन में साहित्यिक गरिमा और सांस्कृतिक चेतना का सुंदर समन्वय देखने को मिला।

**कार्यक्रम की प्रमुख काव्य प्रस्तुतियाँ इस प्रकार रही**

कुमार जगदली
तुम क्या सोचो, तुम ही चालक बहुत हो,
तुम चाहो हम भी पूँछ कटा लें, शातिर बहुत हो।
तेरे सम्मुख काशी, मथुरा, अयोध्या डट गए,
तुम चुप थे, अब हम जो कब्ज़ा तोड़े, अधीर हो गए।
डॉ. सीमा श्रीवास्तव
आकाश की उड़ान में पक्षियों के पर बोलते हैं,
और ज़मीं पर कलाकारों के हुनर बोलते हैं।
अभिषेक वैष्णव
मैं जीवन के सरल मार्ग पर
कठिनाई में भी चलता जाता हूँ।
भीतर-भीतर सुलग रहा हूँ,
धुआँ-धुआँ जलता जाता हूँ।
प्रमोद पटेले
देश मेरा प्यारा, सब कुछ तो है मगर,
पैसों के लिए यहाँ इंसान को रहती है फिक्र।
माता-पिता सोचते हैं बेटा पढ़कर वापस आएगा,
समाज में हमारा नाम और शोहरत बढ़ाएगा।
रिश्तो को बेजार करते,
स्वार्थ से घिरे जकड़े लोग द्य
कब तलक बांध लेंगे जीवन को,
चैन की सास कैसे लेंगे मालूम नहीं द्यद्य
डॉ साधना कसार
सरोज साव
सीख लिया मैंने, ठोकर खाकर संभलना,
गिरकर फिर से उठना।
रास्तों के पत्थरों से बचना,
दुख से उबरना सीख लिया मैंने।
डॉ. नौशाद अहमद सिद्दीकी
हवा ज़माने की तुमको कहीं न बहा दे,
कोई तो घर में सयाना बहुत ज़रूरी है।
वतन की मिट्टी में पलकर जवान तो हो गए,
अब इसका कर्ज़ चुकाना बहुत ज़रूरी है।
जो चाहते हो आसमाँ की बुलंदी,
परों में ताप का लाना बहुत ज़रूरी है।
चेतन भारती (छत्तीसगढ़ी)
घुमरत-घुमरत आजा रे बादर,
कहाँ भुलागे अंगना के रद्दा।
सुखागे धरती के टोंटा,
जिनगी के पानी बोहा देना।
सुमन शर्मा बाजपेयी
सूख चुके मेरे अश्रु, जो बात-बात पर बहते थे,
दूर किनारे जा बैठे, जो भँवर में संग-संग रहते थे।

## शराब भट्ठी से अधिक मात्रा में ला रहे थे शराब, दो आरोपी पकड़े गए

**डोंगरगढ़ 28 जून।** बोरतलाव सरकारी शराब दुकान से अधिक मात्रा में शराब ले कर परिवहन करना दो आरोपियों को महंगा पड़ा और पुलिस ने उन्हें रंगे हाथ पकड़ लिया। पुलिस से मिली जानकारी अनुसार 26 जून को मुखबिर से सूचना मिली कि दो व्यक्ति बोरतलाव रोड की ओर से निर्धारित मात्रा से अधिक शराब लेकर आ रहे हैं। पुलिस ने नाकाबंदी कर शत्रुघन उर्फ करण पिता दशरथ यादव उम्र 20 वर्ष निवासी ठेठवार पारा डोंगरगढ़ व तोरण पटेल पिता दिलीप पटेल उम्र 22 वर्ष निवासी ठेठवार पारा डोंगरगढ़ जिला राजनांदगांव को पकड़ा और तलाशी के दौरान उनके कब्जे से 55 पाव देशी प्लेन शराब तथा मोटरसाइकिल क्रमांक छ्त्र 04 च्ञ 1049 बरामद हुई। पुलिस ने आबकारी अधिनियम की धारा 34(2) के तहत कार्रवाई करते हुए दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहाँ से उन्हें जेल भेज दिया गया।कार्रवाई में निरीक्षक भूषण चंद्राकर, प्रधान आरक्षक रूपेश देवांगन, आरक्षक अशोक यादव एवं किशन चंद्रा का सराहनीय योगदान रहा।



# सियासत हो या फिर शतरंज, दोनों का नियम ये है... बलि प्यादों की चढ़ती है, वजीरों को बचाने में...



मो. गजनबी, गोरी, औरँगजेब आदि मुग़ल आक्रांताओं पर मंदिर की संपत्तियों लूटने, मंदिर को मस्जिद में बदलने का आरोप लगता रहा है, पर राम राज्य स्थापित करने, सनातन की दुहाई देने वाली पार्टी, राम को लाने का दावा करने वाली सरकार ने राम मंदिर अयोध्या में चढ़ावे में लूट के बाद देर से एफआईआर दर्ज कराना भी चर्चा में है।एक ट्रस्टी की रिपोर्ट पर 8 कर्मचारियों पर जुर्म दर्ज किया है, बड़े बड़े लोग तो अभी भी जाँच के दायरे में हैं।ज़ब राम मंदिर बनाने का श्रेय भाजपा लेती हैं तो इस मंदिर से जुड़े हानि लाभ का भी उस पर असर जरूर पड़ेगा।भाजपा रामराज स्थापित करने की बात करती है, हर समस्या पर एक ही नारा होता है..'जय श्रीराम '।अयोध्या में भाजपा ने राम मंदिर तो बनवा दिया, पर उनका सांसद नहीं बन सका...हाल ही वहाँ चढ़ावे की बड़ी रकम की अफ़रातफ़री की खबर भी चर्चा में है...? तिरुपति बालाजी में चर्बी से बने घी से लड्डू, केदारनाथ मंदिर, वैष्णो देवी आदि में सोना, चांदी पार करने आदि का मामला 12 सालों की केंद्र सरकार भी चर्चा में है।

राम मंदिर निर्माण के लिये चंदा, सस्ती जमीन को मँहगे में खरीदने के आरोप लगते रहे है, अब चढ़ावे की चोरी होने के आरोप हैं..? राम मंदिर से चांदी की 200 ईंट गायब होने के आरोप हैं, विश्व सिंधी सेवा संगम ने गंभीर आरोप लगाए हैं और दान की 200 किलो चांदी पर जवाब भी मांगा है। 2021में 200 किलो चांदी की ईंट दान की गई थी, मौजूदा वक्त में इसकी कीमत 5 करोड़ ? से ज्यादा है, दावा है कि सिंधी सेवा संगम को दान की कोई रसीद नहीं मिली थी, रामलला को दान में 60किलो चांदी की शिलाएं मिली थीं, खबर है कि एसआईटी को जांच में चांदी शिलाएं नहीं मिली। उत्तर भारत ज्वेलर्स संगठन के अनु राग रस्तोगी के पास रसीद है।देश भर के ज्वेलर्स से 10-20 ग्राम कर 60 किलो चांदी जमा की थी, लेकिन करीब 1.5 करोड़ की चांदी गायब होने से हड़कंप मचा है।राम लला को दान में मिला हीरे से जड़ा एक हार गायब है, जौनपुर के एक श्रद्धालु ने इसे करोड़ों में मुंबई में बनवाया था। टिन्नू यादव के जरिए रामलला को उपहार दिया गया था।श्रद्धालु की दी गई सोने की चरण पादुका भी गायब है। दावा है, पादुका 1 किलो सोने, 7 किलो चांदी से बनी थी, एसआईटी ने, राम मंदिर के पुजारी से हार, चरण पादुका पर सवाल किया तो उन्होंने कहा- दोनों रामशंकर यादव उर्फ टिन्नू को लौटा दी थी, टिन्नू यादव से भी सवाल किया तो सोने के गहनों को गलाकर ईंट बनाने की बात कही, यह भी कहा कि गहने रखने का काम केडी तिवारी देखते हैं, लेकिन केडी तिवारी के पास न सोने की ईंट मिली, न कोई रसीद?चढ़ावे में मिले, सोने- चांदी के कई गहने चोरी होने का भी दावा है, चर्चा है, 1 सोने की गदा, कई कीमती राम शिलाएं गायब हैं, दानपात्र से सबसे ज्यादा चोरी हेरफेरी होने के आरोप हैं, सपा ने दानपात्र से 7.5 करोड़ ? की चोरी के आरोप लगाए हैं तो आम आदमी पार्टी ने तो 200 करोड़ ? से ज्यादा चोरी का दावा किया है। मंदिर से जुड़े कर्मचारियों के पास से काफी नगदी मिला है।कर्मचारियों के घर और उनकी निशानदेही पर 2 करोड़ बरामद किए हैं। एसआईटी की जाँच रिपोर्ट के बाद योगी सरकार की अगली कार्यवाही पर देश की निगाह है?

### राहुल का दौरा, ट्रेनिंग और टपरी में चाय...




लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी छत्तीसगढ़ के अभनपुर पहुंचे। जहां कांग्रेस के प्रशिक्षण शिविर में शामिल हुए, वरिष्ठ नेताओं से चर्चा की तो टपरी में चाय भी पी। 40 मिनट सीनियर नेताओं से मुलाकात की। बाद में कॉग्रेस अध्यक्षों केसाथ सीधी बात चीत की। 4 घंटे प्रोग्राम के बाद एयरपोर्ट के लिए रवाना हुए, पहले एयरपोर्ट के पास ही रुककर राहुल ने टपरी पर चाय पी, अध्यक्ष दीपक बैज को बिस्किट भी खिलाया।इस दौरान सचिन पायलट, भूपेश बघेल, टी एस सिंहदेव, डॉ चरणदास महंत समेत कई वरिष्ठ नेता मौजूद रहे। अभन पुर में चल रहा शिविर पूरी तरह से गोपनीय था लेकिन कांग्रेस कार्यकर्ता दूर-दूर से पहुंचे थे। कार्यकर्ताओं की इतनी भीड़ रही छ्ग के नेता प्रतिपक्ष चरण दास महंत भी धक्का- मुक्की के बीच गेट के बाहर ही रह गए थे, वीडियो भी सामने आया है, राहुल ने कार्यक्रम में सीनियर नेताओं और पूर्व मंत्रियों से करीब 40 मिनट मुलाकात की, साथ ही करीब 70 लोगों का डेलिगे शन भी राहुल गांधी से मिला, जिसमें पूर्व विधायक, सांसद और पदाधिकारी शामिल थे। प्रदेश की राजनीति को लेकर राहुल से चर्चा हुई है।बाद में जिलाध्यक्षों को ट्रेनिंग दी।



### मध्य प्रदेश के डीजीपी और बस्तर की यादें...

भारत 31 मार्च 2026 को पूरी तरह से 'लाल आतंक' से मुक्त होगया है। नक्सलियों का सबसे मजबूत गढ़ रहे बस्तर इलाके में अब बंदूकें शांत हो चुकी हैं, नक्स लियों की कमर तोड़ने कई जांबाज अधिकारियों ने बेहद अहम भूमिका निभाई है। यही वजह है, आज भी जब इन अफसरों के कदम नक्सल प्रभावित रहे बस्तर की धरती पर पड़ते हैं, तो पुरानी यादेंभी ताजा हो उठती हैं, ऐसा ही कुछ मध्य प्रदेश के पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाना के साथ भी हुआ, मकवाना, सोशल मीडिया पर पोस्ट साझा करते लिखा, जगदलपुर में आयोजित केंद्रीय क्षेत्रीय परिषद की बैठक में भाग लिया, साथ ही नक्सल प्रभावित राज्यों के डीजीपी की विशेष बैठक में भी हिस्सा लिया, डीजीपी मकवाना ने लिखा ÷मैं साल 1994 से 1996 तक दंते वाड़ा-बस्तर जिले का एसपी थाज आज यहां आकर मेरी पुरानी यादें फिर ताजा हो गई, गौरतलब है कि साल 1994 में छत्तीसगढ़ अलग राज्य नहीं था, बल्कि वह मध्यप्रदेश का ही एक हिस्सा हुआ करता था, यही कारण था कि मप्र कैडर के आईपीएस को दंते वाड़ा-बस्तर जैसे बेहद चुनौती पूर्ण और संवेदनशील जिलों में तैनात किया जाता था।बाद में साल 2000 में मध्यप्रदेश से अलग होकर छत्तीसगढ़ एक नया राज्य बना, बस्तर में 1980 से नक्सली गतिविधियां तेज होने लगी थीं।



### अकलतरा में पकड़ाया आईएसआई एजेंट...

पाकिस्तान खुफिया एजेंसी आईएसआई के स्लीपर सेल का एक सदस्य अकलतरा से पकड़ा गया है। पकड़ा गया सदस्य अकलतरा में अपनी पहचान छिपा किराये में रह रहा था, अकलतरा पुलिस की टीम ने किराएदारों के सत्यापन अभियान में पंजाब के 23 वर्षीय युवक सेवक सिंह को गिरफ्तार किया है। सेवक सिंह पर खुफिया जानकारी पाकिस्तान को भेजने गंभीर आरोप है, जांजगीर चांपा के एसपी विजय कुमार पांडे के अनुसार पकड़ाये युवक के मोबाइल डिटेल से संदिग्ध नंबरों पर वीडियो कॉलिंग और वाट्सएप चैट किये गए हैं, वीडियो कॉलिंग और कॉल रिकार्ड केआधार पर युवक के आईएस आई के स्लीपर सेल के सदस्य होने की पुष्टि हुई है, पुलिस ने एटीएस टीम को संदिग्ध युवक के पकड़े जाने की जानकारी दे दी है।एसपी विजय पांडे ने बताया, सेवक सिंह के मोबाइल फोन में आई एसआई से सम्बंधित अहम जानकारियां मिली हैं, पूछताछ में सेवक ने सोशल मीडिया में आनेवाले आईएसआई वीडि ओ देखते दिए गए नंबर पर अपनी जानकारी भेजी और वहां से 20 हजार ? भेजे गए। पैसे देने वाले ने सेवक सिंह से लोकेशन, वीडिओ मंगाया। सेवक, जे एसडब्लू पावर कम्पनी के अलावा बिलासपुर के सीपत में संचा लित एनटीपीसी की लोके शन, वीडियो शेयर किया, आरोपी ने छ्ग के महत्वपूर्ण व्यक्तियों के साथ ही संवेदन शील स्थानों, वाहनों की लोके शन, वीडिओ संदिग्ध नंबरों पर शेयर किया है, एसपी ने बताया, आईएसआई स्लीपर सेल के माध्यम से बड़ी वार दात को अंजाम देने फिराक में थे, जिसका प्रमाण उसके मोबाइल में किये गए चैट से मिला है। एसपी ने बताया कि सेवक सिंह जब पंजाब जाता, तब उसे पाकिस्तान से ड्रोन के माध्यम से हथियार, आतंकी सामान भेजने की तैयारी थी।जिसका उपयोग भीं टारगेट किलिंग में किया जा सकता था। जांजगीर पुलिस मामले की जांच के लिए फॉरेंसिक टीम की मदद लेगी।



### और अब बस.....

- » छत्तीसगढ़ सरकार वरिष्ठ आईपीएस बद्रीनारायण मीणा को बस्तर रेंज का नया आईजी नियुक्त किया है।
- » मध्यप्रदेश-छत्तीसगढ़ की कई सरकारी, सेंट्रल यूनिवर्सि टीज ने ऐतिहासिक फैसला लिया है।अब इनसे मिलने वाली डिग्रियों मार्कशीट, सर कारी चिट्ठियों, निमंत्रण पत्रों, कॉलेज के साइन बोर्ड्स से भी 'इंडिया' शब्द हटा इसकी जगह 'भारत ' लिखा जाएगा
- » दुर्ग पुलिस ने आन लाइन जुआ-सट्टा, म्यूल अकाउंट नेटवर्क के खिलाफकार्रवाई कर 3 अंतरराज्यीय आरो पितों को गिरफ्तार किया है।

## एक नजर

### ट्रैफिक पुलिस जवानों को मिलेगा एसी वाला हेलमेट

**रायपुर, 28 जून।** ट्रैफिक जवानों को प्रतिदिन कई घंटे खुले आसमान के नीचे खड़े रहकर यातायात नियंत्रित करना पड़ता है। गर्मी के मौसम में हीट स्ट्रेस, डिहाइड्रेशन और थकान जैसी समस्याएं आम हो जाती हैं। ऐसे में जवानों को एसी वाले हेलमेट देने की तैयारी चल रही है। रायपुर में शनिवार को उसका ट्रायल शुरू किया गया। यह तकनीक न केवल उनकी कार्यक्षमता बढ़ा सकती है, बल्कि स्वास्थ्य सुरक्षा के लिहाज से भी महत्वपूर्ण साबित हो सकती है। यदि ट्रायल सफल रहता है तो भविष्य में अधिक संख्या में ट्रैफिक जवानों को ऐसे हेलमेट उपलब्ध कराए जा सकते हैं। पुलिस विभाग का मानना है कि, बेहतर कार्य परिस्थितियां उपलब्ध कराने से जवानों की कार्यकुशलता और मनोबल दोनों में वृद्धि होगी। मनोबल दोनों में वृद्धि होगी। विवेक शुक्ला, एडीसीपी ट्रैफिक का कहना है कि एक कंपनी द्वारा कुछ एसी हेलमेट ट्रायल के लिए उपलब्ध कराए हैं। भीषण गर्मी में ड्यूटी करने वाले ट्रैफिक जवानों को राहत देने के उद्देश्य से इनका परीक्षण किया जा रहा है। हेलमेट के ऊपरी हिस्से में एक छोटा बैटरी संचालित फैन और एयर-डक्ट सिस्टम लगा होता है। पीछे कमर या बेल्ट पर बैटरी पैक लगाया जाता है, जो फैन बाहर की हवा को खींचकर फिल्टर करता है और चेहरे व सिर की ओर भेजता है।

### महतारी वंदन पोर्टल में हर विवाहित महिला का आवेदन स्वीकार करें: कांग्रेस

**रायपुर, 28 जून।** महतारी वंदन पोर्टल फिर से शुरू करने पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुये प्रदेश कांग्रेस की



मुख्य प्रवक्ता वंदना राजपूत ने कहा कि सरकार पोर्टल में सभी विवाहित महिलाओं को आवेदन करने का मौका दें। महतारी वंदन का पोर्टल तो सरकार को नैतिक रूप से सरकार को बंद ही नही करना था। फिर से पोर्टल को चालू कर रहे है, तो अब की बार हर महिलाओ को इसमें आवेदन करने की छूट देना चाहिये। हर विवाहित महिला को महतारी वंदन का लाभ मिलना चाहिये। सरकारी नौकरी, इनकम टैक्स की, ये जो बंदिशें लगायी गयी थी, उसको हटाया जाना चाहिये। प्रदेश कांग्रेस की मुख्य प्रवक्ता वंदना राजपूत ने कहा कि भाजपा सरकार समर्पित नक्सलियों को मौका दे रहे है, 1000 रू. महिना लेने का, तो फिर जो महिलाओं को चुनाव में वायदा किया था उनको क्यों वंचित कर रहे है? अभी महतारी वंदन में केवाईसी के नाम से लगभग 5 लाख महिलाओं का नाम काट दिया गया। अभी भी 20 लाख महिलाओं का केवाईसी नहीं हो पाया है, तो नये सिरे से आवेदन मंगा रहे और पुराने केवाईसी के नाम से नाम काट रहे है वह बंद किया जाना चाहिये।

### यात्री बस में लगी आग

**रायपुर, 28 जून।** सुबह 10 बजे रायपुर से निकल कर जगदलपुर जाने वाली महिंद्रा की एयरकंडीशंड बस में बेंद्री के पास आग लग गई, जिससे अफ़रा तफ़री मच गई, बस स्टाफकी सुझबुझ से आग पर काबू पा लिया गया, बाद में यात्रियों को महिंद्रा की दूसरी बस से आगे भेजा गया। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार घटना में कोई जनहानि नहीं हुई है, लेकिन महिंद्रा कंपनी के बस संचालन पर सवाल उठ रहे हैं क्योंकि रायपुर से जगदलपुर जाने निकली बस में थोड़ी ही दूरी में आग कैसे लग गई, क्या गाडी को समय समय पर चेक नहीं किया जाता? यात्रियों की जान को ताक पर रख के बसों का संचालन किया जता है?

# राजधानी में 11वीं मिनी गोल्फ नेशनल्स स्पर्धा शुरू

**14 राज्यों के 300 खिलाड़ी ले रहे हिस्सा**



**रायपुर, 28 जून।** मिनीगोल्फफेडरेशन ऑफ इंडिया के निर्देशन में मिनीगोल्फएसोसिएशन ऑफ छत्तीसगढ़ द्वारा आयोजित 11वीं मिनीगोल्फ नेशनल्स चैंपियनशिप का शुभारंभ शुक्रवार शाम प्रदेश के कैबिनेट मंत्री गुरु खुशवंत साहेब ने दावड़ा यूनिवर्सिटी, नया रायपुर में किया। 30 जून तक चलने वाली इस राष्ट्रीय प्रतियोगिता के उद्घाटन अवसर पर मंत्री गुरु खुशवंत साहेब ने कहा कि खेल युवाओं में अनुशासन, आत्मविश्वास और नेतृत्व क्षमता का विकास करते हैं। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में पहली बार मिनीगोल्फकी राष्ट्रीय प्रतियोगिता का आयोजन प्रदेश के लिए गौरव का विषय है और इससे राज्य में इस खेल को नई पहचान मिलेगी।

कार्यक्रम की अध्यक्षता दावड़ा यूनिवर्सिटी के सीईओ चिन्मय दावड़ा ने की। उन्होंने कहा कि इस तरह के राष्ट्रीय आयोजन खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का उत्कृष्ट अवसर प्रदान करते हैं तथा खेल संस्कृति को मजबूत बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। मिनीगोल्फफेडरेशन ऑफइंडिया के अध्यक्ष सुधाकर कोहले ने सभी खिलाड़ियों का स्वागत करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की और आयोजन समिति को सफल आयोजन के लिए शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर प्रवीण मानवटकर, सूरज योतिकर, राजेश सेन्डेकर, सुरेंद्र चौहान एवं श्रीराम धर्माधिकारी भी विशेष रूप से उपस्थित रहे।

आयोजन महासचिव सीमा यादव एवं प्रदेश मीडिया प्रभारी तथा आयोजन समिति के वरिष्ठ उपाध्यक्ष हेमंत खुटे ने बताया कि प्रतियोगिता में उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश, केरल, दिल्ली, पांडिचेरी, पश्चिम बंगाल, असम, महाराष्ट्र, तमिलनाडु, हिमाचल प्रदेश, ओडिशा, राजस्थान तथा मेजबान छत्तीसगढ़ सहित कुल 14 राज्यों के लगभग 300 खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। प्रतियोगिता के चयनित खिलाड़ियों को मेघालय में आयोजित होने वाले नेशनल गेम्स एवं अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में भारत का प्रतिनिधित्व करने का अवसर मिलेगा। प्रतियोगिता में महिला एवं पुरुष वर्ग की टीम स्पर्धा के साथ-साथ सिंगल, डबल और मिक्स डबल स्पर्धाएं आयोजित की जा रही हैं।

**राज्य के खेल इतिहास में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि : जयेश तिवारी**

मिनीगोल्फएसोसिएशन ऑफछत्तीसगढ़ के वरिष्ठ उपाध्यक्ष जयेश तिवारी ने कहा कि छत्तीसगढ़ में पहली बार राष्ट्रीय स्तर की मिनी गोल्फ प्रतियोगिता का आयोजन होना राज्य के खेल इतिहास में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। उन्होंने कहा कि इस आयोजन से प्रदेश के खिलाड़ियों को राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलेगा तथा युवाओं में मिनीगोल्फके प्रति रुचि बढ़ेगी। उन्होंने विश्वास जताया कि आने वाले समय में छत्तीसगढ़ मिनीगोल्फके क्षेत्र में देश के अग्रणी राज्यों में अपनी पहचान बनाएगा।

# सरकारी संपत्तियों को बिना ई-टेंडर के नहीं बेच सकेंगे

**रायपुर, 28 जून।** नगरीय शासन एवं विकास विभाग ने पारदर्शिता लाने के लिए एक बड़ा कदम उठाया है। सरकार ने 'छत्तीसगढ़ नगर पालिका (अचल संपत्ति व्ययन) नियम, 2026' को पूरे प्रदेश में लागू कर दिया है। विभाग के उप सचिव द्वारा राज्य के सभी नगर पालिक निगम के कमिश्नर्स और मुख्य नगरपालिका के सीएमओ को नए प्रावधान का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित करने के निर्देश जारी किए गए हैं। नए नियमों के आने से अब नगरीय निकायों (नगर निगम, नगरपालिका और नगर पंचायत) की कीमती जमीनें, दुकान और भवनों को मनमाने ढंग से या किसी चहेते को बैकडोर से आवंटित नहीं किया जा सकेगा।

**अब ई-निविदा अनिवार्य :** नए प्रावधानों के तहत अब कोई भी स्थानीय नगरीय निकाय अपनी किसी भी अचल संपत्ति को बिना ई-टेंडर प्रक्रिया के ना तो पट्टे (लीज) पर दे सकेगा और न ही उसका भू-स्वामी अधिकार बेच सकेगा। ई-निविदा आमंत्रित करने की सूचना को कम से कम 15 दिन पहले दो प्रमुख समाचार पत्रों में प्रकाशित करना अनिवार्य होगा, जिसमें से एक स्थानीय हिंदी समाचार पत्र होना जरूरी है। निविदा में उच्चतम बोली लगाने वाले को ही संपत्ति का आवंटन किया जाएगा।

**संपत्तियों के आवंटन में मिलेगा सामाजिक आरक्षण:** निकायों की संपत्तियों और दुकानों के व्ययन में सामाजिक न्याय और समानता का विशेष ध्यान रखा गया है। नए नियम के अनुसार आवंटन में नवीनतम जनगणना और पिछड़ा वर्ग कल्याण आयोग की सर्वे रिपोर्ट के आधार पर स्थानीय जनसंख्या के अनुपात में आरक्षण दिया जाएगा, जिसके तहत कुल सम्मिलित आरक्षण अधिकतम 50% से अधिक नहीं होगा। प्रत्येक आरक्षित और अनारक्षित वर्ग में एक-तिहाई (33%) दुकानें, भवन महिलाओं के लिए आरक्षित होंगे। कुल आवंटित होने वाली संपत्तियों में 2 प्रतिशत का आरक्षण दिव्यांगों को मिलेगा।

**छोटे और विस्थापित दुकानदारों का होगा पुनर्वास**

सड़क चौड़ीकरण या अन्य विकास कार्यों के कारण हटाए जाने वाले छोटे दुकानदारों के लिए नियम में राहत दी गई है। जो अस्थायी या दैनिक शुल्क वाले दुकानदार कम से कम 3 वर्षों से उस स्थान पर व्यवसाय कर रहे थे, उन्हें बिना टेंडर प्रक्रिया के सीधे नई दुकानों का आवंटन किया जा सकेगा। इसके लिए जिला कलेक्टर की अध्यक्षता में एक उच्च स्तरीय 'प्राधिकार समिति' का गठन किया जाएगा, जिसमें स्थानीय महापौर या निकाय अध्यक्ष विशेष आमंत्रित सदस्य होंगे।

## कांग्रेस प्रशिक्षण शिविर पर बीजेपी का तंज

**रायपुर, 28 जून।** भारतीय जनता पार्टी कांग्रेस के प्रशिक्षण शिविर को लेकर अपना पोस्टर वार जारी रखे हुए है. ताजा पोस्टर नौवें दिन के प्रशिक्षण को लेकर है, जिसमें विधायक देवेंद्र यादव पार्टी पदाधिकारियों को प्रदर्शन के दौरान खुद का कपड़ा फाड़ने और सरकारी संपत्ति में आग लगाने की ट्रेनिंग देते नजर आ रहे हैं. दरअसल, भाजपा ने कांग्रेस के 10 दिवसीय प्रशिक्षण शिविर पर पहले दिन से ही पोस्टर के जरिए हमला करना शुरू कर दिया था. इस कड़ी में नौवें दिन कांग्रेस विधायक देवेंद्र यादव द्वारा दिए गए प्रशिक्षण पर निशाना साधते हुए तंज कसा है कि वे पदाधिकारियों को कपड़ा फाड़ने और सरकारी संपत्ति में आग लगाने की सीख दे रहे हैं. जानकारी के लिए बता दें कि देवेंद्र यादव का हाल ही में प्रदर्शन के दौरान खुद का कपड़ा फाड़ते हुए वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था. इसके पहले कलेक्टोरेट में आगजनी के मामले में पुलिस ने उन्हें मुख्य आरोपी बनाया था. भाजपा ने पोस्टर में दोनों ही घटनाओं को देवेंद्र यादव के प्रशिक्षण कार्यक्रम के तौर पर शामिल करते हुए कांग्रेस पर हमला किया है.

## जैन दादाबाड़ी में दादागुरुदेव की बड़ी पूजा 29 को



**रायपुर, 28 जून।** प्रतिष्ठित चमत्कारी जिनकुशल सूरि जैन दादाबाड़ी, भैरव सोसायटी में दादागुरुदेव की बड़ी पूजा बड़े उल्लासपूर्ण भावों से होगी। जैन धर्म मे चारों दादागुरुदेव कि असीम कृपा रही है विशेषकर तृतीय दादा जिनकुशल सूरी तो प्रगट प्रभावी दादा है जो भी इनको मन से भक्ति भाव से पुजा अर्चना करता है उसे मनवांछित फल निश्चित ही प्राप्त होता है, सोमवती पूनम के दिन दादागुरुदेव की भक्ति विशेष फलदायक मानी गई है उपरोक्त जानकारी अध्यक्ष संतोष बैद ने देते हुए दादागुरुदेव को नमन किया। सीमंधर स्वामी जैन मंदिर व दादाबाड़ी ट्रस्ट के महासचिव महेन्द्र कोचर ने आगे बताया कि 29 जून को 9.30 बजे पूजा का आगाज मंत्र नवकार हमें है प्राणों से प्यारा के भजन से करते हुए सर्वप्रथम स्थापना का विधान नारियल अक्षत के साथ मंत्रोच्चार से होगा फिर प्रथम नवहन जल अभिषेक का विधान गुरु प्रतिख सुरतरु रूप सुगुरु सैम दूजो तो नही के बोलो के साथ संगमरमर की कलात्मक छतरी में विराजित मूर्तियो को पवित्र जल से अभिषेक कर जल पूजा सम्पन्न किया जाएगा।

# स्कूटी से विकास कार्यों का जायजा लेने निकले डिप्टी सीएम अरुण साव

**बरसात से पहले बिलासपुर की तैयारियों का किया निरीक्षण**



**बिलासपुर, 28 जून।** प्रदेश के उप मुख्यमंत्री एवं नगरीय प्रशासन मंत्री अरुण साव रविवार को अनोखे अंदाज में स्कूटी से बिलासपुर शहर के विभिन्न विकास कार्यों का निरीक्षण करने निकले। बरसात के मौसम से पहले शहर की अधोसंरचना और निर्माण कार्यों की वास्तविक स्थिति जानने के लिए उन्होंने कई प्रमुख परियोजनाओं का स्थल निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों से कार्यों की प्रगति की विस्तृत जानकारी लेते हुए निर्माण कार्यों में गुणवत्ता, पारदर्शिता और समय-सीमा का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए।

उप मुख्यमंत्री ने मंगल स्थित सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी), बिलासपुर कन्वेंशन सेंटर, राम सेतु, अशोक नगर सहित विभिन्न सड़क निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया। उन्होंने मौके पर मौजूद अधिकारियों से प्रत्येक परियोजना की वर्तमान स्थिति, निर्माण की गुणवत्ता, लागत और तय समय-सीमा के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने कहा कि जनता की सुविधा से जुड़े सभी कार्यों को तय समय पर पूरा करना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है और इसमें किसी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी।

निरीक्षण के दौरान अरुण साव ने स्पष्ट कहा कि जिन परियोजनाओं में अनावश्यक विलंब हो रहा है, उन्हें प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र पूरा किया जाए। उन्होंने अधिकारियों को चेतावनी देते हुए कहा कि कार्यों में लापरवाही या गुणवत्ता से समझौता करने वाले अधिकारियों एवं संबंधित एजेंसियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि विकास कार्य केवल समय पर पूरे होना ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि उनकी गुणवत्ता भी ऐसी होनी चाहिए कि आम जनता को लंबे समय तक उसका लाभ मिल सके।

उप मुख्यमंत्री ने अरपा नदी के बढ़ते प्रदूषण पर भी गंभीर चिंता व्यक्त की। उन्होंने बताया कि वर्तमान में शहर के लगभग 70 नालों का गंदा पानी सीधे अरपा नदी में गिर रहा है, जिससे नदी का जल लगातार प्रदूषित हो रहा है। इस समस्या के स्थायी समाधान के लिए लगभग 250 करोड़ रुपये की लागत से दो आधुनिक सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) स्थापित करने की योजना तैयार की गई है। उन्होंने नगर निगम आयुक्त को निर्देश दिए कि योजना का विस्तृत प्रस्ताव शीघ्र तैयार कर शासन को भेजा जाए, ताकि जल्द स्वीकृति मिलने के बाद निर्माण कार्य प्रारंभ किया जा सके और अरपा नदी को प्रदूषण मुक्त बनाने की दिशा में तेजी से काम हो।

कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरुण छत्तीसगढ़, तरुण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26